लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 68, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

मुरादाबाद, रविवार, 2 जून 2024

www.amritvichar.com



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हमारा पर्यावरण हमारा भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



बिग बॉस ओटीटी- 3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर...16

**आज का मौसम** 42.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 18 : 58

## गजब! सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लगा दी 5 लेखपालों की ड्यूटी

- गोरखपुर का मामला, विरोध जताने के बाद विवादित आदेश निरस्त

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : सातवें चरण के मतदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में निर्वाचन अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल खड़े हो गए। यहां सेक्टर मजिस्ट्रेट को सुबह चार बजे जगाने के लिए पांच लेखपालों की ड्यूटी लगा दी गई। लेखपालों के विरोध के बाद विवादित आदेश निरस्त किया गया। इस प्रकरण में जिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी की क्लास लगाई।

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में गोरखपुर समेत उप्र में 13 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। गोरखपुर सीट के गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी ने पांच लेखपालों की ड्यूटी सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने में लगा दी। सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी आदेश में लेखपाल विकास गुप्ता, रजत वर्मा, विकास मद्धेशिया, विकास पाल व राजीव बघेल को सुबह 4 बजे सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने शिकायत जिलाधिकारी से की। इस पर उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी की क्लास लगाई और आदेश निरस्त करने का निर्देश दिया। आदेश के निरस्त होने के बाद लेखपाल शांत हुए।

### आदेश लेखपालों की गरिमा के खिलाफ

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष राम मूरत यादव ने कहा कि सुबह सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लेखपालों की ड्यूटी लगाया जाना उनकी गरिमा के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि लेखपाल काम में सहयोग के लिए होते हैं, सुबह जगाने के लिए नहीं होते। उन्होंने बताया कि सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी विवादित आदेश का कड़ा विरोध किया गया। इसके बाद आदेश निरस्त हुआ।

## अंतिम चरण : उप्र की 13 लोकसभा सीटों पर 55 .60% मतदान

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक 55.60 प्रतिशत मतदान हुआ। चंदौली में सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत व सलेमपुर में सबसे कम 51.25 प्रतिशत मतदान रहा। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर 54.48 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी सीटों पर छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि महाराजगंज में 60.08 प्रतिशत, गोरखपुर में 54.69 प्रतिशत, कुशीनगर में 57.29, देवरिया में 55.30, बांसगांव में 51.59, घोसी में 54.87 प्रतिशत, सलेमपुर में 51.25, बलिया में 52.84 प्रतिशत, गाजीपुर में 55.21, वाराणसी में 56.35 प्रतिशत, मिर्जापुर में 57.72 व राबर्ट्सगंज (अजा) में 55.92 प्रतिशत मतदान हुआ।



- चंदौली सीट पर सबसे ज्यादा 60.34% और सलेमपुर में सबसे कम 51.25% वोटिंग
- मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें ईवीएम खराब होने व फर्जी मतदान होने समेत विभिन्न शिकायतें रहीं।

### प्रचंड गर्मी और लू के बीच आठ राज्यों की 57 सीटों पर 59 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग से शाम साढ़े सात बजे उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान में 69 .89 प्रतिशत वोट डाले गए। बिहार में मत प्रतिशत 49 .35 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62 .76 प्रतिशत वोट डाले गए। लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे। सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

### मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद

सातवें चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। मोदी वाराणसी सीट से तीसरी बार प्रत्याशी रहे। उनके मुकाबले में इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रहे। गोरखपुर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद रवि किशन प्रत्याशी थे। इनका मुक़ाबला सपा नेता काजल निषाद से रहा। चंदौली सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा से रिंकी कोल, घोसी सीट पर राजग से ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर, कुशीनगर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद विजय दुबे, मिर्जापुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में रहीं।

### एक नजर

#### भवानी रेवन्ना से पूछताछ नहीं कर सकी एसआईटी

**हासन।** कर्नाटक पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को कहा कि वह प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी से महिला के अपहरण मामले में पूछताछ नहीं कर सका क्योंकि वह जिले के होलेनरसीपुरा स्थित आवास पर नहीं थीं। एसआईटी ने गुरुवार को भवानी को नोटिस जारी कर उन्हें 1 जून को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक अपने घर पर मौजूद रहने को कहा था क्योंकि प्रज्वल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों से जुड़े मामले में उनसे पूछताछ की जानी है। आज जब एसआईटी भवानी के आवास चेन्नम्बिका निलय पहुंची तो वह वहां नहीं थीं। एसआईटी अब उनकी तलाश के लिए टीम गठित करने पर विचार कर रही है।

#### विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां पूर्ण आपात स्थिति में उतारा गया। इस उड़ान में 172 यात्री थे। विमान सुबह करीब 8 .45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया। इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिलने की पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी। चेन्नई से मुंबई आ रही उड़ान संख्या 6ई5314 में कथित रूप से बम की धमकी की पुष्टि करते हुए इंडिगो ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है।




#### छत्तीसगढ़ में हार्डकोर समेत तीन नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की पुलिस ने शनिवार को केरलापाल थाना क्षेत्र में हार्डकोर सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार नक्सली सुकमा चिंतलनार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमेल के निवासी है। गिरफ्तारी में जिला बल, डीआरजी सुकमा एवं 206 कोबरा वाहिनी सूचना शाखा की विशेष भूमिका रही। माडवी जोगा (22), मुचाकी नंदा (20) तथा माड़वी हिड़मा (32) गिरफ्तार किए गए हैं। नक्सलियों के कब्जे से एक टिफिन बम . चार डेटोनेटर, एक बैटरी, 10 मीटर इलेक्ट्रिक वायर व एक कोर्डेक्स वायर मिला है।

# भाजपा-राजग को प्रचंड बहुमत इंडिया गठबंधन टक्कर में नहीं

### एग्जिट पोल : अधिकांश सर्वे में राजग के बहुमत से तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- अकेले भाजपा को 305 सीटें और राजग को 400 के पार सीटें मिलने का जताया गया अनुमान
- इंडी गठबंधन को 139 से 161 सीटें मिलना संभव कांग्रेस को अकेले मिल सकती हैं 64 सीटें

अठाहरवीं लोकसभा के लिए हुए चुनावों में ज्यादातर एग्जिट पोल यानी मतदान पश्चात सर्वेक्षण में भाजपा तथा उसके नेतृत्व वाले राजग के भारी बहुमत से तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान व्यक्त किया गया है और कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों का इंडिया समूह कहीं भी टक्कर में दिखाई नहीं दे रहा है। शनिवार को सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद टुडेज चाणक्य और इंडिया टीवी इन दोनों के एग्जिट पोल में राजग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुमान के अनुसार 400 के पार सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। टुडेज चाणक्य ने राजग को 400 सीटें मिलने तथा इंडिया टीवी ने राजग को 371 से 401 सीटें देने की बात कही है।

इन दोनों ने इंडिया समूह को क्रमश 107 और 109 से 139 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है। अन्य को क्रमश 36 और 28 से 38 सीटें मिलने की बात कही गई है। एनडीटीवी के पोल ऑफ पोल्स में राजग को 366 , इंडिया समूह को 144 तथा अन्य को 33 सीटें मिलने की बात कही गई है। इसमें भाजपा को अकेले 305 सीटें मिलने की बात कही गई है। वहीं कांग्रेस को अकेले 64 सीटें मिलने का अनुमान है। इंडिया न्यूज-डी डायनमिक्स ने राजग को 371, इंडी गठबंधन को 125 तथा अन्य को 47 सीटें दी हैं जबकि जन की बात के सर्वेक्षण में राजग को 362 से 392, इंडी गठबंधन को 141 से 161 तथा अन्य को 10 से 20 सीटें दी हैं। रिपब्लिक भारत मैट्रिज़ ने राजग को 353 से 368, इंडी गठबंधन को 118 से 133, अन्य को 43 से 48 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है।

#### अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्वास जताया कि लोगों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा है। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान समाप्त होने के बाद मोदी ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार का 'ट्रैक रिकॉर्ड' देखा है। कहा कि उनकी सरकार के कामकाज से गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव आया है।

#### इंडिया गठबंधन का लोकसभा चुनावों में 295 से ज्यादा सीट जीतने का दावा



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने शनिवार को यहां अनौपचारिक बैठक कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति पर चर्चा की तथा दावा किया कि इस चुनाव में गठबंधन को 295 से अधिक सीट मिलेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में यह फैसला भी किया गया कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से जुड़ी टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग लेंगे।

## मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा जीएसटी संग्रह

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष के दूसरे महीने मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 157090 करोड़ रुपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने अप्रैल-मई में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित राजस्व की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2024 में पहली बार जीएसटी संग्रह रिकार्ड दो लाख करोड़ को पार करते हुए 210267 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल 2023 के 187035 करोड़ रुपये की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक था। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को मासिक जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार रिफंड के बाद अप्रैल 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा है जो मई 2023 के शुद्ध संग्रह से 6.9 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार मई 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 172739 करोड़ रुपये रहा है।

## अफसर के खाने में हड्डी निकली, होटल सील

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

**अमृत विचार** : गजरौला में हाईवे पर हवेली होटल में खाना खा रहे ओडिशा में मतगणना ऑब्जर्वर उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी के खाने में मुर्गे की हड्डी निकल आई। इस पर उन्होंने कॉल करके स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी। इस पर खाद्य विभाग की टीम पहुंची। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम ने होटल को सील करा दिया है।

पूर्व सांसद हरीश नागपाल का गजरौला में नेशनल हाईवे पर हवेली होटल है। पंकज भारद्वाज समेत तीन लोग होटल का संचालन करते हैं। शनिवार दोपहर राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर सीनियर पीसीएस अफसर श्रीश कुमार अल्मोड़ा से दिल्ली जाते समय होटल में खाना खाने के लिए रुके। उनके साथ बेटा भी था। उन्होंने कढ़ाई पनीर का आर्डर दिया। खाना सर्व होने के बाद दोनों ने खाना शुरू किया। तभी पनीर में मुर्गे की हड्डी निकल आई। उनकी सूचना के बाद अमरोहा से खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम चंद्रकांता व प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन भी पहुंचे। खाद्य विभाग की टीम ने हड्डी समेत खाने के नमूने लिए। इसके बाद एसडीएम ने होटल को सील करा दिया। होटल के प्रबंधक पंकज भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार रात होटल के कर्मचारियों ने पार्टी करने के लिए चिकन बनाया था। गलती से हड्डी खाने में आ गई।



हवेली होटल में मौजूद उत्तराखंड के सीनियर पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार।

- दिल्ली जा रहे थे ओडिशा के कांउटिंग आर्बजवर श्रीश कुमार

> राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर श्रीश कुमार बेटे के साथ अल्मोड़ा से दिल्ली जा रहे थे। इस बीच वह गजरौला में हवेली होटल में खाना खाने के लिए रुके थे। वहीं उनके खाने में हड्डी निकल आई । होटल को सील कर दिया गया है।
> – **चंद्रकांता**, एसडीएम, मंडी धनौरा

## सलमान खान को मारने की साजिश में 4 शूटर गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी



- अभिनेता पर एके-47 राइफलों से हमला करने की थी योजना
- गिरफ्तार किए गए सभी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य

नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने महाराष्ट्र के पनवेल में इस साल की शुरुआत में सलमान के फार्महाउस के समीप उनकी कार रोककर उन पर एके-47 राइफलों से गोलीबारी कर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों की पहचान धनंजय तपसिंह उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नाहवी, वस्पी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के रूप में की गई है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस उपायुक्त विवेक पनसारे ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों को एके-47 राइफलों व अन्य हथियारों से हमला करने के निर्देश दिए गए थे।

## केजरी को आज जाना होगा जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शनिवार को आदेश पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि यह आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत के लिए था न कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि के विस्तार के लिए। मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी । उन्हें रविवार 2 जून को आत्मसमर्पण करना है।

## भाजयुमो नेता ने पिता को चाकू से गोदा

संवाददाता, रुद्रपुर

- भाजयुमो उत्तरी मंडल उपाध्यक्ष है हत्यारोपी दीपक राठौर
- हत्या के बाद थाना ट्रांजिट कैंप में हत्यारोपी ने किया आत्मसमर्पण

**अमृत विचार** : थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में भाजयुमो नेता ने चाकू से गोदकर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पुत्र ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर, मृतक के भांजे ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में तोताराम राठौर (50) अपने बड़े बेटे दीपक राठौर और सुमित राठौर के साथ रहते थे। बड़ा बेटा दीपक भाजयुमो उत्तरी मंडल का उपाध्यक्ष है। बताया जा रहा है कि तोताराम का बड़े बेटे दीपक के साथ कुछ समय से मकान बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। पिता को डर था कि दीपक मकान बेचकर रकम को खुर्दबुर्द कर देगा। इसलिए तोताराम पैसे छोटे बेटे को देना चाहता था।



शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे इसी बात को लेकर तोताराम व दीपक में झगड़ा हुआ। उस समय तो परिजनों ने दोनों में बीच-बचाव करा दिया। लेकिन, सुबह चार बजे दीपक ने सो रहे पिता पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात के बाद हत्यारोपी खुद ही थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में बताया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर निहारिका तोमर, थानाध्यक्ष भारत सिंह घटनास्थल पहुंचे। वहां तोताराम का शव जमीन पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के बाद फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक के भांजे जेपीनगर, जनपथ फुलसुंगा निवासी गौरी शंकर राठौर ने दीपक राठौर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 69 रुपये घटे

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में शनिवार को 6.5 प्रतिशत की कटौती की गई, वहीं 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अनुसार 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 69 रुपये घटाकर 1,676 रुपये कर दी गई है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक मई को 19 रुपये तथा एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती की गई थी।

### अपमान का बदला लेने को प्रेमी ने दो दोस्तों के साथ दिया घटना को अंजाम

## कार में युवती से सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, संत कबीरनगर

**तीनों आरोपी गिरफ्तार**

- पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार भी आरोपियों से किया बरामद

**अमृत विचार** : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में एक युवती के साथ चलती गाड़ी में तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। युवकों के चंगुल से जैसे-तैसे आजाद होने के बाद रोते बिलखते युवती कोतवाली पहुंची और तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अर्टिगा गाड़ी भी बरामद कर ली है।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम बलुअरा जंगल ऊन निवासी शिवकुमार मौर्य उर्फ शिवा पुत्र दयाराम का इसी क्षेत्र के एक गांव की युवती से प्रेम प्रसंग था। शिवकुमार की किसी बात से नाराज युवती ने उसे भला-बुरा कहते हुए उससे सारे संबंध तोड़ लिए थे। शिवकुमार ने युवती से सुलह समझौते करने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हुआ। इससे आहत शिवकुमार ने एक बेहद घिनौनी साजिश रची और उसमें अपने दोस्तों गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम भीटी रावत निवासी राहुल मौर्य पुत्र मुनीब मौर्य और कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम खटौली निवासी प्रशांत गुप्ता पुत्र राम आशीष को भी शामिल कर लिया। शिवकुमार ने बहाने से अपनी प्रेमिका को खलीलाबाद बुलाया और अर्टिगा गाड़ी पर बैठाकर गोरखपुर ले गया। गाड़ी में उसके दोनों दोस्त भी मौजूद थे। तीनों ने चलती गाड़ी में बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में सभी युवती को खलीलाबाद स्थित मेंहदावल बाईपास पर छोड़कर फरार हो गए।

## गर्मी से राहत की उम्मीद, 15–22 जून के बीच बारिश संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मानसून जल्द देगा दस्तक फसलों को भी होगा फायदा

**अमृत विचार** : जानलेवा गर्मी व हीट वेव से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है। आगामी 24 घंटे में प्रदेश में मौसम परिवर्तन की संभावना है। राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून के इसी माह के तीसरे सप्ताह में दस्तक देने की संभावना है।

मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 15 से 22 जून के बीच मानसून की बारिश शुरु हो सकती है जो सितंबर माह तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई है। अच्छी बारिश से गर्मी से राहत मिलने के साथ फसलों को भी काफी फायदा मिलेगा और किसानों की चिंता कम होगी।

लखनऊ मौसम विभाग के अनुसार मानसून आने से पहले फिलहाल अगले तीन दिनों में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उप्र. में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजीपुर, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराइच, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, इटावा, एटा, महामायानगर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 2 से लेकर 4 जून तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### मानसून से पहले कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

#### टूटा रिकॉर्ड, उप्र में 29,727 मेगावाट बिजली की मांग

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई। बिजली अभियंताओं के मुताबिक बिजली मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले साल प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंची थी। इस बार 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंच गई। 24 मई को अधिकतम मांग 29,197 मेगावाट थी। 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट व इसके बाद 29,129 मेगावाट दर्ज हुई थी। जल्द ही 30 हजार मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग पहुंचने की संभावना है।

#### अब ओबरा की एक उत्पादन इकाई ठप

एनटीपीसी की ऊंचाहार स्थित 500 मेगावाट क्षमता की इकाई व सिंगरौली की 500 मेगावाट इकाई के बंद होने के बाद शनिवार को ओबरा की 200 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हो गई। इसे प्रदेश में बिजली उत्पादन घट गया। पावर कारपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि बंद हुई इकाइयों को शीघ्र चालू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**'अमृत विचार' आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

**शहर में आज**

☞ रोडवेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

# बिगड़ी दिनचर्या के लिए योग बेहद जरूरी

## महात्मा गांधी स्टेडियम में क्रीड़ा भारती और जिला योगासन खेल संघ के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में एक जून से 21 दिवसीय योग शिविर का आयोजन प्रातः 5:30 से 6:30 बजे शुरू हुआ। योग प्रशिक्षण शिविर राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय रामपुर और अंतर योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया गया। शुभारंभ राजकीय खुर्शीद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव शंकर और राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य जमील अहमद ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारियों के मद्देनजर खेल संघ की सचिव और प्रशिक्षक अंतरा यादव ने लोगों को योग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि योग से कई बीमारियों को लाभ मिलेगा। भागदौड़ भरी जिंदगी में योग बहुत जरूरी हो गया है। फिजिकल कालेज और जिला योगासन खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में योग प्रशिक्षिक एवं जिला योगासन खेल संघ की सचिव मीनाक्षी रानी और प्रशिक्षिक अंतरा यादव ने सभी को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इसमें सूक्ष्म व्यायाम और खड़े होकर किए जाने वाले आसन, बैठ कर किए जाने वाले आसन, पेट के बल लेट कर तथा कमर के बल लेट कर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया।

इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षक ने कहा कि योग आज की बिगड़ी हुई दिनचर्या के लिए बहुत जरूरी हो गया है। योग के माध्मय से मधुमेह, हृदयाघात व तनाव जैसी बीमारियों को साधा जा सकता है। प्रणायाम व शांति पाठ के साथ योग का समापन हुआ। आयोजक सचिव डा. अनूप कुमार सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण 21 जून तक राजकीय फिजिकल कालेज स्टेडियम (महात्मा गांधी स्टेडियम) में प्रातः 5:30 से 6:30 बजे तक होगा। प्रतिदिन सुबह योग क्रियाएं और आसन सिखाए जायेंगे।



राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्टेडियम में योगाभ्यास कराते प्रशिक्षक।


स्टेडियम में योग का अभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

**योग प्रशिक्षण में यह रहे मौजूद**

राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के जिलेश कुमार आयोजन सचिव डॉ. अनूप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष जिला योग खेल संघ डा. रामकृष्ण सहसंयोजक, क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, जुगल किशोर, जावेद खां, मोनिका खन्ना, राजेश कुमार, तुषार शर्मा, क्रीड़ा भारती राजीव, राकेश, अनीश, मनीष, योगेश, जीशान।

**शिविर में यह कराए गए आसन**

भुजंगासन, भ्रामरी आसन, ताड़ासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया।

# अब उपभोक्ताओं को नहीं लगानी पड़ेगी नवाबगेट डिवीजन की दौड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शाहबाद गेट व पहाड़ी गेट के उपभोक्ताओं को अब नवाबगेट डिवीजन की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। डिवीजन से उपखंड अधिकारी का कार्यालय शाहबाद गेट स्थित बिजलीघर में शिफ्ट हो गया है। सोमवार को यहां निगम से संबंधित कार्य शुरू हो जाएंगे।

शहर में तीन एसडीओ है। एसडीओ प्रथम का कार्यालय मालगोदाम, द्वितीय का किला पश्चिमी गेट के सामने है। लेकिन तृतीय का कार्यालय लंबे समय से नवाबगेट डिवीजन के कमरा नंबर छह में है। बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों की सहमति पर शाहबाद गेट स्थित बिजलीघर की कॉलोनी में एसडीओ कार्यालय शिफ्ट करा दिया गया है। नवाबगेट बिजलीघर के उपभोक्ताओं को जुर्माना, बिल और मीटर चेक कराने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सही जानकारी नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं को इधर-उधर भटकना पड़ता था। एसडीओ तृतीय संजीव कुमार रवि ने बताया कि शाहबाद गेट बिजलीघर में कार्यालय शिफ्ट हो गया। यहां शिफ्टिंग का बोर्ड भी लगवा दिया गया है। कार्यालय के शिफ्ट होने से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।



शाहबाद गेट बिजलीघर में लगा कार्यालय शिफ्ट होने का बोर्ड। ● अमृत विचार

- शाहबाद गेट बिजली घर में एसडीओ कार्यालय हुआ शिफ्ट
- सोमवार से शुरू हो जाएगा नए कार्यालय में काम

**एक नजर**

## अभियान चलाकर हटाए जाएंगे होर्डिंग व बैनर

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका सहित अन्य निकायों में सफाई व्यवस्था को लेकर मिल रही शिकायतों पर प्रशासनिक अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। सफाई कर्मी, सफाई निरीक्षकों और नायकों द्वारा कार्य में ढिलाई बरती जा रही है। प्रमुख चौराहों, स्थलों पर सफाई नहीं की जा रही है। इस वजह से गंदगी की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर पालिका के अधिकारियों से कहा कि अवैध रूप से लगे होर्डिंग व बैनर आदि अभी तक नहीं हटाए गए हैं। इससे पालिका को आर्थिक क्षति हो रही है। शहर की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है। इसके लिए ईओ को निर्देशित किया है मतगणना सम्पन्न होने के बाद विशेष अभियान चलाकर अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखा जाए। अवैध होर्डिंग लगाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाए। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि मतगणना के बाद अभियान चलाया जाएगा। होर्डिंग उतारवाकर लगवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सर्राफ को बातों में उलझाकर ठग लिए सोने के आभूषण

संवाददाता, सैफनी

- करीब साढ़े तीन लाख रुपए कीमत के हैं ठगे गए आभूषण
- ग्राहक बनकर आए दो ठगों ने दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार :** सर्राफ की दुकान पर ग्राहक बनकर आए दो ठग दुकानदार को बातों में उलझाकर लाखों रुपये के सोने के आभूषण ठग कर ले गए। कुछ देर बाद जब सर्राफ का ध्यान आभूषणों पर गया तो होश उड़ गए। दुकानदार ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखीं, तब घटना की जानकारी हुई। शनिवार की शाम पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की सूचना दी।

थाना क्षेत्र के गांव दिव्यानगला निवासी सचिन की बड़ागांव चौराहे पर ज्वैलर्स की दुकान है। पीड़ित के अनुसार 27 मई की शाम उसकी दुकान पर दो युवक जेवर खरीदने आए। वह युवकों को आभूषण दिखाने लगे। इस दौरान उन्होंने दुकानदार को अपनी लच्छेदार बातों में उलझा लिया। इस बीच एक युवक ने कुछ आभूषण अपनी जेब मे रख लिए। कुछ देर बाद युवक जेवर पसंद न आने की बात कहकर दुकान से चले गए।

सर्राफ ने एक-दो दिन बाद आभूषण चेक किए तो उसमें कुछ आभूषण गायब थे। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक अपनी जेब में आभूषण रखता दिखाई दिया। शनिवार की शाम पीड़ित फुटेज निकालकर थाने पहुंचा और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के अनुसार ठगे गए आभूषणों की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए है।

# अस्पताल से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** अस्पताल में आए युवक की बाइक चोरी हो गई। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गंज थाना क्षेत्र गांव काशीपुर निवासी मोहम्मद समीउददीन का कहना है कि कुछ दिन पहले उसकी पत्नी की तबियत खराब हो गई थी। वह पत्नी को लेकर जिला अस्पताल लेकर गया था। उसने बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा कर दिया और पत्नी को डाक्टर को दिखाने चला गया। वहां से वापस आया तो बाइक गायब थी। यह देख उसके होश उड़ गए।

उसने थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिला अस्पताल में लोगों की काफी भीड़ रहती है। भीड़ का लाभ उठाकर ऑटो लिफ्टर बाइक लेकर भाग जाते हैं।

# छोटे दुकानदारों को दी जाएं बापू मॉल की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने जिलाधिकारी कार्यालय में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। मॉल की दुकानें छोटे व मझोले दुकानदारों को आवंटित कराने की मांग की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत तोपखाना रोड स्थित बापू मॉल की 400 दुकानें करीब 12 वर्ष से तैयार हैं। इनका विद्युतीकरण कराकर अति शीघ्र गरीबों व बेरोजगारों को विकास में प्रगति के लिए आवंटित कर दी जाएं। शाहबाद गेट स्थित कोठी सिकत्तर, भूत बंगला को भी मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स बनाकर दुकानदारों को आवंटित कर दिया जाए।

नेहरू पालिका इंटर कॉलेज नवाब गेट की खाली भूमि पर भी मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स बनाया जाए। लगभग एक वर्ष से व्यापार मंडल द्वारा प्रयास किया जा रहा है, लेकिन नगर पालिका के ईओ इस विषय को गंभीरता से न लेकर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। इस अवसर पर शाहिद अली, शकील, फहीम खान, हरिओम सैनी, अब्दुल वासिक खान, इमरान खान, बाबू भाई, सरदार मंजीत सिंह सिंपल, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

- सिटी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन

# टीम ने तीन घरों से पकड़ी बिजली चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली चोरी पर रोक लगाए जाने को किला बिजलीघर के जेई जयदीप मौर्य ने तीन घरों से चोरी पकड़ी है। सभी के खिलाफ बिजली चोरी की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

टीम ने किला बिजलीघर के मोहल्ला मछली बाजार में शनिवार को चेकिंग की। टीम की चेकिंग करने से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही। सुबह में चेकिंग होने से घरों में सो रहे लोग नींद से जाग गए। कई लोगों के घरों के बाहर केबल बॉक्स में पड़े अतिरिक्त तारों को खींचकर बाहर निकाल लिया। एसडीओ पीके सिंह ने बताया कि चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि चोरी न करें, बल्कि निगम को सहयोग दें। कहा कि ज्यादा बिजली का खर्च न करें। जरूरत के अनुसार ही बिजली का इस्तेमाल करें।



मुख्य एसोसिएट को विदाई देते एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# सेवाकाल पूर्ण होने पर मुख्य एसोसिएट को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा पर अरविंद कुमार अग्रवाल मुख्य एसोसिएट के पद पर तैनात थे। उनका 40 वर्ष तक बैंक सेवा काल पूर्ण होने पर विदाई दी गई।

इस मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक देवेश कुमार ने शॉल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। इसके बाद अरविंद कुमार अग्रवाल को स्टेट बैंक ऑफ स्टॉफ एसोसिएशन बरेली परिक्षेत्र के उपमहामंत्री अवधेश अग्रवाल, सहायक महामंत्री नवीन्द कुमार, पूर्व उप महामंत्री जगदीश सिंह, संजय रस्तोगी समेत सभी पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर हरिओम सक्सेना, जगदीप जौहरी, अजय सिंह, मोनिका, अपूर्व जैल, शिवानी, अनुराधा, धनराज और विमल कपूर आदि शामिल रहे।

# अस्पताल-स्कूलों में मची है लूट : हनीफ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि निजी अस्पतालों और निजी स्कूलों में लूट मची हुई है। निजी स्कूल संचालक मनमाने तरीके से फीस वसूल रहे हैं। किन्हीं कारणों से फीस समय से जमा नहीं होने पर बच्चों की क्लास रूम में बेइज्जती करते हैं। इसी प्रकार निजी अस्पतालों में बिना पूरा पैसा लिए शव को नहीं ले जाने देते हैं। कहा कि अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। कहा कि सभी स्कूलों में फीस समान कराई जाए अन्यथा किसान आंदोलन करेंगे।

शनिवार को सैयद वाले घेर में किसानों की पंचायत हुई। इसमें प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि किसानों का कर्ज माफ कराया जाए और बढ़ती महंगाई पर प्रशासन अंकुश लगाए। किसानों ने महंगाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शासन-प्रशासन को इसका जिम्मेदार ठहराया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने एकजुट होने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों और स्कूलों में लूट मची हुई है। अस्पताल संचालकों ने इलाज के नाम पर लूट मचा रखी है। अधिकारी आंख बंद कर बैठे हैं। आरोप लगाया कि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से ही सब काम हो रहे हैं। जल्द ही बड़ा आंदोलन जिले में चलाया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में मुराद खान, सैयद मुशीर मियां, गुड्डू खान, सैयद जेब मियां, नादिर मियां, समीर खान, नौशाद मियां, साकिब मियां, एहसान खान, अम्तुल खान, मोइन मियां, रामचंद्र, जमुना प्रसाद, होरीलाल, लोकेश पांडेय आदि शामिल रहे।


अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

# 350 उपभोक्ताओं को है मीटर का इंतजार

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के कई मोहल्लों में लगे मीटर काफी समय से खराब हैं। कुछ में रीडिंग ही नहीं आ रही है। ऐसे में 650 मीटर चिन्हित किए गए थे। जिनमें से 300 मीटर बदल दिए गए जबकि 350 उपभोक्ता मीटर बदलने का इंतजार कर रहे हैं। मीटर लगवाने के लिए उपभोक्ता वर्कशाप के चक्कर लगा रहे हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण मंडल में शनिवार को काफी लोग मीटर लगवाने के लिए शिकायत लेकर आए। इन्हें जल्द मीटर लगाने के लिए निगम के अधिकारियों ने आश्वासन दिया। बताया कि 650 लोगों को मीटर लगवाने के लिए चिन्हित किया था। मीटर लगवाने के लिए 350 उपभोक्ताओं ने वर्कशॉप और बिजलीघर के चक्कर लगाने शुरू कर दिए है। लोगों की भीड़ बढ़ती देख अधिकारियों ने कहा कि मीटर लगवाने के लिए निदेशालय में बातचीत की है।

# हीट वेव के कारण पांच जून से होने वाला समर कैंप स्थगित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कुछ दिन पहले ही शासन ने समर कैंप के लिए जारी किए थे आदेश

**अमृत विचार :** सरकारी स्कूलों में पांच से 12 जून की अवधि में होने वाले समर कैंप को हीटवेव के कारण स्कूल शिक्षा के महानिदेशक की ओर से रद कर दिया गया है। ताकि बच्चों को गर्मी में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बेसिक स्कूलों में भी पिछले काफी समय से अंग्रेजी माध्यम की तरह गतिविधियां कराई जा रही हैं। इसके अलावा बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए कमजोर बच्चों को अलग से पढ़ाया जाता है। हालांकि मौजूदा समय में 20 मई से सरकारी स्कूलों को 18 जून तक के लिए बंद कर दिया गया था। लेकिन कुछ दिन पहले ही शासन की ओर से आदेश जारी किया गया था कि पर्यावरण दिवस पांच को है। इसे देखते हुए शासन ने आदेश जारी किया था कि पांच से 12 जून तक सभी स्कूलों में समर कैंप लगाया जाएगा। इसमें पर्यावरण से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

आदेश मिलने के बाद विभाग ने तैयारियां करते हुए सभी बीईओ को इससे अवगत कराया था। लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने शनिवार दोपहर को इस आदेश को स्थगित कर दिया है। ताकि बच्चों को गर्मियों से बचाया जा सके। क्योंकि हीटवेव के कारण लोगों को घरों से निकलना दुश्वार हो गया है।

> पांच जून से शुरू होने वाले समर कैंप को अत्यधिक गर्मी के कारण अग्रिम आदेश तक स्थगित किया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर यह गतिविधियां होनी थी। –संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी

**आयोजन** चिकित्सकों, वार्ड ब्वॉय और स्टॉफ नर्स को दिलाई गई शपथ

# केक काटकर मनाया तंबाकू निषेध दिवस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय में केक काटकर तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस मौके पर सीएमओ डा. एसपी सिंह ने कहा कि जो लोग बीड़ी-सिगरेट और शराब का शौक रखते है, उन्हें चाहिए कि इस लत को जल्द ही छोड़ दें। धूम्रपान जल्द ही नहीं छोड़ा गया तो जान के लिए काफी घातक हो सकता है। तंबाकू जनित रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के इलाज की व्यवस्था पर चर्चा की गई।

शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के सभागार में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें सीएमएस ने चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, वार्ड ब्वॉय को शपथ दिलाई। इसके बाद सभागार में गोष्ठी हुई। इसमें सीएमएस ने कहा कि सरकार द्वारा कार्यक्रम को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा 2003 के तहत दंड व जुर्माना करने का अधिकार दिया है। कोटपा की धारा चार के तहत सार्वजनिक स्थानों होटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। इसके बाद जिला चिकित्सालय को तंबाकू मुक्त बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई।

इस अवसर डॉ. दशरथ सिंह, डॉ. डीके वर्मा, डॉ. शशांक झा, डॉ. शहजाद हसन खां समेत चिकित्सालय का समस्त स्टॉफ शामिल रहा।


केक काटते सीएमओ, नोडल और एसीएमओ। ● अमृत विचार

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर में किया गर्भवती महिलाओं का परीक्षण

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** शनिवार को सीएचसी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। दो महिला चिकित्सकों के अवकाश पर होने के कारण अकेले डॉक्टर रिफ्फत परवीन ने ही शिविर में आईं महिला रोगियों का परीक्षण कर दवाई के साथ उचित सलाह भी दी।

शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सीएचसी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रिफ्फत परवीन ने गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की। साथ ही उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का प्रयास किया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को फल व पौष्टिक आहार का सेवन करने की सलाह भी दी। इसके अलावा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान, प्रबंधन एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित भी किया गया।


शिविर में मौजूद महिलाएं।

- रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाई के साथ सलाह भी दी

# नाले की सफाई के लिए रोका रास्ता, दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नाले की सफाई से राहगीरों को आवागमन में पूरे दिन काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। रास्ता बंद होने पर राहगीर कई गलियों से गुजरकर निकले। सड़क पर कीचड़ फैली रही।

बरसात आने से पहले ही नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। बारिश होने से शहर के अधिकतर नालों में पानी भरने व सड़कों पर जलभराव की स्थिति हो जाती है। इसके कारण लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। 2023 में हुई वर्षा ने पालिका के सारे दावों की पोल खोल दी थी। अधिकांश मोहल्ले, चौराहे और गलियों में चारों तरफ जलभराव हो गया था। मोहल्ला घेर मियां खां, हाथीखाना, जेल रोड, डिग्री कॉलेज, पक्का बाग, पुराना गंज, रजा टैक्सटाइल्स, राजद्वारा, गांधी समाधि की स्थिति यह गई थी कि घरों का सारा सामान व कपड़े भी खराब हो गए थे।

शनिवार को मोहल्ला कैथ का पेड़ के नाले की सफाई पालिका कर्मचारियों द्वारा की गई। इससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सफाई से पहले प्रमुख चौराहे को बंद कर दिया। रास्ता बंद होने पर राहगीर गली-मोहल्लों से होकर गुजरे। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवेंद्र गौतम ने बताया कि वार्ड नंबर 14 का क्षेत्र कैथ का पेड़ पर नाले की सफाई कराई गई है। इससे पहले रास्ते को इसलिए बंद किया गया कि सफाईकर्मियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बाला जी मंदिर, हम्माम वाली गली, चाह खजान खां तक नाले की सफाई कराई जाएगी।



सफाई कराने के लिए बंद किया कैथ का पेड़ चौराहा मार्ग। ● अमृत विचार




## एक नजर

### प्रधान की जेब से उचक्के ने मोबाइल उड़ाया

**सैफनी, अमृत विचार :** साप्ताहिक बाजार से सामान खरीदने आए प्रधान की जेब से उचक्के ने मोबाइल उड़ा दिया। प्रधान ने पुलिस को पुलिस को तहरीर दे दी है। क्षेत्र के सराय इमाम गांव निवासी राजपाल सिंह ग्राम प्रधान है। शुक्रवार को वह खरसौल गांव में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से सामान खरीदने आए थे। इस दौरान उचक्के ने उनकी जेब से मोबाइल चुरा लिया।

### बहू से मारपीट में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**भोट, अमृत विचार :** महिला से गाली-गलौज व मारपीट कर घायल करने में पति समेत पांच परिजन फंस गए हैं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह फोन पर अपनी मां से बात कर रही थी। तभी उसका पति उवैश, देवर जुनैद, सास अनीस, ननद रुखसार व ससुर फारूख ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। ससुर ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मसवासी के व्यापारी की रानीखेत में पेड़ गिरने से मौत

## घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मचा कोहराम, पत्नी व बच्चों का हाल-बेहाल

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** मसवासी के व्यापारी की रानीखेत में पेड़ गिरने से मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रोते-रोते बुरा हाल है। परिजन रानीखेत के लिए रवाना हो गए हैं।

नगर के मुख्य बाजार निवासी संजू देवल दो दिन पहले रानीखेत के एक उर्स में कॉस्मेटिक की दुकान लगाने गए थे। शनिवार दोपहर उर्स के दूसरे दिन वह अपनी दुकान पर बैठे सामान की बिक्री कर रहे थे। तभी अचानक चीड़ का पेड़ भर-भराकर गिर गया। इसमें कई लोग दबकर बुरी तरह जख्मी हो गए। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान 45 वर्षीय संजू देवल ने शनिवार की शाम दम तोड़ दिया।

इस हादसे में रानीखेत के निवासी तीन युवकों के अलावा केलाखेड़ा निवासी कमरु, बाजपुर का राजपाल सिंह और रामपुर का राहुल कुमार भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। संजू देवल की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। संजू की मौत की सूचना से लोग हैरान हैं। उनका कहना है कि दो दिन पहले संजू ठीक-ठाक थे। उन्होंने दोस्तों से कहा था कि रानीखेत में सालाना उर्स में अपने साथियों के साथ कॉस्मेटिक की दुकान लगाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि इस समय पर्यटक भी पहाड़ों पर होंगे और अच्छा कारोबार होगा।

- रानीखेत में लगने वाले उर्स में कॉस्मेटिक की दुकान लगाने गया था संजू
- शनिवार की दोपहर हुआ हादसा, तीन लोग घायल

### संजू देवल की मौत के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल



संजू देवल की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि संजू व्यवहार कुशल थे। इसके चलते संजू के काफी लोगों से संबंध थे। उसकी मौत के बाद हर कोई गम में डूबा है। संजू के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी और एक बेटा है। बच्चे भी पिता की मौत की जानकारी मिलने के बाद रानीखेत के लिए रवाना हो गए हैं।

### संजू के घर महिलाएं सुना रहीं पूरी कहानी

कॉस्मेटिक कारोबारी संजू की मौत की खबर सुनकर पूरा परिवार रानीखेत चला गया है। उसके घर में मौजूद परिवार की महिलाओं ने बताया कि बचपन में संजू काफी शरारती था। अपने से व्यवहार से वह गैर को भी अपना बना लेता था। उसने रानीखेत में उर्स में कास्मेटिक की दुकान लगाई थी। मसवासी में सभी मित्रों से कहकर गया था कि गर्मी का मौसम है। रानीखेत में पर्यटक भी पहुंचे हुए हैं ऐसे में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। वह रानीखेत से लौटकर आएगा तो उनके लिए उपहार लेकर आएगा।



हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीर व ग्रामीण। ● अमृत विचार

### तेज रफ्तार डंपर ने कार को मारी टक्कर

**भोट, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार मिट्टी से लदे डंपर ने आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन लोग चोटिल हो गए। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ एकत्र रही। शनिवार को रुद्रपुर निवासी फौजी योगेश कुमार अपने दो साथियों के साथ अपनी कार से दिल्ली जा रहे थे। शाम करीब सात बजे भोट कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने पीछे से आ रहे मिट्टी से भरे तेज रफ्तार डंपर ने हाईवे पार कर रहे एक व्यक्ति को बचाने का प्रयास किया। इस दौरान डंपर बेकाबू हो गया और आगे चल रही उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार योगेश कुमार व उनके साथी मामूली रूप से चोटिल हो गए। सड़क हादसे के गाद मौके पर राहगीरों और ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। इस पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। इसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

# उच्चाधिकारियों को जल्द सौंपी जाएगी आरजू की जांच रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- एसओ खजुरिया को लाठी से पीटने और आंखों में मिर्च झोंकने का मामला
- क्षेत्राधिकारी स्वार संगम कुमार कर रहे हैं इस मामले की जांच

**अमृत विचार :** खजुरिया थाने में तैनात रही महिला सिपाही आरजू द्वारा थानाध्यक्ष राजीव कुमार को लाठी से पीटने के मामले में जल्द ही सीओ स्वार जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौपेंगे। हालांकि इस मामले में अभी जांच चल रही है।

कुछ दिन पहले खजुरिया थाने में तैनात महिला कांस्टेबल आरजू की स्कूटी साथी महिला सिपाही अमृता भूषण मांगकर ले गई थी। स्कूटी की किसी वाहन से टक्कर हो गई थी। इसमें आरजू की स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके लेकर दोनों महिला सिपाहियों में विवाद हो गया था। आरजू ने साथी सिपाही के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी थी। लेकिन एसओ राजीव कुमार ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। इससे खफा आरजू ने मंगलवार को थाने में आकर एसओ राजीव कुमार की आंखों में मिर्चें झोंक दीं थी। फिर पुलिस की लाठी के ताबड़तोड़ वार से उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने आरजू को निलंबित करते हुए पुलिस लाइन से अटैच कर दिया था। इस मामले की जांच सीओ स्वार संगम कुमार को सौंप दी थी। सीओ संगम कुमार ने जांच के दौरान सबसे पहले खजुरिया थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार और आरोपी महिला सिपाही समेत नौ पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए थे। शुक्रवार को वह संभल गए थे। वहां आरजू की तैनाती के दौरान उसके साथ रहे कर्मचारियों से पूछताछ की थी। इस दौरान पीआरडी महिला जवान से मारपीट करने की बात सामने आई थी। सीओ ने वहां से भी साक्ष्य एकत्र किए थे।

सीओ संगम कुमार का कहना है कि विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

# पुलिस ने 27 दिन बाद दर्ज की मारपीट की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- खजुरिया थाना क्षेत्र में चार मई को दंपती के साथ हुई थी मारपीट
- एसपी के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते चार लोगों ने दंपती को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में एसपी के आदेश पर 27 दिन बाद चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव ऊधमपुर निवासी ममता का कहना है कि चार मई को वह अपने बेटे के साथ दवा लेने के लिए गई थी। जबकि उसके पति सुरेश घर पर अकेले थे। इस दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें पीटकर घायल कर दिया था। जानकारी मिलने पर महिला के होश उड़ गए। वह घटना के बारे में पूछताछ करने आरोपियों के घर चली गई। आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसे भी लाठी-डंडो से पीटकर घायल कर दिया था। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गए।

पीड़िता ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने दंपती का मेडिकल तो करा लिया मगर रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई।

एसपी के आदेश पर सक्रिय हुई खजुरिया पुलिस ने 27 दिन बाद श्यामलाल, भूपराम, पुरुषोतम, ललित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अधिवक्ता पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** दंपती ने अधिवक्ता पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में तहरीर देकर अधिवक्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के प्रेम पटवारी गली निवासी रीना का कहना है कि उनके मकान का निर्माण चल रहा है। पास में ही अधिवक्ता का मकान है। रीना के मकान की दो गली हैं। अधिवक्ता अपने घर की गंदगी व नाली की कीचड़ उनके दरवाजे के सामने निकलवा देते हैं। रीना और उनके पति ने कई बार इसका विरोध किया लेकिन अधिवक्ता ऐसा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। 29 मई को भी उन्होंने रीना के दरवाजे के पास कीचड़ निकलवाकर रख दी थी। विरोध करने पर दंपती को मारने के लिए ईंट उठा ली थी। पति को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने सिविल लाइन इंस्पेक्टर को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पांच लाख के लिए ससुरालियों ने शिक्षक की बेटी को निकाला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**उत्पीड़न**

- पति सहित 11 लोगों के खिलाफ महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज
- पीड़ित युवती की 26 जनवरी 2023 को हुई थी शादी

**अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर ससुरालियों ने शिक्षक की बेटी को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने महिला थाने में पति सहित 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का कहना है कि उसकी शादी 26 जनवरी 2023 को सिविल लाइन के रायपुर निवासी राहुल से हुई थी। शादी में मायके वालों ने काफी रुपया खर्च किया था। इसके बाद भी ससुराल वाले खुश नहीं थे। आए दिन कम दहेज लाने के लिए परेशान करते थे। कहते थे कि तुम्हारे पिता शिक्षक हैं। उन्हें काफी सैलरी मिलती है। अपने पति के लिए पांच लाख रुपये कारोबार के लिए लाकर दो। युवती के अनुसार देवर उस पर बुरी नजर रखता था। अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी करता था। मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। मायके आकर उसने सारा मामला बताया। इसके बाद बाद में थाने में तहरीर दी।

इसके आधार पर पुलिस ने पति राहुल, जसराम, सोनदई, राजीव, राकेश, मनोज, अशोक, आरती, पूजा और विपिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शादीशुदा ने बनवाया विधवा का आय प्रमाण पत्र

संवाददाता, शाहबाद

- तहसीलदार शिव कुमार शर्मा के पास पहुंचा मामला
- महिला के पति ने प्रमाण पत्र निरस्त करने की लगाई गुहार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र की एक महिला ने शादीशुदा होते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने पति को मृत दर्शाकर आय प्रमाण पत्र बनवा लिया। वहीं, मामला अधिकारियों के पास पहुंचा तो हड़कंप मच गया। महिला के पति हरकिशोर ने तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर प्रमाण पत्र निरस्त कराने और षड्यंत्र में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

मामला तहसील क्षेत्र के बड़ा गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले हरकिशोर के मुताबिक उसकी पत्नी करीब दो वर्ष से उसके साथ नहीं रहती है। आरोप है कि एक जनवरी 2022 को उसकी पत्नी ने अपने नाम आय प्रमाण पत्र जारी कराया है। इसमें उसने हरकिशोर को मृत दर्शा दिया। फर्जी आय प्रमाण पात्र बनवाने में तत्कालीन हलका लेखपाल भी शामिल है। उसकी जांच पर ही तत्कालीन तहसीलदार ने उसे मृत दर्शाने वाली रिपोर्ट पर उसकी पत्नी को आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया। तहसीलदार शिव कुमार शर्मा के पास मामला पहुंचा तो उन्होंने नायब तहसीलदार को जांच करने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया कि आख्या मांगी गई है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक और डंपर की टक्कर में दो लोग घायल, रेफर

**शाहबाद, अमृत विचार :** आंवला रोड पर ट्रक और डंपर की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक देकर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना अजीम नगर निवासी शानू और बरेली गेट निवासी फईम शुक्रवार की रात करीब ढाई बजे शाहबाद से डंपर लेकर जा रहे थे। आंवला की ओर से खाद से लदे ट्रक से उनके डंपर की भिड़ंत हो गई। हादसे में डंपर में सवार दोनों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक देकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

**उपलब्धि** प्रदेश में जनपद को मिला 16वां स्थान, पीएचसी चमरौआ का है सबसे बेहतर प्रदर्शन

# यूपी हेल्थ डैश बोर्ड में मंडल में जिला दूसरे पायदान पर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यूपी हेल्थ डैश बोर्ड द्वारा अप्रैल में दी गई स्वास्थ्य सेवाओं में मंडल में जनपद रामपुर दूसरे पायदान पर रहा है। जबकि प्रदेश स्तर पर जनपद को 16 वी रैंक मिली है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं को जिले की प्रगति के आधार पर जनपद को यूपी हेल्थ डैश बोर्ड की रैंक जारी होती है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक अंकित शर्मा बताते हैं कि 14 बिदुओं में गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग, माह में प्रसूता की जांच, नवजात बालक-बालिकाओं को जन्म के बाद नौ माह के भीतर रिपोर्ट में एचआईवी, होमोग्लोबिन, बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए हेपेटाइटिस, पेंटा इंजेक्शन की रिपोर्टिंग आशाओं द्वारा घर-घर जाकर की जाती है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल की रिपोर्ट में प्रगति है। इस बार की रैंकिंग में सुधार हुआ है। 31 मई को विकास भवन में हुई बैठक में सीडीओ डा. नंद किशोर कलाल ने एचआईवी टेस्टिंग लक्ष्य के सापेक्ष बिलासपुर, स्वार-टांडा की स्थिति कम होने पर संबंधित चिकित्साधिकारियों को सुधार लाने के निर्देश दिए हैं।




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमरौआ।

### प्रदेश के पांच जिलों को मिली रैंक

| जनपद | रैंक |
|---|---|
| अमरोहा | 9 |
| रामपुर | 16 |
| मुरादाबाद | 29 |
| बिजनौर | 48 |
| संभल | 57 |

### इस तरह होता है रैंक का निर्धारण

जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में रोगियों को दी जाने वाली सुविधाओं की रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है। इसके आधार पर जनपद को रैंक हासिल होती है। इसमें गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं पर ज्यादा फोकस रहता है। इसमें 14 बिदुंओं पर स्वास्थ्य सेवाओं की पड़ताल की जाती है।

### संबंधित स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति

| केंद्र | नंबर | रैंक |
|---|---|---|
| चमरौआ | 1 | 0.78 |
| मिलक | 2 | 0.77 |
| शाहबाद | 3 | 0.77 |
| सैदनगर | 4 | 0.75 |
| स्वार | 5 | 0.75 |
| बिलासपुर | 6 | 0.72 |
| अर्बन | 7 | 0.66 |

"यूपी हेल्थ डैश बोर्ड से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जनपद को मंडल में दूसरा और प्रदेश में 16वां स्थान मिला है। यह काफी अच्छी बात है। मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। -डा.एसपी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी

## किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया प्रेमी

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में घर में मौजूद अकेली किशोरी को उसका प्रेमी बहला-फुसलाकर कर अपने साथ ले गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कुछ दिन पहले गांव निवासी एक किशोरी घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता खेत पर काम करने गए थे। शाम को परिजन खेत से घर आए तो किशोरी को गायब देख घबरा गए। आस पड़ोस में तलाश करने के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा। पूछताछ करने पर मालूम हुआ किशोरी को दो युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। दोनों युवकों की शिनाख्त कराने के बाद परिजन अजीमनगर थाने पहुंचे। आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। इस पर पुलिस ने मिलकखानम थाना क्षेत्र के मूसेपुर निवासी पंकज और अजीमनगर थाना क्षेत्र के दौकपुरी टांडा गांव निवासी संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते लोग। ● अमृत विचार

# फिल्म पर रोक लगाने की मांग राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हम दो, हमारे बारह फिल्म पर रोक लगाने के लिए मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। आरोप है कि इस फिल्म में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। इसे ध्यान में रखते इस पर रोक लगाए लगाई जाए।

शनिवार को मोहम्मद रेहान खां एडवोकेट के नेतृत्व में लोग एकत्र होकर कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने फिल्म पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इसमें कहा गया है कि यह फिल्म मुस्लिमों के प्रति नफरत फैलाने के उद्देश्य से बनाई गई है। फिल्म सात जून को भारत में रिलीज हो रही है। धार्मिक भावनाओं को देखते हुए फिल्म की रिलीज पर रोक लगाई जाए।

ज्ञापन देने वालों में सुभान उल्लाह, शमी अख्तर, फौजिया खां, मोहम्मद नवेद, फरहत अली, फईम खां, सऊद खां, उमैर अली, आकाश रस्तोगी आदि शामिल रहे।

## झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचे दो लोग घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी मार्ग पर दो पक्षों में हो रही मारपीट में बीच-बचाव कराने पहुंचे दो व्यक्तियों को धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

नगर के मोहल्ला भट्टी टोला निवासी मुशर्रफ खां अपने दोस्त अरमान खां के साथ केमरी जा रहा था। गांव नगरिया कलां के पास दो पक्षों में मारपीट हो रही थी। वह दोनों बीच-बचाव करने लगे। इसी बीच मारपीट कर रहे लोगों ने उन्हें धारदार हथियार से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरापी भाग गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायल मुशर्रफ ने पांच नामजद समेत 15 लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### मारपीट के अलग-अलग मामलों में पांच गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शनिवार को पुलिस ने मारपीट के अलग-अलग मामलों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि गांव चौकोनी निवासी चंद्रपाल, गांव सिकरौरा निवासी जसपाल सिंह, गांव अंडखेड़ा निवासी दर्शन सिंह भोला, मोहल्ला साहूकारा निवासी यासीन तथा मोहल्ला कायस्थान निवासी ब्रह्मस्वरूप को मारपीट के तीन अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया है।

### किशोरी के अपहरण में युवक के खिलाफ रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार निवासी युवक मौका पाकर 15 वर्षीया की किशोरी का अपहरण करके ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। स्वार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि उसके गांव का बाबू 29 मई को मौका पाकर उनकी 15 साल की बेटी का अपहरण करके दिल्ली ले गया। जानकारी होने पर ग्रामीण के होश उड़ गए। उसने आरोपी के परिजनों से इस बात कि तब पता लगा कि युवक सुबह को उनकी बेटी को वापस कर देगा। लेकिन आरोपी ने अभी तक किशोरी को वापस नहीं किया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# दूसरे दिन भी सीएचसी पर किसानों ने किया हंगामा

## भारतीय किसान यूनियन ने सरकारी अस्पताल की अव्यवस्थाओं के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने सरकारी अस्पताल की ओपीडी में देर से आने वाले चिकित्सकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दूसरे दिन भी भाकियू कार्यकर्ताओं ने चिकित्सकों के देर से आने पर हंगामा किया। इसकी सूचना पर पहुंचे उप जिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम ने किसानों को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया।

गौरतलब है कि शासन के आदेश के बावजूद सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ रही हैं। ओपीडी में समय से चिकित्सकों के न बैठने से मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। इसे लेकर शुक्रवार को सीएचसी में हंगामा हुआ था। शनिवार को भी यही आलम रहा। भाकियू टिकैत के नेता प्रमोद यादव व वीर भगत सिंह युवा मोर्चा के सचिव सतेंद्र यादव सीएचसी पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि सुबह आठ बजे का बैठने का आदेश है, लेकिन दस बजे तक भी चिकित्सक सीएचसी नहीं आ हैं। वहीं, अपनी आदत के मुताबिक एक चिकित्सक को छोड़कर बाकी चिकित्सक ओपीडी समय के एक-दो घंटे के अंतराल से पहुंचे। सुबह 9:12 मिनट पर चिकित्साधीक्षक की कुर्सी खाली थी। वहीं, दन्त चिकित्सक भी 10 बजे ओपीडी में पहुंचे। यही हाल सीएचसी के टीबी विभाग का भी रहा। साढ़े नौ बजे तक केवल टेक्निशियन ही लैब में पहुंचे थे। उनसे प्रभारी के बारे में पूछा गया तो बोले वह अभी आए नहीं हैं। शनिवार को भी मरीज सुबह आठ बजे ओपीडी में पहुंचकर चिकित्सक का इंतजार करते रहे। यही हाल सीएचसी में टीबी विभाग का है। यहां मरीज को हर दो दिन में दवाई लेने आना पड़ता है। ओसी गांव निवासी बिलाल ने बताया कि उनकी दो महीने से टीबी की दवाई चल रही है। डॉक्टर हर दो दिन में दवाई के लिए बुलाते हैं। जिससे वह बाहर काम करने भी नहीं जा पा रहे हैं।


सीएचसी में उपस्थिति रजिस्टर चेक करते एसडीएम सुनील कुमार। ● अमृत विचार


सुबह 9 :12 पर खाली पड़ी चिकित्सा अधीक्षक की कुर्सी। ● अमृत विचार


9 :18 पर टीबी विभाग में खाली पड़ी प्रभारी की कुर्सी। ● अमृत विचार

### सोमवार से एसडीएम करेंगे मॉनीटरिंग

हंगामे की सूचना पर पहुंचे एसडीएम सुनील कुमार ने उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। दस बजे तक भी डॉ. हयात जेहरा, क्लर्क दीपक कुमार, स्टॉफ नर्स शोभा सीएचसी नहीं पहुंचे थे। इस दौरान देर से आने वाले स्टॉफ की एसडीएम ने क्लास ली। उन्हें हिदायत देते हुए कहा कि सीएचसी में तैनात सभी चिकित्सक व कर्मचारी अपना रवैया सुधार लें। सोमवार से वह खुद ओपीडी की मॉनीटरिंग करेंगे। यदि कोई भी स्टॉफ देरी से आते हैं तो वह कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### एक्स-रे शीट खत्म, मोबाइल में दे रहे रिपोर्ट

सीएचसी में आने वाले मरीज चिकित्सकों के देरी से आने के रवैये से ही परेशान नहीं हैं। आए दिन उन्हें नई मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। शनिवार को एक्स-रे शीट खत्म हो गई। गद्दारपट्टी मोती सिंह गांव से आई त्रिवेणी ने बताया कि उनके हाथ में चोट लग गई थी। चिकित्सक ने उन्हें एक्स-रे लिखकर दिया। एक्स-रे मशीन पर पहुंची तो पता चला कि शीट खत्म हो गई हैं। चार दिन बाद आना अगर आज ही कराना है तो एंड्राइड मोबाइल लेकर आइए। मोबाइल में रिपोर्ट मिलेगी।


त्रिवेणी, मरीज। ● अमृत विचार


रामबहादुर, तीमारदार। ● अमृत विचार


बिलाल, मरीज। ● अमृत विचार


प्रमोद यादव, किसान नेता।

### चिकित्सकों ने रवैया नहीं सुधारा तो होगा आंदोलन

भाकियू नेता प्रमोद यादव ने कहा कि उनके संगठन ने जनहित में लापरवाह चिकित्सकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उपजिलाधिकारी ने सोमवार से खुद सीएचसी की मॉनीटरिंग करने का आश्वासन दिया है। अगर इसके बाद भी चिकित्सकों का रवैया नहीं सुधरता है तो वह आंदोलन करेंगे।

### बाहर से दवाई ले लो जल्दी ठीक हो जाओगे

शाहपुर देव गांव निवासी रामबहादुर की बेटी शीतल को दौरे पड़ते हैं। वह उसे दवाई दिलाने सीएचसी पहुंचे, लेकिन जिस चिकित्सक ने उन्हें दवाई लिखी थी। वह उन्हें दो दिन से नहीं मिल रहा था। रामबहादुर ने बताया कि चिकित्सक ने कहा था कि बाहर की दवाई लिख रहा हूं, ले लेना। आपकी बेटी भी जल्दी ठीक हो जाएगी। बताया कि गरीब आदमी हूं इसलिए अस्पताल आया, लेकिन यहां भी बाहर से दवाई खरीदनी पड़ रही है।

# ओवरलोडिंग की वजह से धू-धूकर जला ट्रांसफार्मर

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** ओवरलोडिंग के चलते ट्रांसफार्मर धू-धूकर जल उठा। आग ने पास में खड़े पेड़ को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर बामुश्किल काबू पाया।

भीषण गर्मी में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति न मिलने के कारण लोगों का बुरा हाल है। ओवरलोडिंग व ट्रिपिंग के चलते बिजली आने-जाने का समय निर्धारित नहीं है। विद्युत उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर बदलने के चलते शुक्रवार की रात बिजली की आंख-मिचौनी होती रही। लोगों ने रात जागकर काटी। शनिवार की सुबह घरों में रखे इनवर्टर भी जबाब दे गए। शनिवार की सुबह लगभग चार बजे बिलासपुर तिराहे पर रखा ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग के चलते जल उठा। सूचना पर बिजली कर्मचारियों ने आपूर्ति बंद कर अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर व पेड़ में लगी पर आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया। लेकिन तब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल चुका था। बिजली विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर बदलने की तैयारी में जुटे थे।


बिलासपुर तिराहे पर जलता ट्रांसफार्मर।

## छेड़छाड़ के आरोपी को नहीं पकड़ सकी पुलिस

**टांडा, अमृत विचार :** अकेला पाकर युवती से छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। हालांकि पुलिस का दावा है कि आरोपी की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसकी 13 वर्षीया पुत्री अपने पिता को ईंट भट्ठे पर खाना देने गयी थी। वापसी में गांव के ही कलुआ ने उसे रास्ते में अपने खेत के पास रोक लिया था। ट्यूबवेल के पास बने कमरे में ले जाकर छेड़छाड़ की। जब किशोरी ने घर जाकर घटना के सम्बन्ध में बताया तो उसके माता-पिता शिकायत करने आरोपी के घर गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कर ली थी। मगर आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

# इमाम की नियुक्ति प्रकरण में 41 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, शाहबाद

- चकरपुर कदीम गांव में इमाम की नियुक्ति को लेकर भिड़े दो पक्ष

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के चकरपुर कदीम गांव में इमाम की नियुक्ति को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मामले में दोनों ओर के 21 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हालांकि इन 21 लोगों को शुक्रवार को शांतिभंग की धारा में जेल भेजा जा चुका है। बीस अज्ञात लोग भी अभियोग में शामिल किए गए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव चकरपुर कदीम में नूरी मस्जिद के इमाम के चले जाने का बाद नए इमाम की नियुक्ति की प्रक्रिया हुई। इसे लेकर गांव के दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें तीन लोग जख्मी हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के 21 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया था।

शुक्रवार देर रात पुलिस ने उप निरीक्षक अनुज कुमार की ओर से बीस अज्ञात लोगों के साथ इन सभी को मुकदमे में नामजद कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने बलवा किया। एक-दूसरे को जान से मारने की धमकियां दी। पुलिस ने एक पक्ष के दिलशाद, सलीम, अबरार, शराफत, लियाकत, अकबर अली, रुकसत अली, नियामत रसूल, गुलाम रसूल, असगर अली, इमरान और दूसरे पक्ष के हाजी अली, इल्यास, अकील, मोहम्मद आसिफ, मल्लन हुसैन, फरजन अली, मोहम्मद समीर, इरफान, वसीम, नसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नो एंट्री में घुसे आठ वाहनों का किया चालान

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** नो एंट्री के बावजूद भारी वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। एसडीएम ने अभियान चलाकर नो एंट्री का पालन नहीं करने वाले आठ वाहनों का चालान कर 16 हजार रुपये जुर्माना वसूला।

जिलाधिकारी की सख्ती के बावजूद स्थानीय प्रशासन नो एंट्री का पालन कराने में असमर्थ है। जिलाधिकारी ने स्वार-रामपुर मार्ग पर जाम और हादसों से निजात दिलाने के लिए सुबह सात से रात आठ बजे तक ओवरलोड एवं भारी वाहनों के लिए नो एंट्री घोषित की थी। मगर वाहन स्वामी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। शनिवार को नो एंट्री का सख्ती से पालन कराने के लिए एसडीएम अवनीश कुमार ने भारी वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। एसडीएम ने सरपट दौड़ रहे आठ भारी वाहनों का चालान कर जुर्माना वसूल किया।


नो एंट्री में घुसे भारी वाहन का चालान करते उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार।

- अभियान चलाकर 16 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला
- डीएम की सख्ती के बावजूद नो एंट्री में दौड़ रहे भारी वाहन

प्रशासन की इस कार्रवाई से वाहन स्वामियों में खलबली मच गई। एसडीएम ने बताया कि नो एंट्री का पालन सख्ती से कराया जाएगा। अगर कोई उल्लघंन करता है तो सख्त कार्रवाई करने के साथ ही जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

# नगर के ट्रांसफार्मर से देहात को न जोड़ें

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने देहात क्षेत्र को बिजली घर के ट्रांसफार्मर से जोड़ने का विरोध कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने यथा स्थिति बनाए रखने की मांग की। देहात को बिजली देने पर पर आंदोलन कर बाजार बंद कराने की चेतावनी भी दी।

शनिवार को उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में एकत्र होकर तहसील पहुंचे। उन्होंने उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की कि बिजली विभाग ने कस्बे की बिजली आपूर्ति सुचारु रखने के लिए 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखकर क्षमता वृद्धि की है। बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी स्वार बिजली घर से देहात को जोड़ा रहे हैं। इससे नगर की बिजली व्यवस्था फिर से चरमरा जाएगी। नगर की जनता व व्यापारियों को आए दिन बिजली के संकट से जूझना पड़ेगा। लघु उद्योग चौपट हो जाएंगे।

उन्होंने मांग की कि नगर के बिजली घर से देहात क्षेत्र को न जोड़ा जाए। अगर बिजली विभाग ने देहात की बिजली नगर के बिजली घर के ट्रांसफार्मर से जोड़ी तो उद्योग व्यापार मंडल चक्का जाम करने के साथ ही बाजार बंद कराएगा। उन्होंने एसडीएम से बिजली घर के ट्रांसफार्मर से देहात को न जोड़ने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष अनवर अली, प्रदेश संगठन मंत्री शिव औतार सक्सेना मन्नू, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, मुशर्रफ अली, विवेक गुप्ता, आसिफ मियां, वीरेंद्र राठौर, अली रेहान अली, मुर्शद अली, मोहम्मद आसिफ, शाहजमान खान, भूरा, हामिद, फुरकान अली आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## किशोरी का अपहरणकर्ता तीन दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करने वाले को तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस नहीं पकड़ सकी है। हालांकि लगातार आसपास क्षेत्र में दबिश देने का दावा किया जा रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना था कि उसकी 17 वर्षीया बेटी को 24 मई को पास के ही मोहल्ले का रहने वाला अमन अपहरण करके ले गया था। जानकारी मिलने के बाद किशोरी की मां के होश उड़ गए थे। उसने काफी जगह तलाश किया, लेकिन बेटी का कहीं पता नहीं चल सका था। बाद में आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। इसके आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। तीन दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने तो किशोरी को बरामद कर सकी है और न ही आरोपी का पता लगा सकी है।

# किसानों से की राष्ट्रीय चिंतन शिविर में पहुंचने की अपील

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- किसानों की समस्याओं से सबंधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा
- लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में हुई किसानों की बैठक

**अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह के नेतृत्व में किसान मुरादाबाद के लोनिवि गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां बैठक के बाद उन्होंने मंडलायुक्त को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। इसमें समस्याओं का जल्द निस्तारण कराने की मांग की।

शनिवार को मुरादाबाद के लोनिवि निरीक्षण भवन में भाकियू अराजनैतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह के नेतृत्व में मंडल के पांचों जिलों के जिलाध्यक्ष पहुंचे। मंडल की कार्यकारिणी के साथ नौ से 11 जून तक हरिद्वार में लाल कोठी और वीआईपी घाट पर लगने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। पांचों जिलाध्यक्षों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ने निर्देशित करते हुए कहा कि हरिद्वार में अधिक से अधिक संख्या में किसानों के साथ पंचायत में पहुंचें। पंचायत के बाद मंडल के किसानों की समस्याओं को लेकर उन्होंने मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह से मुलाकात की और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने रामपुर की समस्याओं को रखते हुए कहा कि बिलाल राइस मिल केमरी पर 92 दिन आंदोलन चला था। तत्कालीन जिलाधिकारी के आश्वासन पर इसे स्थगित कर दिया था। अब जल्द से जल्द मिल से संबंधित किसानों का बकाया पीड़ितों को मिलना चाहिए। उन्होंने छुट्आ पशुओं द्वारा की जा रही फसलों की बर्बादी का मुद्दा भी उठाया। ज्यादा से ज्यादा गोशाला खोलने के लिए कहा। कस्बा मिलक में स्कूल और बस्ती के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन हटाने, शाहबाद में कोसी नदी के कटान को रोकने के लिए तरीके अपनाने, प्राइवेट स्कूलों द्वारा किताबों और यूनिफार्म में ली जा रही कमीशन बंद करने की मांग की।

कहा कि जिन लोगों के घर गांव से बाहर है, उनके घर तक बिजली पहुंचाई जाए। मंडलायुक्त से जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान कराने का अनुरोध किया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा, रिटायर्ड डीएसपी उमेद सिंह, सुरेंद्र खन्ना, प्रेमपाल सिंह, अजीत सिंह, वीरेंद्र गंगवार, लक्ष्मी चौहान, नासिर घोसी, भरत सिंह, समीर, सोनू, महेश बाबू गंगवार, ओमकार पांडेय, सुरेश चंद्र पांडेय आदि किसान मौजूद रहे।


मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

**ज्ञापन** — शिक्षकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन

# शिक्षकों ने समस्याओं के जल्द निस्तारण की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पांच जून से शुरू हो रहे समर कैंप सहित कई समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री चरन सिंह के नेतृव में शिक्षक एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। शिक्षक नेता चरन सिंह ने बताया कि शासन द्वारा पांच से 11 जून तक ग्रीष्म अवकाश की अवधि में समर कैंप आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। भीषण गर्मी, लू तथा लगभग 45 डिग्री सेल्सियस तापमान में समर कैंप आयोजित कराने का आदेश अव्यवहारिक हैं। मौसम विभाग ने भी बढ़ते तापमान को देखते हुए सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में स्कूल में पढ़ने वाले छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए समर कैंप का आयोजन स्थगित किया जाना आवश्यक है।

परिषदीय शिक्षकों के बकाए का भुगतान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त एवं लेखाधिकारी के स्तर पर गणना प्रपत्र को लेकर आपसी खींचतान के कारण लंबे समय से लंबित है। इसके कारण शिक्षकों में आक्रोश है। शिक्षकों के बकाए का भुगतान शीघ्र कराया जाए। ग्रेच्युटी, पेंशन की फाइलें अनावश्यक रूप से पेंडिंग की जा रही हैं। परिषदीय विद्यालयों में उच्च स्तर पर एवं विभागीय स्तर पर लगातार निरीक्षण किये जा रहे हैं। जो शिक्षक वैधानिक रूप से अवकाश पर होते हैं उन्हें भी अनुपस्थित दर्शाकर दुष्प्रचारित किया जा रहा है। इससे विभाग एवं शिक्षकों की छवि धूमिल हो रही है। शिक्षक हतोत्साहित हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव में ड्यूटी में लगे अनेकों शिक्षकों को पारिश्रमिक का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। प्राथमिकता के आधार पर भुगतान कराया जाए। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए मान्यता प्राप्त संगठनों के साथ माह में किसी भी दिन को निर्धारित करते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ शिक्षक समाधान दिवस आहूत किया जाए।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते शिक्षक नेता ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

शिक्षक डॉ. सरफराज अहमद, अशोक मेहरा, नरेंद्र सैनी, रहमत अली, तरुण पांडे, राजीव पांडेय, प्रसन्न प्रकाश, गौरव, दीप गुप्ता, अमितेश झा, मुनेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, रामप्रसाद, शबनम आरा, जकिया, इरफाना, फराह नाजी, अभिषेक शर्मा, बुशरा फिरदोस, नाजमा खातून, रानी, अमर पाल यादव आदि उपस्थित रहे।

## औषधि निरीक्षक की छापेमारी से मचा हड़कंप

**मसवासी, अमृत विचार :** नशीले इंजेक्शन और नकली दवा बेचने की शिकायत पर औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने नगर व क्षेत्र के गांव बिजारखाता में छापेमारी की। इसकी सूचना मिलने पर कार्रवाई के डर से मेडिकल स्टोर संचालक दुकानें बंद कर फरार हो गए।

नगर सहित क्षेत्र के गांव बिजारखाता और मानपुर-उत्तरी में कई मेडिकल स्टोर संचालक चोरी-छिपे नशीले इंजेक्शन और नकली दवाओं की जमकर बिक्री कर रहे हैं। इसकी शिकायत जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह समेत विभागीय अधिकारियों से भी की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने शनिवार की दोपहर टीम के साथ नगर में एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। बताया कि जांच में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। क्रय-विक्रय के अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किए गए।

# मरम्मत के चलते दूसरे दिन भी बाधित रही विद्युतापूर्ति

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** पुराने तहसील मार्ग पर मरम्मत के चलते दूसरे दिन भी विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते लोगों को भीषण गर्मी के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मरम्मत के बाद देर शाम आपूर्ति सुचारु की गई। बिजली नहीं होने के कारण मकान भट्टी की तरह तपने लगे। इसके कारण लोग घरों में भी नहीं बैठ पाए। इस दौरान सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को हुई। पुरुषों ने तो चौराहे पर बैठकर समय बिता लिया मगर महिलाओं ने घर में रहकर हाथ के पंखे से गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया।

विद्युत विभाग द्वारा जर्जर तारों की मरम्मत के दौरान आपूर्ति बंद कर दी गई। इस दौरान खंभा लगाने के दौरान अचानक पानी की पाइप लाइन फट गई। देर शाम तक इसका मरम्मत कार्य चलता रहा। इसके चलते आपूर्ति बंद रही। इससे लोग परेशान नजर आए।

> शुक्रवार को खंभा लगाने के दौरान पानी की पाइप लाइन अचानक फट गई थी। इसकी वजह से खंभे को दूसरे स्थान पर लगाया गया है। इस दौरान आपूर्ति को बंद किया गया था।
> –प्रदीप कुमार प्रसाद, उपखंड अधिकारी

गर्मी और लू के चलते लोग अपने घरों में भी नहीं बैठ सके। इनवर्टर व बैट्री भी डाउन हो गए। लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे। इस बीच कुछ लोग तो बिजलीघर भी पहुंच गए। अधिकारियों से आपूर्ति सुचारु करने को लेकर नोकझोक करने लगे। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारी सर्दियों में तारों की मरम्मत नहीं कराते हैं। भीषण गर्मी में मरम्मत के नाम पर घंटों आपूर्ति बंद रखते हैं। जर्जर तार सर्दियों के मौसम में भी बदले जा सकते हैं।

## शहर में आज निकाली मनुहार यात्रा

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर में रविवार को प्रातः छह बजे मनुहार यात्रा निकाली जाएगी। इसके लेकर भक्तों ने तैयारियां कर ली हैं। बता दें कि सात से नौ जुलाई तक स्वार रोड स्थित उत्सव पैलेस में जगन्नाथ रस कथा का आयोजन होगा। इसे लेकर काफी दिन से तैयारियां चल रही हैं।

सीए सजल अग्रवाल ने बताया कि गोवत्स श्री राधा कृष्ण महाराज जोधपुर से आ रहे हैं। उनके साथ ही कुछ और विशेष संतों का सानिध्य भी इस कथा में रहेगा। इसके लेकर काफी समय से तैयारी चल रही है। रविवार को प्रातः श्री जगन्नाथ रस कथा का निमंत्रण प्रभात फेरी के रूप में घर-घर जाकर दिया जा रहा है। इस यात्रा में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने के लिए अपील की गई। जगन्नाथ रस कथा कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस में होगी। इसके लिए प्रभात फेरी निकालकर भक्तों को जगन्नाथ कथा की बाबत जानकारी दी जा रही है।

## एक नजर

### घरेलू कलह में युवक ने की आत्महत्या

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र की चपटा कॉलोनी में बिलासपुर गेट पर एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम उस्मान था। सूत्रों के अनुसार युवक नशे का आदी था। बताया जा रहा है कि उसने घरेलू कलह के चलते यह कदम उठाया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पुलिस ने 10 वाहनों के चालान काटे

**रामपुर, अमृत विचार :** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले 10 वाहन स्वामियों का चालान काटा। इसे लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। उसी के चलते शनिवार को पुलिस ने सिविल लाइन थाने के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 10 वाहनों के चालान काटे गए।

### पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में की पैदल गश्त

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने शनिवार की शाम थाना प्रभारियों के साथ गंज क्षेत्र में पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी रोजाना अधिकारियों के साथ पैदल गश्त करते हैं। इसी के चलते शनिवार की शाम उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव के साथ अपराध नियंत्रण, कानून, शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए थाना क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान रास्ते में लोगों से वार्तालाप भी किया।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** चिकना गांव के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली निवासी राधे किसी काम से शनिवार की दोपहर शाहबाद की ओर जा रहा था। चिकना गांव के पास कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# मई में 100 ओवरलोड वाहन किए सीज

## कागज पूरे नहीं होने पर एआरटीओ ने 1050 वाहनों का काटा चालान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एआरटीओ ने एक मई से 31 मई तक अभियान चलाकर 100 ओवरलोड वाहनों को सीज किया। 1050 वाहनों के कागजों में कमी होने के कारण चालान काटे गए। इस कार्रवाई से वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। साथ ही 46 लाख रुपये जुर्माना भी डाला गया।

जिले में ओवरलोड वाहनों के दौड़ने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। इसके चलते हादसों का खतरा बना रहता है। गली-मोहल्लों से लेकर हाईवे तक दिन भर ओरवलोड वाहन दौड़ते रहते हैं। इतना ही नही स्वार, टांडा, मसवासी और खौद चौराहे से ओवरलोड वाहन निकलते रहते हैं। इससे हादसे होने के साथ ही अधिक वजन पड़ने के कारण सड़क भी क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। पिअकप, डंपर, ट्रक और डीसीएम क्षमता से ज्यादा वजन भरकर चलते हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं।

इसी के चलते एआरटीओ द्वारा जिले में अभियान चलाया जाता है। इसी के तहत एक मई से लेकर 31 मई तक 1150 वाहनों पर विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की। इस दौरान 100 वाहन ओवरलोड होने के कारण सीज किए गए, जबकि 1050 वाहनों को इसलिए सीज किया गया कि किसी के पास डीएल नहीं था तो कोई बिना सील्ट बेल्ट लगाए वाहन चला रहा था। इस कार्रवाई से अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इसके अलावा नया सॉफ्टवेयर अपडेट होने के कारण दो जून तक ड्राईविंग लाइसेंस नही बनेंगे।



बिना हेलमेट लगाए बाइक पर जाते तीन लोग। ● अमृत विचार

- अभियान चलाकर 46 लाख रुपये जुर्माना भी वसूला गया

> जिले में मई में अभियान चलाकर 1150 वाहनों पर जुर्माना डाला गया। इस दौरान 100 ओवरलोड वाहनों को सीज किया गया जबकि 1050 वाहनों का चालान काटा गया। इस तरह 46 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। सॉफ्टवेयर अपडेट होने के कारण दो जून तक ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनेंगे।
>
> -राजेश श्रीवास्तव, एआरटीओ

### बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 500 लोगों पर भी की गई कार्रवाई

एआरटीओ द्वारा जिले भर में हर तहसील में समय-समय पर वाहन स्वामियों के कागजात चेक किए गए। इस दौरान कई बाइक सवार बिना हेलमेट के वाहन चलाते मिले। उन्हें रोककर टीम ने चेतावनी देते हुए चालान भी काटे। इस तरह एक माह में बिना हेलमेट बाइक चला रहे 500 लोगों के चालान काटे गए। जबकि छह लोग शराब पीकर कार चलाते हुए मिले। उनके भी चालान काटे गए। इसके साथ ही 150 लोग बिना सीट बेल्ट लग्जरी कार चलाते पकड़े गए। अधिकारियों ने सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने पर इनके खिलाफ भी चालान काटने की कार्रवाई की।

# बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में चल रहे समर फियस्टा का शनिवार को समापन हो गया। इस मौके पर पार्खी अग्रवाल, मोहम्मद माहिर, अनाया आलम, राध्या अग्रवाल, जैनब अजीज श्रेया गौतम, श्रेयांश गौतम, सज्जाद इमाम, विशु अग्रवाल को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए इनाम देकर सम्मानित किया।

नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में रविवार से शुरू हुए समर फियस्टा का समापन शनिवार को हो गया। इस अवसर पर अनेक गतिविधियों का आयोजन कराया गया। इसमें अन्य स्कूलों के बच्चों ने भी भाग लिया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किए बच्चों को इस समर फिएस्टा में नारायण ई-टेक्नो स्कूल की तरफ से फ्रेंच की बेसिक जानकारी जुंबा नृत्य, पब्लिक स्पीकिंग की कक्षाएं भी आयोजित की गईं। बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय में फ्रेंच क्लास और पब्लिक स्पीकिंग तथा नृत्य आदि की कक्षाएं विद्यालय परिसर में दैनिक रूप से आयोजित की। समर कैंप का मुख्य आकर्षण फ्रेंच क्लास रहा। इसके अलावा बच्चों ने अनेक गेम्स और पूल पार्टी का भी आनंद लिया।

इस अवसर पर पार्खी अग्रवाल, मोहम्मद माहिर, अनाया आलम, राध्या अग्रवाल, जैनब अजीज श्रेया गौतम, श्रेयांश गौतम, सज्जाद इमाम, विशु अग्रवाल को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए इनाम देकर सम्मानित किया। नारायण ई-टेक्नो स्कूल की नॉर्थ इंडिया हेड श्रीषा रेड्डी तथा (डीजीएम) आशुतोष कुमार (एजीएम), डॉक्टर उजमा कमर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य नगमा खान ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम में दीपक राजवंशी, दिव्यांश सिंघल, प्रतीक मधुर, बविता चौधरी, रेनू रानी, दिनेश कुमार, रिशा रस्तोगी, रमशा खान, पायल सक्सेना, मोहम्मद कैफ, सैयद फैजान, सजल सक्सेना, हरजीत कौर, सौरभ, अब्दुल मोइज खान, ज्योति शर्मा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



समर फियस्टा समापन के मौके पर विजयी हुए बच्चे। ● अमृत विचार

- एक सप्ताह से चल रहे समर फियस्टा का हुआ समापन
- हिस्सा लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# नींद में छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ ग्रामीण

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव हामिदाबाद में छत से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

गांव निवासी शीशपाल शुक्रवार की रात गर्मी के चलते परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। इस दौरान प्यास लगने पर वह अचानक उठकर पानी पीने जा रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण वह छत से नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की चीख पर परिजन तथा पड़ोसी मौके पर आ गए। बाद में उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायल के भाई संदीप सिंह ने बताया कि शीशपाल को नींद में चलने की आदत है। इसके चलते वह पानी पीने के लिए नीचे जा रहा था। लेकिन वह जीने पर जाने की बजाए छत से सीधे सड़क की ओर चल पड़ा और गिरकर घायल हो गया।

### पैर फिसलने से छत से गिरा युवक गंभीर घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर निवासी इशाक किसी काम से अपनी छत पर गया था। अचानक पैर फिसलने के कारण वह छत से नीचे आ गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर परिजनों ने वहां मौजूद लोगों की मदद से उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पालिका ने कराया पानी का छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रचंड गर्मी, धूल एवं वायु प्रदूषण को संवारने के लिए पालिका की ओर से शहर के कई क्षेत्रों में पानी का छिड़काव कराया गया। बहुत धीमी गति से चल रहे वाहन से पानी की निकलती फुहारों में भीगकर अपने वाहनों पर बैठे लोगों ने लुत्फ लिया और गर्मी से राहत पाई।

शनिवार को राजद्वारा, मिस्टन गंज, नवाबगेट और सिविल लाइंस क्षेत्र में पानी का छिड़काव कराकर भीषण गर्मी और वायू प्रदूषण को दूर करने का प्रयास पालिका अधिकारियों द्वारा किया गया। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि आमजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का समाधान कराने के लिए नियमित अंतराल पर शहर के मुख्य मार्गों पर पानी का छिड़काव करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य शहरवासियों को गर्मी से कुछ राहत और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद प्रदूषण नियंत्रण के प्रति गंभीर है। इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के चलते शनिवार को पानी का छिड़काव कराया गया। अपील की कि लोग आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग दें।



राजद्वारा में पानी का छिड़काव करता पालिका का वाहन। ● अमृत विचार

- राजद्वारा, मिस्टन गंज, नवाबगेट और सिविल लाइंस क्षेत्र में घूमा वाहन
- भीषण गर्मी को देखते हुए पालिका की ओर से कराया यह काम

# घर में सो रही किशोरी के साथ दुष्कर्म में दो पर एफआईआर

संवाददाता, धमोरा

- शहजादनगर थाना क्षेत्र का मामला, जांच शुरू
- पुलिस से शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार :** घर में सो रही किशोरी से युवक ने दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर किशोरी के परिजन आ गए। युवक परिजनों को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि 31 मई की रात करीब 11 बजे कमरे में से किसी के गाली देने की आवाज आ रही थी। जब जाकर देखा तो गांव का ही अल्फाज उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी फरार हो गया। शोर मचाने पर महिला का बेटा भी आ गया। इसके बाद गांव के ही मोहम्मद समीर ने मां-बेटे को धमकाते हुए कहा कि अगर किसी से इस बारे में शिकायत की या रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार देंगे। इसके बाद पीड़िता और उसकी मां थाने पहुंचीं।

सारी कहानी बताते हुए पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> महिला की तहरीर के आधार दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना क्राइम इंपेक्टर मानचंद को सौंपी गई है।
>
> -अमरनाथ वर्मा
> थानाध्यक्ष, शहजादनगर



टांडा में मुख्य मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

# भीषण गर्मी में मुख्य मार्ग पर लगे जाम से परेशान रहे लोग

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। शनिवार को मार्ग पर कार्य के चलने के दौरान जाम लग गया। इसके चलते राहगीरों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर के बीच से गुजरने वाले मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। कार्य दिन-रात दो शिफ्टों में किया जा रहा है। शनिवार को दिन में कार्य के दौरान मुख्य मार्ग पर सदर बाजार में जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गईं। इसके कारण भीषण गर्मी में वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे।

### सबील लगाकर तर कराया राहगीरों का गला

**धमोरा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कमोरा की ओर से कृषि विज्ञान केंद्र के सामने नेशनल हाईवे पर सबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाकर उनका गला तर कराया। लोगों ने शरबत पीकर राहत की सांस ली। भीषण गर्मी के चलते नेशनल हाईवे पर ट्रक, बस, कार और बड़े वाहनों के चालकों ने शरबत पीकर प्यास बुझाई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बिलकीस ने कहा कि प्यासे को पानी और भूखे को खाना खिलाना बहुत ही नेक काम है।

हाईवे पर लगाई गई सबील पर लोगों ने शरबत पीकर प्रचंड गर्मी में प्यास बुझाई। ताकि समाज में आपसी भाईचारा मजबूत बना रहे। सगीर अहमद, इमरान अल्वी, इकबाल, साकिब अल्वी, मुशरिफ, रमेश, जफिर, सुरेश, शरीफ सैफी, यासीन मियां, रेहान अल्वी, चंद्रसेन, शेरा भाई आदि मोजूद रहे।



यात्रियों को पानी पिलाते स्काउट-गाइड व अन्य। ● अमृत विचार

# स्काउट-गाइड ने पिलाया पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारत स्काउट-गाइड ने शिविर के 9वें दिन भी यात्रियों को पानी पिलाया। इस मौके पर कपिल आर्य ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी मानव सेवा है। इस भीषण गर्मी में यात्रियों को पानी पिलाना अत्यंत सराहनीय कार्य है। यह परोपकार की भावना ही हमें मानव और देश सेवा के लिए प्रेरित करती है।

शनिवार को रोडवेज बस अड्डे पर 9वें दिन शिविर में व्यापारी नेता कपिल आर्य और स्काउट गाइड ने यात्रियों को जल पिलाया। कपिल आर्य ने कहा कि स्काउट गाइड की सेवा व्यर्थ नहीं जाएगी। यह बच्चे देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

शिविर में 125 स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, संचालन जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी ने किया। इस अवसर पर शिव शंकर, ओम प्रकाश सैनी, जमाल फात्मा, डा. रूपा अग्रवाल, जीतू कुमार, नरवंत कौर, प्रेमपाल सिंह, तुषार शर्मा, मनोज कुमार, डा. अनूप सिंह, प्रमोद कुमार, गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिविर लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में राहगीरों को नगर में अनेक स्थानों पर शिविर लगाकर शरबत पिलाया गया। गर्मी में शरबत पीकर लोगों ने राहत महसूस की। भीषण गर्मी में नगर में कई दिन से सबील लगाकर राहगीरों को शीतल पेयजल और शरबत पिलाया जा रहा है।

चिलचिलाती धूप, भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। यह गर्मी बीमारियों का कारण भी बन रही है। भीषण गर्मी के बीच यूं तो लोग यात्रा करने से एहतियात बरत रहे हैं। लेकिन बेहद जरूरी होने पर मजबूरी में सफर कर रहे हैं। भीषण गर्मी के राहत के लिए नगर में प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर शबरत पिलाया जा रहा है। शनिवार को भी पालिकाध्यक्ष सहित विभिन्न संगठनों की ओर से ठंडे पानी का वितरण किया गया। पालिका कार्यालय के सामने लगे शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम और सभासदों ने राहगीरों एवं वाहन चालकों को शरबत पिलाया। इस अवसर पर सभासद मोहम्मद रईस उर्फ भूरा, तस्लीम पहलवान, हाजी मोहम्मद सगीर, मोहम्मद तस्लीम, मोहम्मद शफीक व नेता तस्लीम आदि मौजूद रहे।

उधर मुख्य मार्ग पर सर्राफा बाजार के पास युवा संगठन की ओर से शरबत की सबील लगाई गई। इस दौरान राहगीरों और वाहन चालकों को रोककर शरबत पिलाया गया। इस मौके पर अकीलुर्रहमान, सुहेल मंसूरी, बाबू, आलम, तालिब, अजहरुद्दीन, शिहाब मंसूरी और फैजान सैफी आदि मौजूद रहे।



लोगों को शरबत बांटते टांडा के लोग। ● अमृत विचार

**मौसम** शनिवार को 43 डिग्री रहा पारा, चिलचिलाती धूप से व्याकुल हुए लोग, सुबह से गर्मी बढ़ने पर सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

# वैज्ञानिक जता रहे तीन जून तक गरज-चमक संग वर्षा के आसार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। शनिवार को पारा 43 डिग्री पहुंचने और चिलचिलाती धूप से लोग पूरे दिन व्याकुल रहे। पूरे दिन सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। जरूरी कार्यों से ही लोग घरों से बाहर निकले। शहर में लोगों ने सबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया। चिकित्सक लोगों को सिर पर कपड़ा ढंककर या छाता लगाकर घर से निकलने की सलाह दे रहे हैं। हालांकि शनिवार की शाम आसमान में बादल उमड़ने-घुमड़ने और ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

मौसम का मिजाज तल्ख हो गया है। लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। गांवों में बच्चे नहरों, तालाबों और ट्यूबवेल की हौज के पानी में डुबकी लगाकर गर्मी से राहत पाने की जुगत में लगे रहे।

शहरी क्षेत्र में लोगों ने गर्मी से बचने को गन्ने का जूस, बेल का शरबत और साफ्ट ड्रिंक पीकर गला तर किया। जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. डीके वर्मा ने कहा कि तेज गर्मी में घर से पानी पीकर निकलें। बासी खाना और स्ट्रीट फूड के सेवन से परहेज करें। सड़क किनारे वाले बिकने वाले खाद्य पदार्थ खाने से डायरिया का शिकार हो सकते हैं। ठेलों पर बिकने वाली चाट, पकौड़ी, गोल गप्पे, टिक्की, चाऊमिन बच्चों को न खाने दें। फास्ट फूड की बजाए बच्चों को फल खिलाएं। मौसम वैज्ञानिक तीन जून तक वर्षा की संभावना जता रहे हैं। शनिवार की शाम आसमान में बादल मंडराने लगे। इन्हें देखकर लोगों को बारिश की आस जगी है।




शनिवार की शाम आसमान में बादल उमड़ आने से लोगों को वर्षा होने की आस जगी।



शनिवार को ज्वालानगर में चिलचिलाती दोपहरी में स्कूटी से जाती महिला।

### हाल-ए-मौसम

| | |
|---|---|
| आर्द्रता | 42 प्रतिशत |
| वायु वेग | 18 किमी. प्रतिघंटा |

> तीन जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में कुछ स्थानों पर गरज और तेज हवा के साथ बूंदाबांदी से हल्की वर्षा होने के आसार हैं।
>
> -डा. उदय प्रताप शाही
> मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

### शाम को आंधी से आम की फसल को हुआ नुकसान

शनिवार की शाम करीब 7:30 बजे आंधी आने से आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। करीब 20 मिनट तक आंधी चली। बागबान भूरा ने बताया कि आंधी के कारण काफी आम टूटकर गिर गया। इस समय आम की फसल को पानी की जरूरत है। पंपिंग सेट से आम के बाग को पानी दिया जा रहा है। लेकिन जो लाभ वर्षा के पानी से फसल को पहुंचता है, पंपिंग सेट के पानी से उतना नहीं पहुंच पाता।

### शहर में दस बकाएदारों के काटे कनेक्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला शाहबाद गेट, खटकान, बरेली गेट के दस बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। इन सभी पर निगम का डेढ़ लाख रुपये का बकाया है। तीन दिन पहले एक दिवसीय दौरे पर आए बिजली निगम के मुख्य अभियंता ने एसई, एक्सईएन को निर्देशित किया था कि माह का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे समय रहते पूरा करें।

शनिवार को एसई के दिशा निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी संजीव कुमार रवि, जेई आलोक तिवारी ने दस उपभोक्ताओं के कनेक्शन कटवा दिए। इन उपभोक्ताओं पर निगम का लंबे समय से बकाया है। इसके लिए उनको नोटिस भी दिए जा रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी बकाया जमा करने में यह आनाकानी कर रहे हैं। जेई आलोक तिवारी ने बताया कि बकाया जमा नहीं करने वालों के कनेक्शन काटे गए हैं।



शाहबाद तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा करते अधिवक्ता।

# वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता 80 वर्षीय कैसर खां का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उन्हें दिल की बीमारी थी और पैरालाइसिस अटैक भी हुआ था। वह नगर के मोहल्ला अफगानान के रहने वाले थे, लेकिन काफी समय से रामपुर में रह रहे थे। दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

शुक्रवार रात अधिवक्ता कैसर खां ने अंतिम सांस ली। वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर उनके साथी व जूनियर वकील, बैनामा लेखक और स्टाम्प विक्रेताओं में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को वह न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस मौके पर बार अध्यक्ष रामौतार सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष तकरीरुर्रहमान, जितेंद्र प्रताप यादव, वसीम खान, यूथ बार अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, निधि गोपाल यादव, कमल वीर सक्सेना, रेखा रानी शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, भूकन लाल, तवक्कुल हुसैन, शहजान खान, संजीव कुमार शर्मा, तेजपाल सिंह लोधी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर


गर्मी में शरबत वितरित करते लोग।

### शीतल जल का वितरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवा संगठन की ओर से शुक्ला की पुलिया कांठ रोड पर शनिवार को जल वितरण किया। गया, निरंजन, नेम प्रकाश, नरेंद्र, विवेक, विनीत और राकेश आदि ने बढ़चढ़कर भाग लिया। गर्मी से बेहाल और परेशान लोगों को शीतल पेय पीकर राहत मिली।

### समर कैंप स्थगित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए 5 से 12 जून की अवधि में स्कूलों में समर कैंप आयोजित किए जाने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय के माध्यम से निर्देश दिए गए थे। लेकिन गर्मी/हीट वेव के कारण समर कैम्प स्थगित कर दिए गए हैं। उक्त जानकारी महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से दी गई है।

# पेट्रोल डालकर युवती को जिंदा जलाने की कोशिश

## गुरुवार रात की घटना, दो घंटे तक कुंदरकी सीएचसी में चला था उपचार, पिता, भाई समेत छह लोग नामजद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**शर्मनाक**
- पूर्व के दर्ज मुकदमों को वापस लेने का बनाया था दबाव
- कुंदरकी के मोहल्ला नूरुल्ला का है मामला

**अमृत विचार :** युवती से गाली-गलौज कर मारपीट करने और पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश का मामला सामने आया है। युवती पेट्रोल पड़ने के बाद चीखती-चिल्लाती वह घर से भागकर करीब एक किमी दूर मार्ग पर पहुंची थी, जहां उसे देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी राहगीर की कॉल पर मौके पर पहुंची पुलिस पीड़िता को अस्पताल ले गई थी। यह पूरा मामला कुंदरकी के मोहल्ला नूरुल्ला का है। इस मामले में पीड़िता ने अपने ही परिवार में पिता समेत छह लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़िता तबस्सुम बी (27) के मुताबिक, घटना 30 मई की रात 8 बजे की है। भाई मुकीम, इसकी पत्नी उससे और मां अफरोज से उलझ रहे थे। फिर कुछ देर बाद पिता इलियास खां, भाई मुकीम, मुजीब, बहन शबीना और इसका पति जुम्मा पीड़िता व उसकी मां से गाली-गलौज करने लगे थे। पूर्व के दो मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाने लगे, जिस पर पीड़िता ने प्रतिक्रिया दी तो आरोपी उसके साथ मारपीट करने लगे थे। भाई मुकीम की पत्नी शेहराज, बहन शबीना व पिता इलियास ने पीड़िता को जान से मारने का प्रयास किया। भाभी शेहराज पेट्रोल ले आई और शबीना ने पीड़िता को पकड़ लिया तो पिता ने उस पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। इसी बीच मौका पाकर पीड़िता जान बचाकर चीखती-चिल्लाती घर से भागकर बाहर निकल आई और पाकबड़े अड्डे पर पहुंच गई। पीड़िता को देखकर मार्ग पर लोगों की भीड़ भी जुट गई थी। खबर पाकर सरकारी जीप से पुलिस भी आ गई थी। फिर पुलिस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया। फिर दो घंटे बाद स्वास्थ्य में सुधार देखकर डॉक्टरों छुट्टी दे दी थी। फिलहाल, इस पूरे मामले में पीड़िता तबस्सुम बी ने अपने पिता इलियास खां, भाई मुकीम व मुजीब, बहन शबीना, बहनोई जुम्मा व भाभी शेहराज को नामजद किया है। पीड़िता ने बताया कि अब उसकी मां तीसरे नंबर की बहन तरन्नुम के घर रह रही है।

पीड़िता चार बहनों शबीना, अंजुम, तरन्नुम में सबसे छोटी है। इसके दो भाई मुकीम व मुजीब हैं। पीड़िता ने बताया कि घटना की रात में वह थाने गई थी तो पुलिसकर्मियों ने सुबह आकर तहरीर देने को कहा था। हालांकि घटना की रात में ही पुलिस इलियास को पकड़ लाई थी। दूसरे दिन शुक्रवार दोपहर 12 बजे पुलिस मुजीब व मुकीम को पकड़ लाई थी और इलियास को छोड़ दिया था। कुछ देर बाद मुजीब व मुकीम का शांतिभंग में चालान कर उन्हें भी छोड़ दिया था।

**पिछले साल भी दर्ज कराए थे दो मामले**

पीड़िता ने बताया कि वह घर की छत पर मां के साथ टिनशेड में रहती है। पिता, बहन, भाई व भाभी उन दोनों, मां-बेटी को पसंद नहीं करते हैं। तबस्सुम अधिवक्ता है, वह अभी प्रैक्टिस कर रही है। उसने बताया कि पिछले साल भी आरोपियों ने उसे और उसकी मां से मारपीट की थी। तब उसने 6 जुलाई 2023 को मारपीट के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद 3 सितंबर 2023 को भी इन लोगों ने उस पर जानलेवा हमला किया था। ये दोनों मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी नित नए बहाने कर उसे और उसकी मां से गाली-गलौज कर मारते-पीटते हैं व घर से भाग जाने को कहते हैं।

"इस मामले में कोई सच्चाई नहीं है। तबस्सुम के पहले से ही दो मामले चल रहे हैं। इसी तमाशे में वह फिर थाने आई थी तो हमने उसकी तहरीर पर एफआईआर लिख ली है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी तभी करेंगे जब जांच में आरोप सत्य मिलेंगे। रही बात पीड़िता के मेडिकल परीक्षण की तो खुद उसी ने अपना मेडिकल कराया है, हमने कोई भी मेडिकल नहीं कराया है।"
– संजय कुमार पांचाल, थानाध्यक्ष-कुंदरकी

# 11वें दिन रिपोर्ट, आठवीं पत्नी ने एसएसपी से लगाई थी गुहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तीन तलाक के बाद भी ननिहाल में रह रही पीड़िता पर किया हमला, मुंह में तेजाब डालने की दी थी धमकी

**अमृत विचार :** आठवीं महिला से निकाह के आरोपी सलीम के विरुद्ध मझोला थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई थाना पुलिस ने एसएसपी के निर्देश के 11वें दिन की है। पीड़िता एसएसपी 20 मई को एसएसपी से मिलकर उसने आरोपी पति के विरुद्ध कार्रवाई कराकर न्याय की गुहार लगाई थी।

31 मई को दर्ज की एफआईआर में पीड़िता की तरफ से उसके पति पर आरोप है कि छह साल पहले पति ने धोखा देकर उसके साथ आठवां निकाह किया था। पति नाजायज खर्चों को पूरा करने के लिए उसे देह व्यापार को मजबूर करता था। बताया कि उसकी ससुराल कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी में है। छह साल पहले उनका निकाह सलीम पुत्र शकूर के साथ हुआ था। निकाह बाद मालूम हुआ कि सलीम ने उससे पहले सात महिलाओं से निकाह कर चुका है। पीड़िता के साथ धोखाधड़ी कर सलीम ने आठवां निकाह कर लिया है। आरोप है कि सलीम खर्चे पूरे करने के लिए उसे वेश्यावृत्ति में डालना चाहता है। पीड़िता ने बताया कि उसने पति के गलत कार्य का विरोध किया तो उसने मारापीटा। इसी चक्कर में पति ने दो महीने पहले उसे तलाक दे दिया था। वह ननिहाल में मझोला थाना क्षेत्र में जयंतीपुर नई आबादी में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि 17 मई को वह घर में परिवार के साथ बैठी थी। तभी उसका पति, भाई और बहनोई के साथ आ गया। इनके हाथों में तमंचे थे। इन लोगों ने लात-घूसों से मारा-पीटा था। पीड़िता के मुंह में तेजाब डालने की धमकी देते हुए भाग गए थे। थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। आरोपी पर कार्रवाई की जा रही है।

# पब्लिक फ्रेंडली हों मंडलीय एकीकृत कार्यालय, रखें सुविधाओं का ध्यान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


एकीकृत मंडलीय कार्यालय के निर्माण के संबंध में बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में डीआईजी मुनिराज जी, डीएम मानवेंद्र सिंह, एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार।

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई एकीकृत मंडलीय कार्यालय के निर्माण के संबंध में बैठक

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय सभागार में एकीकृत मंडलीय कार्यालय के निर्माण के संबंध में बैठक हुई।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा इसका निर्माण कराया जा रहा है। बैठक में परियोजना के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि एकीकृत मंडलीय कार्यालय के निर्माण में आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। यह कार्यालय पब्लिक फ्रेंडली बनाने के साथ ही सभी सुविधायुक्त हो। उन्होंने कहा कि इसमें सिंगल विंडो कार्यालय, कोआर्डिनेटेड आफिस की व्यवस्था, ई-आफिस, छोटे-बडे. कांफ्रेंस हाल सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य जन सामान्य को अच्छे तरीके से सरकारी व्यवस्थाओं, योजनाओं लाभ पहुंचाने का होना चाहिए। इसमें एकीकृत मंडल स्तरीय कार्यालय अहम भूमिका निभाएगा। बैठक में मंडलीय अधिकारियों से उनके वर्तमान कार्यालयों की स्थिति, सृजित पद, आफिस लोकेशन, जमीन विवाद व एप्रोच सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में डीआईजी मुनिराज जी, जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, एमडीए सचिव अंजूलता, एसपी यातायात सहित अन्य विभागों के मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## लापरवाही पर सचिवों को निलंबन की चेतावनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोशाला के कार्य में लापरवाही करने वाले दो सचिवों को जिलाधिकारी ने निलंबित कर उनके स्थान पर ब्लॉक में तैनात अन्य सचिवों को कार्यभार सौंप दिया है। साथ ही सभी सचिवों को कार्य में लापरवाही करने पर निलंबन की चेतावनी भी दी है।

शनिवार को बिलारी ब्लॉक में तैनात फिरोज आलम ग्राम पंचायत अधिकारी को जयपाल सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी के कलस्टर की ग्राम पंचायतों का कार्यभार सौंपा। वहीं सुरेंद्र सिंह ग्राम विकास अधिकारी को चंद्रपाल सिंह ग्राम विकास अधिकारी के कलस्टर की ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी दी है। चंद्रपाल सिंह के दूसरे कलस्टर की ग्राम पंचायतों का कार्यभार ब्लॉक में ही तैनात राजीव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी को दिया है। जिलाधिकारी ने जयपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह को निलंबित कर दिया था। नई ग्राम पंचायतों के चार्ज लेने वाले सचिवों लापरवाही पर निलंबन की चेतावनी दी।

# कांठ रोड पर निगम की टीम ने हटवाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की प्रवर्तन टीम। ● अमृत विचार

**कार्रवाई**
- नो वेंडिंग जोन में ठेला, रेहड़ी पटरी वालों को चेतावनी देकर भगाया
- जलकल अनुभाग की टीम ने पेयजल लाइनों की मरम्मत कराई

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने शनिवार को कांठ रोड पर सड़क की पटरियों पर ठेला लगाकर कारोबार करने वालों को हटाया। वेंडिंग जोन में रेहड़ी पटरी की दुकान लगाने वालों को चेतावनी देकर भगाया। दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। नाले पर किए अतिक्रमण को भी हटवाया गया।

कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी के नेतृत्व में प्रवर्तन दल की टीम ने कांठ रोड पर जिलाधिकारी आवास से लेकर आगे तक व साईं मंदिर रोड पर महर्षि दयानंद पार्क तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। नो वेंडिंग जोन में ठेला, रेहड़ी पटरी, फलवालों को वहां से भगाया। चेतावनी दी कि यदि दोबारा ठेला लगाकर अतिक्रमण किया तो कड़ी कार्रवाई करेंगे। टीम में सहायक अभियंता विजेंद्र यादव, प्रभारी प्रवर्तन दल एसके शाही व उनकी टीम के अलावा राजस्व विभाग के क्षेत्रीय निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

वहीं जलकल अनुभाग की टीम ने वार्ड दमदमा कोठी व नवाबपुरा सैनी बस्ती में रिबोरिंग का कार्य कराया। कांठ रोड पर जिलाधिकारी के आवास के सामने हो रही पाइप लाइन की लीकेज की मरम्मत कराई। वार्ड नंबर 3, 7, 15, 18, 20, 27, 30, 36 और 44 में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत टीम ने कराई। वार्ड नंबर 16, 32, 41, 45, 52 और 62 में सीवर की सफाई कराई।

### 136 खराब एलईडी लाइटें बदली गईं

पथ प्रकाश अनुभाग के कर्मचारियों ने वार्ड नंबर 2, 5, 18, 21, 34, 40, 45 और 53 में खराब पड़ी 135 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराई। इस दौरान कर्मचारियों ने लाइनों के फाल्ट को भी ठीक कराया।

### लाकड़ी फाजलपुर में कराई सफाई

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे की निगरानी में स्वास्थ्य अनुभाग की टीम ने लाकड़ी फाजलपुर रोड पर चोक नाले की जेसीबी व छोटी पोकलैन मशीन से तलीझाड़ सफाई कराकर जल प्रवाह को सुचारू किया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कर्मचारियों से नाले से निकले सिल्ट को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। संचारी रोग के रोकथाम के लिए एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया।


कार्यक्रम में मौजूद टीएमयू के छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

# टीएमयू डेंटल के छात्रों ने बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में डेंटल कॉलेज और रिसर्च सेंटर के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की ओर से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर तम्बाकू के दुष्प्रभाव बताए। छात्रों ने नाटक से ओपीडी में मरीजों को व्यक्ति और समाज पर पड़ने वाले तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में डेंटल के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रदीप तांगड़े, उप प्राचार्या डॉ. अंकिता जैन और सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. विकास सिंह रहे। डॉ. शिवान सतीश और डॉ. उपेन्द्र मल्लिक की ओर से 125 रोगियों की जांच की गई। डॉ. के. विनोद और प्रो. शिल्पा दत्ता मलिक ने तम्बाकू छोड़ने में रुचि रखने वाले रोगियों को दिया। इस दौरान बीडीएस की छात्रा मानसी शर्मा, प्रतीक्षा यादव, तारिक खान, निखिल कुमार, संचित जैन, संचिता वर्मा, सेजल सलूजा, सुनिधि, सौरभ कुमार, स्वर्णा, आरित्रो, अनुष्का, आरजू आदि ने हिस्सा लिया।

## आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर कार्रवाई की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को तहफ्फूज इस्लाम कमेटी पीपलसाना ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा। जिसमें सोशल साइट पर कुरान के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द कहने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र ग्रंथ कुरान है। आरोप लगाया गया कि 28 मई को सोशल साइट पर उत्तराखंड के एक युवक ने कुरान के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द पोस्ट किए। जिससे मुसलमानों को ठेस पहुंची। ज्ञापन में मांग की गई कि पोस्ट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में हाजी कसीम उल हक, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला चेयरमैन अफजल साबरी, कारी यासीन, कारी मारूफ, कारी अतीक, कारी असलम, कारी सदाकत समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# नुमाइश दिखाने के बहाने रास्ते में पत्नी को मारापीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नुमाइश दिखाने के बहाने पत्नी को ले गए पति ने रास्ते में उसे मारते-मारते मरणासन्न कर दिया। उसके सिर व चेहरे पर ईंट से कई वार किए हैं। इससे ऊपर के दांत टूट गए हैं। महिला की मां को समय से खबर मिल गई तो वह उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आई।

अस्पताल में भर्ती गुलस्ता की मां नईमा खातून पत्नी शाबिर हुसैन ने बताया कि वह सिवारा की रहने वाली हैं। उन्हें शनिवार को जिला अस्पताल में अपनी दवा लेनी थी। वह शुक्रवार को बेटी गुलस्ता के यहां किराये वाले कमरे पर आकर रुकी थीं। उन्हें जानने वाले ने खबर दी कि आपकी बेटी घायल है। फिर वह उसे कपूर कंपनी की झाड़ियों से उठाकर ई-रिक्शा से जिला अस्पताल लाई थीं, जहां डॉक्टरों ने इलाज से पहले उन्हें घायल बेटी के साथ सिविल लाइन थाने भेजा था। फिर पुलिस की मदद से बेटी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। नईमा खातून ने बताया कि बेटी के सिर में तीन-चार जगह चोट है। आंख के पास गहरा घाव है। नाक के नीचे घाव है। दांत भी टूट गए हैं। नईमा ने बताया कि गुलस्ता के पति का नाम चमन है। वह कटघर थाना क्षेत्र में मछरिया का रहने वाला है।

**चमन के हैं दो पत्नियां**

नईमा ने बताया कि गुलस्ता की शादी को 13 साल हो गए हैं। दामाद ने एक और शादी कर ली थी। गुलस्ता से दो बच्चे अनस (10 माह) व अली (12) हैं। खर्चे से तंग दामाद गुलस्ता से विवाद करता था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात में दामाद ने नुमाइश के बहाने से गुलस्ता को लाया था। फिर कपूर कंपनी के पास चमन ने गुलस्ता को ईंट-पत्थर से मारकर घायल कर दिया और घायल अवस्था में उसे वहीं फेंक कर भाग गया था।

## अपहरण व मारपीट में पति समेत छह नामजद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महिला ने दामाद समेत छह पर अपहरण और मारपीट में मझोला थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि विवाह के बाद से ससुराल वाले बेटी से अभद्र व्यवहार और मारपीट करते थे। महिला की मां ने पुलिस को बताया है कि उनके दामाद ने बेटी को गायब कर दिया है।

जयंतीपुर ब्रह्मपुरी की अनीता सक्सेना ने पुलिस को बताया कि पांच साल पहले बेटी आंचल सक्सेना का विवाह आकाश सक्सेना उर्फ रिंकू पुत्र प्रदीप सक्सेना के साथ हुआ था। बेटी की ससुराल बरेली जिले के थाना सिरौली के गांव सीपरी में है। 19 मई को बेटी से फोन पर आखिरी बार बात हुई थी। पीड़िता की मां का आरोप है कि उसकी बेटी को दामाद रिंकू, सुसर प्रदीप सक्सेना, अनीता, सुमित, सुधीर और चुक्की उर्फ प्रमोद सक्सेना ने मिलकर कहीं गायब कर दिया है। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है। तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।

# किशोर को ले गई 24 वर्ष की युवती, शादी का बनाया दबाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- युवती की मां व बहन किशोर के माता-पिता को कर रहे फोन, एसएसपी से शिकायत

**अमृत विचार :** 24 वर्षीय युवती 17 वर्ष के किशोर को प्रेमजाल में फंसाकर ले गई है। अब युवती की मां और बहन किशोर के घर वालों को फोन कर शादी का दबाव बना रहे हैं। उनका कहना है कि बेटा उनकी बेटी से प्रेम करता है। वह दोनों की शादी करा देंगे, अन्यथा फंसा देंगे। किशोर के परेशान घर वाले शनिवार को एसएसपी के सामने पेश हुए। बताया कि 26 मई को युवती उनके बेटे का अपहरण कर ले गई थी। बेटा घर में रखे 40,000 रुपये और सोने के जेवर भी उठा ले गया है।

यह वाकया मझोला थाना क्षेत्र में लाइनपार पैपटपुरा एकता कॉलोनी के शोभाराम के बेटे रोहित से जुड़ा है। शोभाराम ने पुलिस को बताया है कि 26 मई की रात तक जब उनका बेटा वापस घर नहीं लौटा तो उन्होंने खोजबीन की। दूसरे दिन 27 मई को सुबह 9 बजे उनके मोबाइल पर कॉल आई, महिला ने अपने को युवती की मां होने का परिचय दिया और कहा कि आपका बेटा हमारे पास है, वह हमारी बेटी से प्रेम करता है। महिला ने फोन पर कहा कि सोने-चांदी के जेवर व 11 जोड़ी साड़ी लेकर आ जाओ, वह बेटी से आपके बेटे की शादी करा देगी। शोभाराम ने बताया, फोन पर बात सुनने के बाद उन्होंने कहा कि बेटा शादी के लायक नहीं है। उन्होंने बताया कि यह सुनकर युवती की बड़ी बहन ने धमकाया कि यदि बात नहीं मानी तो परिवार के विरुद्ध मुकदमा कर सबको फंसा देंगे। फिलहाल, इस मामले को एसएसपी हेमराज मीना ने गंभीरता से लिया है और मझोला थानाध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

# भूखंड पर कब्जेदारी में मारपीट, प्रधानाचार्य घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हमलावरों ने प्रधानाचार्य के मोबाइल व चेन भी छीनी


जिला अस्पताल में भर्ती इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता।

**अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र में मानपुर इलाके में प्लाट पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें रामपुर जिले के वेद प्रकाश इंटर कॉलेज मुरसैना के प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता भी घायल भी हुए हैं। इलाज के लिए परिजन प्रधानाचार्य को जिला अस्पताल लाए थे, जहां से उनका इलाज चल रहा है।

अस्पताल में इलाज के दौरान प्रधानाचार्य ने बताया कि संबंधित प्लाट पर बाउंड्री व एक कमरा बना है, जहां उनके बड़े भाई राज कुमार गुप्ता पिछले 40 साल से निवास कर रहे हैं। उसमें कुछ किराएदार भी रहते हैं। इस प्लाट पर न्यायालय में एक मुकदमा भी चल रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें पता चला कि बाउंड्री को कुछ लोग जेसीबी से तोड़कर प्लाट पर कब्जा कर रहे हैं तो वह भी मौके पर गए थे, जहां उन्हें 10-12 लोगों ने मिलकर लोहे की सरिया से मारा है। घायल प्रधानाचार्य ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान मानपुर चौकी की पुलिस खड़ी थी। दरोगा ने भी उन्हें गालियां दी हैं, जबकि उन्होंने अपने को प्रधानाचार्य होना बताया भी था। दाएं हाथ में भी चोट लगी है। साथ में भाई व भतीजा था। उधर, घायल प्रधानाचार्य के रिश्तेदार विनीत ने फोन पर बताया कि मारपीट के दौरान घटनास्थल पर पुलिस सादे कपड़े में सामने खड़ी थी। फिर भी कोई बीच-बचाव नहीं किया। हमलावरों ने प्रधानाचार्य के तीन मोबाइल और सोने की चेन छीन ली है।

उधर, इस मामले में भगतपुर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि घटना के मामले में थाने में गोविंद रस्तोगी प्रार्थना पत्र लेकर आए हैं, इनका सिर फूटा है। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य यदि घायल हुए हैं तो उन्हें या फिर उनके परिजन को थाने आकर शिकायत करनी चाहिए थी। फिलहाल, इस मामले में जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं। मानपुर पुलिस चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने बताया कि संबंधित प्लाट का मामला काफी पुराना और विवादित है। उन्होंने बताया कि इसमें दोनों पक्षों ने आज भी विवाद किया है। इससे पहले भी विवाद हुआ था तो एक पक्ष के गोविंद रस्तोगी ने थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

**सात लोगों को किया था नामजद**

गोविंद रस्तोगी ने इसी संबंधित प्लाट के झगड़े में 31 अक्टूबर 2023 को भगतपुर थाने में मामला दर्ज कराया था। इसमें उन्होंने राजकुमार गुप्ता, नन्हें, मो. सईद, मो. आरिफ, मो. यासीन, अब्दुल रसीद व खिलाफत अली को नामजद किया था। ये सभी याशिका प्रकाश, प्रशिक्षण संस्थान मलवाड़ा उर्फ मानपुर के रहने वाले हैं। इस एफआईआर में गोविंद रस्तोगी ने कहा था कि मलवाड़ा उर्फ मानपुर में गाटा-294 रकबा 0.9310 हेक्टेयर जमीन के वह वरासतन मालिक व काबिज हैं। इस पर बाउंड्रीवाल व एक कमरा बना है। इस भूखंड पर उन्होंने आरोपियों पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। आरोप था कि कब्जा खाली करने के नाम पर इन आरोपियों ने उनसे 10 लाख रुपये मांगे थे।

## अरब में न नौकरी मिली न वापस मिले 3.50 लाख

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अगवानपुर के युवक को सऊदी अरब में सैलून पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर 3.50 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है।

मोहम्मद अकरम ने पुलिस को बताया कि वह अगवानपुर के तारावाला कुआं का रहने वाला है। एक व्यक्ति ने उसकी मुलाकात रामपुर के टांडा बादली निवासी युवक से कराई थी। युवक और उसकी पत्नी ने कहा कि वह उसे सऊदी अरब के सैलून में काम दिला देंगे। आरोपियों ने वीजा और फ्लाइट का टिकट दिलाने के लिए 3.50 लाख रुपये मांगे थे। आरोपियों ने अकरम को सऊदी अरब भेज भी दिया था। मगर उसे वहां नौकरी नहीं मिली। वहां से अकरम किसी तरह निकला और भारतीय दूतावास पहुंचा था। करीब 13 महीने बाद वह घर लौट पाया था। शनिवार को उसने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि शिकायत की जांच की जा रही है।

# कल के लिए बचाएं जल, स्वयं करें पहल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



गोष्ठी को संबोधित करतीं मुख्य वक्ता डा. अनामिका त्रिपाठी। ● अमृत विचार

- नदी, तालाबों का संरक्षण नहीं हुआ तो भावी पीढ़ी को करना पड़ेगा जल संकट का सामना

**अमृत विचार :** प्रकृति सेवा समिति की ओर से जल बचाओ मासिक अभियान के अंतर्गत शनिवार को दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के हाल में गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सरदार गुरविंदर सिंह और मुख्य वक्ता हिंदू कॉलेज के वनस्पति विज्ञान की विभाग अध्यक्ष डॉ. अनामिका त्रिपाठी रहीं।

गोष्ठी में कई अधिवक्ताओं ने विचार रखे। उन्होंने जल की सुरक्षा के लिए हार्वेस्टिंग व्यवस्था को लागू करने और जल के दोहन को बचाने के लिए प्रकृति के मूल स्वरूप को नष्ट न करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. अनामिका त्रिपाठी ने जल संरक्षण व उसके महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 2030 तक अगर ऐसे ही वृक्षों का कटान होता रहा, नदी तालाबों का संरक्षण न हुआ और पॉलिथीन का प्रयोग जारी रहा तो जल संकट का सामना करना पड़ेगा। इसलिए सभी ने संकल्प लिया कि जल संरक्षण, संवर्धन और प्रकृति को अपने मूल रूप में बनाए रखने की पहल स्वयं से करनी होगी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा ने अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए जल बचाने के मिशन को साकार करने के लिए काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक भटनागर ने किया। गोष्ठी में कार्यक्रम के संयोजक रमेश सिंह आर्य, नेपाल सिंह पाल, शुभम कश्यप, आवरण अग्रवाल, आनन्द मोहन गुप्ता, राजेश कुमार, अंजार हुसैन, मदनपाल गोस्वामी, गोपाल द्विवेदी, त्रिलोक चन्द दिवाकर, सुभाष चन्द्र पाल, प्रभात सिंघल, सुगंधा सैनी, शाईस्ता परवीन, आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### धूम्रपान न करने की युवाओं को दिलाई शपथ

**अमरोहा, अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था में कार्यक्रम मनाया गया। उसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह ने युवाओं को धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आज युवा पीढ़ी तेजी से तंबाकू व नशे की तरफ बढ़ रही है। यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि तंबाकू से हृदय रोग, कैंसर, स्ट्रोक व मानसिक बीमारियां भी हो जाती हैं। दुनिया भर में हर साल लाखों लोगों की तंबाकू सेवन से मौत हो जाती है। शनिवार को यह कार्यक्रम बुरहानपुर प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने नशे को लेकर अपने विचार व्यक्त किए हैं।

### युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**गजरौला, अमृत विचार :** युवक दूसरे गांव की युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के यहां मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक का आना जाना था। युवती का परिवार 30 मई को किसी रिश्तेदार की मौत में शामिल होने गया था। युवती पर घर पर अकेली थी। आरोप है कि युवक युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिवार वाले घर लौटकर आए तो घटना की जानकारी हुई। उन्होंने युवती की काफी तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने इस मामले में धनौरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** दहेज में बुलेट व दो लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी मनीषा की शादी साल 2021 में मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र के गांव इकड़ी निवासी अनुज गोस्वामी के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ससुराल वालों ने महिला से दहेज में बुलेट व दो लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर उसे प्रताड़ित किया गया। पीड़िता के मायके वालों ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष की मांग खत्म नहीं हुई। इस बीच 22 मई को महिला को पीट कर ससुराल से निकाल दिया गया।

# आसमान से बरसी आग, तापमान 45 डिग्री के पार

## रात में भी गर्मी से लोगों को नहीं मिल रहा सुकून, दिन में तेज धूप त्वचा को झुलसा रही

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच अब लोगों को रात में भी सुकून नहीं मिल रहा है। इससे लोग नींद नहीं ले पा रहे हैं। सुबह उठते ही उमस सताने लगती है। सूर्यदेव के तल्ख तेवर और तेज धूप लोगों की त्वचा को झुलसा रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहा। चिलचिलाती धूप में लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर में सड़कें और बाजार सूने नजर आए। उधर, गर्मी के बीच बिजली की कटौती से भी लोग परेशान रहे।

नौतपा के बीच गर्मी बढ़ती जा रही है। हर दिन ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे आसमान से आग बरस रही है। सुबह से लेकर रात तक चलने वाली गर्म हवा से हर कोई परेशान है। हर पल लोग बेचैन नजर आ रहे हैं। शनिवार को दिन निकलते ही सात बजे से गर्म हवा चलनी शुरू हो गई। दोपहर में लू के थपेड़ों से लोग बिलबिला उठे। गर्मी में लोग बेहाल हो गए। दोपहर में घर से बाहर निकलना मुश्किल रहा। बहुत जरूरी होने पर ही लोग घर से बाहर निकले। घर से बाहर निकलते समय लोगों ने धूप से बचने के लिए छाता लगाया तो किसी ने सिर व चेहरे पर कपड़ा लपेटकर राहत पाने की कोशिश की। सुबह 10 बजे तापमान 38 डिग्री के पार हो गया और पंखे और कूलर राहत नहीं दे सके। दोपहर होते-होते तापमान 45 डिग्री पहुंच गया। जबकि, चार बजे के बाद उमस बढ़ने के साथ ही लोग पसीने से तर हो गए। चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के आगे लोग परेशान दिखे। जिला कृषि अधिकारी बबलू सिंह का कहना है कि अभी तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। हीट वेव चल रही है। दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें।

**सुबह से ही बरसने लगी आसमान से आग : गजरौला :** शनिवार को भीषण गर्मी से लोग परेशान नजर आए। सुबह से ही तपिश से सताया को दोपहर को आसमान से बरसी आग ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। बाजारों में सन्नाटा पसर गया। पशु पक्षी भी बेहाल हो गए।

11 बजे के बाद आसमान से आग बरसने लगी। 12 बजे के बाद लोग बाजारों से घरों की ओर चले गए। शाम चार बजे तक बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। दिन भर भीड़ से व्यस्त रहने वाले बाजार सूने थे। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग एसी, कूलर और पंखों का सहारा लेते रहे। तापमान अधिकतम 44 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर के चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में खान-पान में एहतियात की बहुत जरूरत है। धूप से घर आकर एक साथ फ्रिज का ठंडा पानी न पीएं। बासी भोजन न करें। तले खाद्य पदार्थों से परहेज रखें, नीबू पानी का सेवन करें। जरुरत पर तेज धूप में निकलें तो सिर ढक कर निकलें। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। लस्सी, मट्ठा, गन्ने का जूस, शिकंजी, ठंडाई आदि पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। वहीं लोग गर्मी से राहत पाने के लिए नारियल पानी पी रहे हैं।



गजरौला में चेहरे पर कपड़ा बांधकर जाती स्कूटी सवार युवती। ● अमृत विचार





ढबारसी में शरबत का वितरण करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

### बूंदाबांदी और ठंडी हवा ने पहुंचाई राहत

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** मौसम का मिजाज शनिवार शाम अचानक बदल गया। दोपहर बाद आसमान में काले बादल घिर आए। शाम को तेज हवा चलती रही और हल्की बूंदाबादी भी हुई। आसमान में बादल छाए रहने और तेज हवा चलने के कारण तापमान में कमी आई। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। जून के पहले दिन गर्मी अपने चरम पर रही। सुबह से ही सूर्य की तेज किरणें आग बरसा रही हैं। धूप के साथ उमस व गर्मी से लोगों का बुरा हाल रहा। लंबे समय तक धूप की तपिश के बाद मौसम ने शनिवार को दोपहर बाद करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। जिसके बाद हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बादल छाए रहने और तेज ठंडी हवाओं के चलने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक बताया गया है कि अगले पांच दिनों में जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।



बूंदाबांदी से पहले छाए बादल।

### विद्यार्थी परिषद ने शिविर लगाकर बांटा शरबत

**ढबारसी, अमृत विचार :** ढबारसी में आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पदाधिकारियों ने राहगीरों को शरबत बांटा। कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कस्बे के वृंदावन धाम कॉलोनी रोड पर राहगीरों को शरबत का वितरण किया। शरबत पीकर राहगीरों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संयोजक अमन गोयल ने बताया कि गर्मी को देखते हुए शीतल एवं मीठा शरबत का वितरण किया गया है। इस दौरान प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अंकित सागर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल, इरकान अली, चिराग, सजल, मदन, रूम सिंह, यश त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हसनपुर में गर्मी से बचने के लिए छाता तानकर जातीं युवतियां।

# दिनभर लू के थपेड़ों से बिलबिला रहे लोग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में भीषण गर्मी व लू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

लगातार पांच दिन से तापमान में वृद्धि हो रही है। चिलचिलाती धूप में लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर में नगर की सड़कें और बाजार सूने नजर आते हैं। उधर, गर्मी के बीच विद्युत आपूर्ति कम मिलने से समस्या बढ़ रहा है। शनिवार सुबह से ही गर्म हवा लू चलनी शुरू हो गई और दोपहर में लू के थपेड़ों से लोग बिलबिला उठे। चिकित्सकों का कहना है कि बहुत जरूरी कार्य होने पर ही लोग घर से बाहर निकलें। घर से बाहर निकलते समय धूप से बचने के लिए छाता या चेहरे पर कपड़ा लपेटकर रहें। इससे राहत मिलेगी। दोपहिया वाहनों पर भी लोग चेहरे व सिर पर कपड़ा लपेटकर ही जाते हुए दिखाई देते हैं। घरों में भी पंखे, कूलर से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पाई। उधर, गर्मी के बीच लोगों का बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। दिन और रात में बार-बार विद्युत कटौती और ट्रिपिंग से लोगों को सुकून नहीं मिल रहा है।

### भीषण गर्मी में लोगों को पिलाया शरबत

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** गर्मी ने हर किसी को बेहाल कर दिया है। दोपहर में अधिकांश लोग घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के अलीगढ़ हाईवे आदमपुर चौराहे व दड़ियाल चौराहे पर शीतल पेयजल और शरबत पिलाया गया। शरबत वितरण का कार्यक्रम दोपहर बाद तक चलता रहा। बच्चे, रिक्शे वाले, आम नागरिक, वाहन स्वामी आकर रुके और शरबत का आनंद उठाया। गर्मी के कारण मुरझाए हुए चेहरे शरबत पीकर खिल उठे।



हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर बैठे बंदर। ● अमृत विचार

# लोगों पर हमलावर हो रहे बंदर, पकड़ने की मांग की

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव रहरा रहरई, दौरारा, छपना, चंदनपुर खादर, ददियाल, खरपड़ी, गुरेठा खादर, बरतौरा, सिंमथला, आदमपुर, ढवारसी, भावली, सिरसा कला, काई मुस्तकम समेत अन्य गांवो में बंदरों से लोग परेशान हैं। आए दिन बंदर हमले कर लोगों को घायल कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन इन्हें पकड़वाने के लिए कोई पहल नहीं कर रहा है।

साथ ही हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर बंदर हैं। राहगीरों को डर बना रहता है कि कहीं बंदर रास्ते में हमला न कर दे। आदमपुर चौराहे से लेकर गुरैठा भट्ठे तक भी बंदर लोगों पर हमला करते हैं। बंदर किसानों की फसलों को भी नष्ट कर रहे हैं। बंदर पेड़-पौधे को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों का प्रशासन से अनुरोध है कि इन बंदरों को जल्दी पकड़वाया जाए।

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रधान पर लगाया आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के एक गांव के लोगों ने प्रदर्शन कर ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया। कहा कि गांव में सफाई व्यवस्था चौपट है। जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं।

शनिवार को तहसील क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकड़ी के ग्रामीणों ने गांव में ही प्रदर्शन किया। गंदगी से बीमारी फैलने का डर है। वहीं ग्राम प्रधान पर निजी भूमि पर खड़ंजा लगवाए जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान से बार-बार कहने के बाद में गांव में सफाई नहीं कराई जाती। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन का अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखेंगे। प्रदर्शन करने वालों में धर्मवीर, सूरज सिंह, राम अवतार, लोकेश, देवेंद्र सिंह, मोहित, सुमित, गुलशन, दयाराम आदि शामिल रहे।

# फौजी नरेंद्र की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव दौलतपुर कला में शनिवार को शहीद फौजी नरेंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने किया। उन्होंने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपनी निजी खर्च से शहीद फौजी नरेंद्र सिंह की प्रतिमा बनवाई है।

प्रतिमा का अनावरण होते ही सभी की आंखें नम हो गईं। फौजी नरेंद्र की मां फूलवती, पत्नी कुंतेंश व पिता नरेश सिंह ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण कर मां फूलवती व पत्नी प्रतिमा से लिपटकर रोने लगीं। शहीद नरेंद्र सिंह की ड्यूटी ओडिशा में थी। फौजी नरेंद्र की किडनी में परेशानी हुई तो अस्पताल में भर्ती कराया, हालत गंभीर देख फौजी को तमिलनाडु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 20 मार्च 2023 को निधन हो गया था। फौजी ने अपने पीछे पत्नी कुंतेंश, चार वर्षीय बेटी सृष्टि व ढाई वर्षीय बेटे भौतिक को छोड़ा है।

इस मौके पर लोकेश सिंह, तेजपाल सिंह, कुंवर पाल प्रधान, जितेंद्र प्रधान, राजेंद्र सिंह, रामचरन, भगवान दास, महेंद्र सिंह, धीरज मुंशी व महेश सिंह आदि मौजूद रहे।



दौलतपुर कला में शहीद की प्रतिमा पर माल्यर्पण करते पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर।

● **ओडिशा में ड्यूटी पर तैनाती के दौरान किडनी फेल होने से फौजी नरेंद्र सिंह की गई थी जान**

## सार-संक्षेप



कॉलेज स्टॉफ के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### शिक्षकों व विद्यार्थियों ने किए अवंतिका देवी के दर्शन

**रहरा, अमृत विचार :** चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज से ग्रीष्मकालीन टूर हरिबाबा बांध धाम, हर-हर महादेव मंदिर, जेपी घाट अनूपशहर तथा मां अवंतिका देवी मंदिर आहार गया है। टूर में विद्यालय स्टॉफ व छात्रा-छात्राएं शामिल रहे। बताया कि सभी स्टॉफ एवं छात्राओं ने सर्वप्रथम गंगास्नान किया। अवंतिका देवी व हर-हर महादेव के दर्शन किए। इस दौरान प्रधानाचार्या अनीता शर्मा, श्यामसुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, ब्रजेश कुमार, धीरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, रामफल सिंह, रेखा सिंह, शैली त्यागी, रेखा ठाकुर, रवि गौतम आदि शामिल रहे।

### सड़क किनारे वाहन खड़े कर बैठाई जा रहीं सवारियां

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मुख्य चौराहों पर डग्गामार वाहन सड़क किनारे खड़े कर सवारियां बैठे हुए नजर आते हैं। इनसे हादसे का डर बना रहता है, लेकिन प्रशासन कार्रवाई से बच रहा है। नगर के रहरा बस स्टैंड, संभल बस स्टैंड, अमरोहा बस स्टैंड एवं ब्लॉक चौराहे पर वाहन खड़े करके संचालक सवारी बैठाते हैं। नगर के संभल बस स्टैंड चौराहे पर तो आलम यह है कि सड़क के दोनों तरफ डग्गामार वाहन खड़े होकर सवारियां बैठाते हैं और उनके आगे पीछे ई-रिक्शा खड़ी रहती हैं। पूर्व में व्यापारी संगठनों ने इस पर रोक लगाने की मांग की थी, लेकिन प्रशासन ने सुनवाई नहीं की। पुलिस क्षेत्राधिकार दीप कुमार पंत ने बताया कि समय-समय पर अभियान चलाकर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है, जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।



सड़क किनारे खड़े वाहन।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए लोग। ● अमृत विचार

### जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर रखने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री गंगाराम बहादुर सिंह शिक्षा समिति के सदस्यों ने अमरोहा का नाम ज्योतिबा फुले नगर करने की मांग की है। उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। शनिवार को शिक्षा समिति ग्राम नानई बरतोरा के सदस्य तहसीलदार कार्यालय में तहसीलदार सुंदीप कुमार को ज्ञापन दिया। कहा कि अमरोहा का नाम जनपद ज्योतिबा फुले नगर किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मास्टर सोम सिंह, विनोद कुमार गौतम, नन्हे सिंह, माया, मनोज कुमार, आकाश, धर्मवीर सिंह, जितेंद्र, अखिलेश, संदीप आदि मौजूद रहे।

### चोरी के आरोपी दो दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव मकनपुर शुमाली में बुधवार रात चोरों ने गंभीर सिंह के घर से एक लाख रुपये नकद एवं सोने का पेंडल, हार, चार चूड़ी, पाजेब सहित लगभग दो लाख रुपये के सामान चोरी किया था। गांव निवासी दुष्यंत के यहां देर रात चोरों ने 30000 नकद, मंगलसूत्र, चैन, कंठी, चूड़ी, हाथ फूल, बर्तन चुराए थे। पीड़ित के अनुसार लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसके बाद चोरों ने गांव निवासी संजय सिंह के घर को निशाना मनाया। उनके यहां लगभग 20,000 का नुकसान किया है। इसके बाद चोरों ने गांव निवासी विजय के घर से 15000 रुपये एवं बर्तन कपड़े आदि चोरी कर लिए थे। दरोगा की तहरीर पर अज्ञात में मामला दर्ज किया गया। लेकिन दो दिन बाद भी कोतवाली पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ सकी है। पुलिस क्षेत्राधिकार दीप कुमार पंत का कहना है कि पुलिस की टीम कार्य कर रही है। जल्द घटना का अनावरण किया जाएगा।

### किशोरी को भगा ले गया जैकेट कारीगर, दी तहरीर

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को प्रेम जाल में फंसाकर जैकेट कारखाने में काम करने वाला कारीगर अपने साथ ले गया। पांच दिन बाद भी किशोरी का पत नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों ने थाने में तहरीर देकर किशोरी को बरामद करने की मांग की है। यह मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र का है। क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति जैकेट कारखाना चलता है। कारखाने में लखीमपुर खीरी के कारीगर कार्य करते हैं। उन कारीगरों में से एक कारीगर की पड़ोसी की किशोरी से प्रेम संबंध हो गए। जब इस बात का पता परिजनों को चला तो उन्होंने उन पर बंदिशे लगाना शुरू कर दीं। 28 मई को कारीगर किशोरी को अपने साथ भगाकर ले गया। सुबह होने पर परिजनों ने उसकी चारपाई खाली देखी। काफी समय तक घर में दिखाई नहीं दी तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पांच दिन बाद आरोपी कारीगर व किशोरी नहीं मिल सकी है। शनिवार को किशोरी के पिता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और किशोरी को जल्द बरामद करने की मांग की है।

**लापरवाही** | नगर पालिका के सफाईकर्मी नियमित रूप से नहीं उठा रहे कूड़ा

# शहर में गंदगी के ढेर, दुर्गंध से लोगों को दिक्कत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शहर में नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत सफाई अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन फिर भी जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। गर्मी में कूड़े से उठ रही दुर्गंध से राहगीरों को दिक्कत होती है।

शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। ज्यादातर इलाकों में कचरा उठाया जा रहा है। लेकिन फिर भी गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। प्रमुख बाजारों, मोहल्लों में और चौराहों पर कचरे के ढेर लगने से लोगों को सांस लेने में दिक्कत होतीहै। शहर में इंदिरा चौक, चौपला सहित कई इलाकों में सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। नियमित रूप से कचरा नहीं उठने से इन इलाकों में चारों तरफ गंदगी का अंबार दिखाई देता है। कचरे के ढेर के आसपास छुट्टा पशु रहते हैं। इनसे हादसों की आंशका बनी रहती है। ईओ शालिनी गुप्ता ने बताया कि सफाई प्रति दिन की जा रही है। कहीं भी गंदगी के ढेर दिखाई दिए तो कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



गजरौला शहर में इंदिरा चौक पर कूड़ा खाते गोवंश। ● अमृत विचार



मार्ग पर जलभराव।

● **ईओ का दावा- गंदगी के ढेर दिखाई दिए तो कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

### गंगाचोली में जलभराव के बीच निकलना मुश्किल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव गंगाचोली में मार्ग पर जलभराव और गंदगी के बीच लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने जिम्मेदारों से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। गांव निवासी इंद्रजीत के घर से उदल सिंह के मकान तक मार्ग की दूरी मात्र 150 मीटर है। लेकिन इस मार्ग पर एक साल से जलभराव और गंदगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि घरों में जाने के लिए भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर लगभग 50 घर स्थित हैं। कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या का समाधान जल्द नहीं किया जाता है तो उच्च अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाएंगे। शिकायत दर्ज करने वालों में कृष्ण, लटूर, नवरंग, चंद्रपाल, सतीश, ओमी, विजय, मलखान, इंद्रजीत, उदल सिंह आदि शामिल हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### ड्राइविंग लाइसेंस के स्लॉट किए री-शेड्यूल

**संभल अमृत विचार :** परिवहन विभाग द्वारा स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया में केएमएस कार्य हेतु सॉफ्टवेयर के वर्जन को अपग्रेड कर अपडेट करने की वजह से सारथी पोर्टल न चलने के कारण तीन जून को बुक लाइसेंस के स्लॉट रीशेड्यूल किए गए हैं। एआरटीओ प्रशासन डॉ .पीके सरोज ने बताया कि तीन जून को बुक ड्राइविंग लाइसेंस के स्लॉट चार जून के लिए रिशेड्यूल किए हैं। आवेदन चार जून को कार्यालय आकर औपचारिकताएं पूर्ण कराएंगे।

### मेढ़ विवाद में जेठ पर लगाया गाली गलौज का आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव लाल सिंह पट्टी निवासी सुनीता पत्नी हरिगिर ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। सुनीता अपने बच्चों सहित घर रहकर खेती-बाड़ी भी करती है। आरोप है जेठ परशुराम ने सीमेंट के पिलर उखाड़ दिए और मेढ़ काटकर यूकेलिप्टिस के पेड़ों को अपने खेत में मिला लिया। विरोध किया तो परशुराम गाली गलौज करते हुए सुनीता के साथ मारपीट पर आमादा हो गया। सुनीता ने तहरीर देकर पुलिस से जेठ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### बाजरा की फसल जोतने के विरोध पर मारपीट

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मेहुआ हसनगंज निवासी राहुल पुत्र खुशीराम ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उसने खेत में करीब 25 दिन पहले बाजरा की बुआई की थी। आरोप लगाया कि गांव के ही दो लोगों ने ट्रैक्टर से बाजरा की फसल को जोत दिया। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है।

### रास्ते के विवाद में बुजुर्ग से मारपीट

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद में बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने घायल बुजुर्ग का मेडिकल परीक्षण कराया।थाना क्षेत्र के गांव मौलनपुर डांडा निवासी मुरारी पहलवान ने थाने में तहरीर देकर कहा कि रास्ते के विवाद में गांव के ही चार लोगों ने मारपीट की। जिससे मुरारी घायल हो गया।

# हीट वेव पीड़ितों का कोल्ड रूम में इलाज

## जिला अस्पताल व सीएचसी में खास वार्ड बनाए ,आइस पैक की भी है व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** तापमान बढ़ने के साथ ही हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। संभल जिले के रजपुरा क्षेत्र के गांव शाहजहांनाबाद में हीट वेव की चपेट में आकर किसान की मौत हो चुकी है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने भी हीट वेव से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए खास तैयारियां की हैं। स्वास्थ्य केंद्रों पर कोल्ड रूम तैयार कराते हुए खास वार्ड बनाए गए हैं। जहां जीवनरक्षक दवाओं, ऑक्सीजन, हवा देने वाले उपकरणों के साथ ही आइस पैक की व्यवस्था की गई है। हालांकि यहां हीट वेव से संबंधित को मामला अभी सामने नहीं आया है लेकिन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है।

शासन के निर्देश पर हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। स्वास्थ्य केंद्रों पर तैयारियां की गई हैं। हीट वेव से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में दो कोल्ड रूम बनाए गए हैं। शनिवार को अमृत विचार टीम ने जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को लेकर पड़ताल की तो तैयारी मिली। डॉ.जया कौशल और डॉ.विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कोल्ड रूम का जायजा लिया। बताया कि चौथी मंजिल पर छह बेड का कोल्ड रूम है। इसमें दवा, ऑक्सीजन, थर्मामीटर, पंखे, एसी के साथ-साथ करीब 160 आइस पैक की व्यवस्था की गई है। वहीं इमरजेंसी वार्ड में दो बेड का कोल्ड रूम बनाया गया है। यहां भी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं। दूसरी तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी दो बेड का कोल्ड रूम बन चुका है। डॉ.नीरज शर्मा ने बताया कि कोल्ड रूम में फिलहाल दो बेड की व्यवस्था है। पंखे, कूलर के साथ ही दवा, ओआरएस, ऑक्सीजन और आइस पैक की व्यवस्था की गई है। सीएचसी मनोटा, सीएचसी रजपुरा में दो-दो बेड और सीएचसी जुनावई में तीन बेड के कोल्ड रूम बनाकर व्यवस्था की गई हैं। जिले के दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों पर भी हीट वेव को लेकर इंतजाम किए गए हैं।



जिला अस्पताल में बनाया गया कोल्ड रूम व व्यवस्थाओं के बारे में बतातीं डा . जया कौशल।

- रजपुरा क्षेत्र में हीट वेव से किसान की हो चुकी है मौत, प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित

### प्रचंड गर्मी से जनजीवन बेहाल , नहीं मिल रही राहत

**संभल, अमृत विचार :** गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही। शनिवार को भी लोगों को किसी तरह की कोई राहत नहीं मिली।प्रचंड गर्मी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है। दोपहर में तो मुख्य मार्गों, गलियों और बाजारों में सन्नाटे सा छा गया। सरकारी कार्यालय भी दोपहर एक बजे सुनसान नजर आए। क्योंकि लोगों ने घरों में कैद होना ठीक समझा। पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तो लोग उबल गए। शाम के वक्त भी भीषण गर्मी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। शाम को छह बजे भी अधिकतर लोग घरों से नहीं निकले।

# गर्मी में सफर से परहेज कर रहे बस यात्री

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** प्रचंड गर्मी के चलते परिवहन निगम की आमदनी पर असर पड़ने लगा है। लोग सफर से परहेज कर रहे हैं। दोपहर में संभल से मुरादाबाद के लिए 10-12 यात्रियों को लेकर ही रोडवेज बसें दौड़ रही हैं। हालांकि सुबह और शाम के वक्त बसों में लोगों की संख्या बढ़ रही है लेकिन पहले के जैसे हालात नहीं बन रहे हैं।

संभल से मुरादाबाद के लिए परिवहन निगम से अनुबंधित 31 बसों का संचालन हो रहा है। चूंकि भीषण गर्मी है, इसलिए लोग सफर करने से परहेज कर रहे हैं। लोगों ने सैर सपाटे का प्लान फिलहाल टाल रखा है। सिर्फ जरूरी काम के लिए ही सफर कर रहे हैं। हालात यह बने हैं कि सुबह 10 बजे तक और शाम को पांच बजे के बाद ही रोडवेज बसों में लोगों की संख्या कुछ बढ़ी नजर आ रही है। इस समय में 35 से 40 लोग मुरादाबाद का सफर कर रहे हैं जबकि पहले दिनों में बसें खचाखच भरकर दौड़ती रही हैं। दोपहर के वक्त तो बसें खाली जैसी ही मुरादाबाद का रुख कर रही हैं। 11 बजे से ही चिलचिलाती धूप से भीषण गर्मी होने लगती है, इसलिए लोग सफर नहीं कर रहे। 11 बजे से शाम को पांच बजे तक 10 से 12 लोग ही बसों में दिखाई दे रहे हैं। यह हालात तब हैं कि जबकि संभल रोडवेज बस अड्डे से पांच मिनट के स्थान पर 10 मिनट बाद बस का संचालन हो रहा है।



संभल रोडवेज बस अड्डे से मुरादाबाद रवाना हो रही बस में खाली हैं अधिकांश सीटें।

- संभल से मुरादाबाद के लिए दोपहर में 10-12 लोगों को लेकर दौड़ रहीं रोडवेज की अनुबंधित बसें
- करीब छह घंटे रहते हैं ऐसे ही हालात



भीषण गर्मी और उमस के कारण कम लोग ही बसों में सफर कर रहे हैं। कई घंटे तक बसों में नाम मात्र के लिए ही लोग नजर आ रहे हैं जबकि बस अड्डे पर बस के रुकने का समय भी बढ़ाया हुआ है। सुबह और शाम के वक्त बसों में लोगों की संख्या बेहतर रहती है। लोगों के सफर से बचने के लिए परिवहन निगम की आमदनी भी कम हुई है। **-हसन इमाम,** कार्यवाहक प्रभारी रोडवेज बस अड्डा

# ट्रांसफार्मर ठंडा करने को लगाए कूलर

संवाददाता,बहजोई/संभल

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में जहां आम आदमी बेहाल है वहीं विद्युत उप केंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मर बेहिसाब गर्म हो रहे हैं। जिनको ठंडा करने के लिए विद्युत विभाग ने कूलरों का इंतजाम किया है। ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए 24 घंटे ठंडा कूलर चलाए जा रहे हैं। विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए विद्युत विभाग ने यह इंतजाम किए हैं। ट्रांसफार्मर का तापमान कम रहे और वह फुंकने से बचा रहे ।

आमतौर पर आमजन को कूलर की हवा से ठंडक पहुंचाने वाले कूलर इस समय हीट वेव की मार झेल रहे विद्युत ट्रांसफार्मरों को भी ठंडक देने का काम कर रहे हैं। जनपद के अधिकांश उप केंद्रों पर 10 एमवीए या उससे बड़े ट्रांसफार्मरों पर कूलर लगाये गये हैं। वितरण खंड बहजोई पर लगे 10 -10 एमवीए ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए वहां कूलर लगाये गये हैं। दरअसल आजकल भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके चलते जहां आम आदमी परेशान है तो वहीं हीट वेव के चलते ट्रांसफार्मर गर्म होने के कारण विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो रही है। जिससे आम नागरिक को शेड्यूल के मुताबिक विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही थी। शहर में लगे छोटे ट्रांसफार्मर फुंकने का नुकसान विद्युत विभाग भुगत रहा है लेकिन उप केंद्र पर लगे बड़े ट्रांसफार्मर को लेकर वह रिस्क लेने को तैयार नहीं। अब तक ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर से होने वाली सप्लाई को बंद करना पड़ता था। जिसके कारण पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाती थी। विभाग ने अब बड़े ट्रांसफार्मर पर दो-दो कूलर लगाए हैं।

जहां एक ओर कूलर से तापमान ट्रांसफार्मर का काम करने का काम हो रहा है तो वहीं अब विद्युत आपूर्ति भी ठीक तरीके से दी जा रही है। एसडीओ अजय चौरसिया ने बताया कि ट्रांसफार्मर का तापमान कम करने के लिए कूलर लगाए गए हैं।



बहजोई में 10 एमवीए ट्रांसफार्मर पर लगाया गया कूलर। ● अमृत विचार

- ट्रांसफार्मर ठंडा होने से विद्युत वितरण व्यवस्था में हुआ सुधार

# सिरसी के मजदूर की सुल्तानपुर में गर्मी से मौत, परिवार में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, संभल/ सिरसी

**अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के मजदूर की सुल्तानपुर जिले में डीसीएम में हड्डी भरने के दौरान भीषण गर्मी में हालत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मजदूर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

सिरसी के मुहल्ला सादक सराय निवासी कमर अब्बास (47 वर्ष) पुत्र तकी हसन गांव चिमियावली के ठेकेदार नूर हसन के साथ 15 दिन पहले में बनारस जिले में हड्डी मिल में काम करने के लिए गया था। वहां से डीसीएम में हड्डी भरने के लिए जनपद सुल्तानपुर पहुंचा। गुरुवार को शाम चार बजे डीसीएम में हड्डी भरने के दौरान कमर अब्बास ने आधी बोतल ठंडा पानी पी लिया जबकि भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए बचे पानी को सिर पर डाल लिया। जिसके बाद कमर अब्बास की हालत बिगड़ गई और जमीन पर लेट गया। साथी मजदूर आनन फानन में कमर अब्बास को डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहां कमर अब्बास की मौत हो गई। शुक्रवार को परिजन ठेकेदार साथ सुल्तानपुर पहुंचे। शनिवार को कमर अब्बास का शव यहां लाया गया तो परिजनों में चीख पुकार मच गई।



कमर अब्बास का फाइल फोटो।

- डीसीएम में हड्डी भरने के दौरान बिगड़ी हालत

## सार-संक्षेप




बच्चों को संबोधित करतीं उप निरीक्षक अर्पण बंसल। ● अमृत विचार

### समर कैंप में बेटियों को सिखाये आत्मरक्षा के गुर

**बहजोई, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद मंगलम व जायंट्स ग्रुप ऑफ बहजोई फ्रेंड्स के तत्वाधान में 10 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसमें एक ओर बच्चों को नृत्य के गुर सिखाए गए तो वहीं बेटियों को आत्मरक्षा को लेकर जूडो कराटे सिखाए गए। बेटियों को मेहंदी के गुर बताए। बहजोई हेरिटेज पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची उपनिरीक्षक अर्पण बंसल, सोम प्रकाश वार्ष्णेय, राहुल एडवोकेट, योगेश वार्ष्णेय एडवोकेट, कपिल दीवाना, सुमित डीआर ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद संभव जैन ने हास्य कविता के माध्यम से बच्चों का मनोरंजन किया। इस दौरान विनीत सर्राफ, सोनू गुप्ता, कपिल दीवाना, योगेश कुमार वार्ष्णेय, छाया वार्ष्णेय, एकांश गुप्ता, लव कुमार आर्य आदि ने सहयोग किया। संचालन लव कुमार आर्य ने किया।

### ग्रामीण की मौत के मामले में झोलाछाप पर आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र निवासी महिला ने गलत इलाज से पति की मौत का आरोप झोलाछाप पर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव भकरौली निवासी लकी रानी पत्नी रुपकिशोर ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि तीन मई को पति रुपकिशोर की तबियत बिगड़ने पर गांव में स्थित झोलाछाप डॉक्टर के पास भर्ती कराया था। यहां झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने के बाद रुपकिशोर की हालत ओर बिगड़ती चली गई। आरोप है इसके बाद भी झोलाछाप रुपकिशोर को रेफर नहीं किया। इलाज के दौरान दस दिन बाद हालत बिगड़ने पर झोलाछाप ने रुपकिशोर को रेफर किया। परिजनों ने रुपकिशोर को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर तीन दिन बाद परिजन मुरादाबाद निजी अस्पताल से छुट्टी कराकर रुपकिशोर को लेकर देहरादून के एम्स अस्पताल पहुंचे। देहरादून में 19 मई को उपचार के दौरान रुपकिशोर की मौत हो गई।



डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भाकियू शंकर के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भाकियू शंकर ने शिक्षकों की समस्याओं के हल को सौंपा ज्ञापन

**बहजोई, अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की समस्याओं को लेकर भाकियू शंकर ने शिक्षकों के साथ डीएम को संबोधित डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। शिक्षकों के चयन वेतनमान दिए जाने की मांग उठाई। युवा जिला अध्यक्ष कर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारी शिक्षकों के साथ कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना सिंह को सौंप कर कहा कि जनपद में 2023 से काफी शिक्षकों के चयन वेतनमान लंबित है, बेसिक शिक्षा अधिकारी की हठधर्मिता के चलते जनपद के शिक्षकों वेतन अभी तक नहीं लगा है। जबकि दूसरे जनपदों में चयन वेतनमान इसी वर्ष फरवरी 2024 से मई 2024 तक लग चुका है। जिन शिक्षकों को एक ही पद पर 10 वर्ष हो गए हैं। उनका चयन वेतनमान लगाया जाए। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर काफी स्कूलों के शिक्षकों का वेतन रोका गया, उनका वेतन शीघ्र ही दिया जाए। इस दौरान जिला महामंत्री कुलदीप शर्मा, सरदार गुरु वचन सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रवेन्द्र यादव, गुफरान अहमद, इशरत अब्बास, मो वसीम, जीशान अली, शाकिब, रियाजुल, मुनाजिर हुसैन, शकलेन, मीना बेगम, सुषमा, रूबी मीणा बेगम मोहम्मद रफी तहसीन इशरत अब्बास आदि मौजूद रहे।

### लीकेज की वजह से नालियों में बह रहा पानी

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव चंदपुरा में जल जीवन मिशन योजना के तहत घरों में स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए टंकी कार्य निर्माणाधीन है। योजना के तहत समरसेबल से ग्रामीणों के घरों में पानी की सप्लाई की जा रही है। ग्रामीण नथ्थू सिंह, प्रेम सिंह, डम्बर सिंह, करुवीर सिंह आदि ने कहा कि रास्ते में जमीन के अंदर बिछाई गई पाइप लाइन में लीकेज की वजह से पानी घरों तक नहीं पहुंच रहा है और रास्ते की नालियों में बह रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से की। आरोप है कि शिकायत को सुनने के बाद भी ग्राम प्रधान ने इस बात को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया है। लीकेज वजह से पानी नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है।

### महिला को कॉल करके परेशान कर रहा युवक

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर बार-बार कॉल करके परेशान करने का आरोप लगाया है। महिला ने कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव पहलवाड़ा निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया निवासी एक युवक उसे रात में कॉल करके परेशान करता है। युवक कहता है कि तुझे लेने आ रहा हूं। मेरे साथ बाइक पर बैठकर आ जाना। मैं तुझे अपने साथ रख लूंगा। महिला ने कहा कि कॉल करने से वह मानसिक रूप से परेशान हो रही है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# अवैध खनन में चार ट्रैक्टर ट्राली पकड़ीं

संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार:** कैलादेवी व नखासा थाना क्षेत्र के जंगल में अवैध खनन होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने सफेद बालू सहित मिट्टी से लदी चार ट्रैक्टर ट्रालियों को कब्जे में ले लिया। मिट्टी व सफेद बालू से लदी ट्रैक्टर ट्रालियों को नायब तहसीलदार ने पुलिस को सौंप दिया।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव केशोपुर भंडी के जंगल में शनिवार को अवैध खनन होने की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार सतेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। वहां खनन का बालू ढ़ो रहे ट्रैक्टर चालकों से खनन संबंधित कागजात दिखाने को कहा। कागजात नहीं दिखाने पर नायब तहसीलदार ने मिट्टी से लदे दो ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। ट्रैक्टर ट्रालियों को लेकर सौंधन चौकी आ रहे नायब तहसीलदार ने रास्ते से अवैध खनन से भरे एक ट्रैक्टर ट्राली को और पकड़ लिया। जानकारी होने पर पता चला कि केशोपुर भंडी गांव नखासा थाना क्षेत्र में आता है। जिसके बाद मिट्टी से लदे दो ट्रैक्टर ट्राली को नखासा थाना क्षेत्र के गांव हिसामपुर में स्थित चौकी में लाकर पुलिस को सौंप दिया।

वहीं नायब तहसीलदार ने नखासा थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर संदल से अवैध खनन कर ला रहे सफेद बालू से लदे ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर हिसामपुर चौकी पुलिस को सौंप दिया।

- नायब तहसीलदार ने की कार्रवाई पकड़ी गईं ट्रैक्टर ट्राली पुलिस को सौंपीं

## साइकिल और बाइक की टक्कर, दो गंभीर घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में बाइक और साइकिल की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से डॉक्टर ने उपचार देकर दोनों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी अशोक जुनावई की साप्ताहिक बाजार से साइकिल द्वारा घर लौट रहा था। तभी जुनावई-मिठनपुर मार्ग पर अजीजपुर गांव के पास पीछे से बाइक सवार गांव काशीपुर निवासी मनोज और रजपुरा क्षेत्र के गांव उमेदपुर निवासी सत्यप्रकाश बाइक से आए। बाइक और साइकिल की टक्कर हो गई। जिससे अशोक और मनोज गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि सत्यप्रकाश भाग गया। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पर लाया गया। डॉक्टर ने उपचार देकर गंभीर हालत में दोनों घायलों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# बकरीद के लिए खरीदे जा रहे बकरे

कार्यालय संवाददाता, संभल/ ओबरी

**अमृत विचार :** मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद त्योहार मनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। बकरा बाजारों में लोग उमड़ रहे हैं और बकरों की खरीदारी होने लगी है। शनिवार को सरायतरीन और मनोटा बाजार में खूब बकरे बिके। मनोटा में 7 हजार रुपये से लेकर 30 हजार रुपये तक का बकरों की बिक्री हुई।

बकरीद त्योहार के मौके पर मुस्लिम समुदाय में जानवरों की कुर्बानी देने का महत्व है। इसमें खास तौर पर बकरे की कुर्बानी दी जाती है। जिन पर कुर्बानी वाजिब है वो लोग अपनी हैसियत के मुताबिक बकरा, भेड़ और बड़े जानवरों की कुर्बानी देते है। इसलिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बाजारों में बकरे, भेड़ और अन्य जानवरों की खरीदारी शुरू कर दी है। शनिवार को साप्ताहिक बाजार चार बाग मनोटा में लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने मौल भाव करके बकरों की खरीदारी की। व्यापारी जर्रार अहमद, मुजाहिद, मुशर्रफ, जाकिर का कहना रहा कि अभी उम्मीद के मुताबिक बकरों की बिक्री कम है। कई लोग सिर्फ कीमत पूछ कर चले जाते हैं। जितना बकरों को खिलाया है उसके मुताबिक कीमत मिलना मुश्किल लग रहा है। अगर बकरे नहीं बिके तो फिर से सालभर उन्हें खिलाना पड़ेगा। दूसरी तरफ बहजोई मार्ग पर सरायतरीन में भी बकरा बाजार लगा। जहां सुबह से शाम तक लोगों की भीड़ दिखाई दी। लोगों ने मौल भाव करके बकरे खरीदे। वहीं दूसरे क्षेत्रों में भी बकरा बाजार लग रहे हैं, जहां लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है। बकरीद को लेकर दूसरी तैयारी भी की जा रही हैं।



मनोटा के बाजार में बिक्री के लिए लाये गये बकरे। ● अमृत विचार

- सरायतरीन और असमोली के चारबाग मनौटा समेत कई क्षेत्रों में लगे बकरों के बाजार
- मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खरीदे बकरे, सही कीमत नहीं मिलने पर व्यापारी मायूस

### बकरा बाजार पर मंदी का असर

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** बकरा व्यापारी इरशाद का कहना है कि बड़े व्यापारी महंगे बकरों को खरीदने के बाद उन्हें दिल्ली, मुंबई व अन्य शहरों में बेचने के लिए ले जाते है। इस बार चुनाव और अधिक गर्मी का असर दिख रहा है। व्यापारी महंगे बकरे खरीदने के बारे में सोच रहे हैं। जिस कारण बकरा बाजार पर मंदी का असर दिख रहा है।

**रूट डायवर्जन** मतगणना स्थल के सामने वाहनों के संचालन पर रहेगा प्रतिबंध, किसी की भी बिना पास के एंट्री नहीं

# रास्ता बदलकर करिए मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर सफर

संवाददाता बहजोई

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा की मतगणना को लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान बनाया है। 4 जून को मतगणना के दौरान सुबह 6 बजे से मतगणना की समाप्ति तक रूट डायवर्जन रहेगा। मतगणना स्थल के सामने मुरादाबाद आगरा हाईवे वाहनों का संचालन बंद रहेगा। यानि 4 जून को मुरादाबाद आगरा हाईवे पर सफर के लिए रास्ता बदलना होगा।

4 जून को मुरादाबाद आगरा हाईवे स्थित यूपी स्टेट वेयरहाउस मतगणना स्थल पर मतगणना के समय रूट डायवर्जन किया जाएगा। मतगणना स्थल के सामने होकर कोई भी वाहन न गुजरे इसके लिए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। जिसके तहत अलीगढ़, गुन्नौर व बदायूं से आने वाले भारी वाहनों जिनको मुरादाबाद, संभल, चंदौसी बहजोई की ओर जाना है। वह वाहन नूरपुर तिराहे से रजपुरा गवां होकर जाएंगे। वहीं हल्के भारी वाहनों जिन्हें बहजोई, चंदौसी व संभल की ओर जाना है वह वहां पाठकपुर तिराहे, फरीदपुर टिकटा रोड से बेहटा जयसिंह चौराहा बहजोई होकर जाएंगे। मुरादाबाद की ओर से आने वाले सभी वाहन जिनको धनारी, बबराला, अलीगढ़, दिल्ली जाना है वह सभी वाहन संभल बेहटा जय सिंह चौराहा बहजोई से टिकटा रोड रजपुरा होकर जायेंगे।

### कार्मिकों व मतगणना एजेंटों को यहां रहेगी पार्किंग

**बहजोई,अमृत विचार :** बबराला की ओर से जो भी सरकारी कर्मचारी मतगणना के लिए आएंगे उनके वाहन वार्ष्णेय इंटर कॉलेज पर बैरियर लगाकर रोके जाएंगे। मिनी स्टेडियम में पार्किंग रखी गई है। पुलिस लाइन मंडी परिषद में पार्किंग है। चंदौसी की ओर से आने वाले कर्मचारियों व अन्य लोगों की पार्किंग रोडवेज बस अड्डा पजाया पर रहेगी। यहां ही सभी वाहन रोक दिए जाएंगे। बड़ा ग्राउंड संभल चौराहा पर अतिरिक्त पार्किंग रहेगी।

### आसपास इलाके में दुकान रहेंगी बंद

**बहजोई, अमृत विचार :** बबराला बहजोई मार्ग स्थित मतगणना स्थल के निकट इस्लामनगर चौराहा से वार्ष्णेय इंटर कॉलेज चौराहे के बीच आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान सभी दुकानें ठेले बंद रहेंगे। जब तक मतगणना चलेगी तब तक कोई दुकान नहीं खुलेगी। इसके लिए इस्लामनगर चौराहा तथा वार्ष्णेय इंटर कॉलेज पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर मुरादाबाद आगरा हाईवे स्थित मतगणना स्थल के सामने से मुरादाबाद आगरा हाईवे रोड डायवर्जन किया गया है। जगह-जगह पर बैरियर लगाए गए हैं। वहीं रूट डायवर्जन के स्थान भी चिन्हित किए गए हैं। मतगणना स्थल के सामने से कोई भी वाहन नहीं निकलेगा। इस स्थल के 100 मीटर के दायरे में आने वाली सभी दुकानें बंद रहेगी। **- अनुज कुमार मलिक,** यातायात प्रभारी

### जिले के इन स्थानों से रहेगा रूट डायवर्जेट

- नूरपुर तिराहा थाना गुन्नौर
- पाठकपुर चौराहा टिकटा रोड थाना बहजोई
- वार्ष्णेय इंटर कॉलेज चौराहा थाना बहजोई
- इस्लामनगर रोड मऊ कठेर बैरियर थाना बहजोई
- इस्लामनगर चौराहा बहजोई थाना बहजोई
- संभल तिराहा बहजोई थाना बहजोई
- बेहटा जयसिंह चौराहा थाना बहजोई

# उत्तराखंड की युवती से किया सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल के युवक ने उत्तराखंड की युवती के साथ पहले फेसबुक पर दोस्ती की और फिर उसे हरिद्वार के होटल में बुलाकर अपने दोस्त के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं युवकों ने दुष्कर्म का वीडियो बनाकर युवती को ब्लैकमेल भी किया। हरिद्वार पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

उत्तराखंड के जनपद टिहरी गढ़वाल की रहने वाली युवती ने 30 मई को हरिद्वार कोतवाली में संभल के आलम सराय निवासी दीपक व उसके दोस्त मनीष कुमार के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म व ब्लैक मेलिंग का मुकदमा दर्ज कराया था। युवती का कहना है कि फेसबुक पर उसकी दीपक से दोस्ती हुई। 24 मई तो दीपक अपने दोस्त मनीष के साथ उससे मिलने हरिद्वार पहुंचा था। वहां दीपक व उसके दोस्त मनीष ने एक होटल में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद दुष्कर्म की वीडियो बनाकर युवती के ब्लैकमेल करने लगा। मामला दर्ज होने के बाद हरिद्वार पुलिस ने संभल में छापेमारी कर दीपक व मनीष को गिरफ्तार कर लिया। संभल कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि हरिद्वार पुलिस सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दोनों युवकों को गिरफ्तार कर ले गई है।

### दोस्ती में धोखा

- फेसबुक से दोस्ती के बाद हरिद्वार के होटल में बुलाकर दिया घटना को अंजाम
- इतना ही नहीं युवकों ने दुष्कर्म का वीडियो बनाकर युवती को ब्लैकमेल भी किया।

## एक नजर

### रेवेन्यू बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम घोषित

**संभल, अमृत विचार :** रेवेन्यू बार एसोसिएशन बहजोई के वार्षिक चुनाव के लिए बैठक हुई। जिसमें नरेश पाल सिंह यादव एडवोकेट, नागेंद्र सिंह राघव एडवोकेट, सुरेंद्र पाल यादव एडवोकेट, धीरेंद्र यादव एडवोकेट और राजवीर सिंह यादव एडवोकेट को शामिल कर एल्डर्स कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। जिसमें नामांकन तीन जून, जांच चार जून, नाम वापसी व चिन्ह आवंटन पांच जून को होने की बात कही। नियमानुसार मतदान सात जून को कराया जाएगा। इसी दिन शाम को पांच बजे घोषणा कर दी जाएगी।

### गाली गलौज में दो गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सरायतरीन के मुहल्ला कोटला निवासी सालिम शनिवार को रुपयों के लेनदेन को लेकर मुहल्ला की ही अब्दुल रसीद व सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी आमिर के साथ गाली गलौज कर रहा था। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव बबैना निवासी फरियाद किसी बात को लेकर अपनी पत्नी परवीन के साथ विवाद कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सालिम व फरियाद को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रेमिका की गन्ने के खेत में गला घोंटकर हत्या

## घुमाने के बहाने युवती को ले गया था हत्यारोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार, दबाव में आयी पुलिस ने देर रात किया खुलासा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी आकाश। ● अमृत विचार


पुलिस चौकी के बाहर जाम के दौरान बिलखती पीड़ित मां को संभालती महिलाएं।

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के हनुमान गढ़ी निवासी पन्नालाल कोरी की तीन दिन से लापता विवाहित बेटी प्रीति की उसके प्रेमी ने दुपट्टे गला घोंटकर हत्या कर दी और शव गन्ने के खेत में फेंक दिया। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी आकाश पुत्र रामसेवक निवासी पाकबड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आकाश ने बताया कि वह हनुमानगढ़ी में किराए के मकान में रहता था। जिससे उसका मोहल्ले की ही युवती प्रीति से प्रेम प्रसंग हो गया। इसी बीच छह माह पहले प्रीति की शादी हो गई। बुधवार को वह प्रीति को घुमाने के लिए साथ ले गया और ईख में ले जाकर दुपट्टे से गला दबा कर हत्या कर दी। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। खुलासे के दौरान सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के साथ प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह मौजूद रहे।

- गांव काजी बेहटा और अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ा गांव संपर्क मार्ग पर ईख के खेत में मिला था शव

इससे पूर्व बनियाठेर थाना क्षेत्र के काजी बेहटा-अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ा गांव मार्ग पर महिला की हत्या कर शव ईख में फेंके जाने के मामले में शनिवार को दोपहर बाद परिजन शव लेकर सीता आश्रम चौकी पहुंचे और चौकी के बाहर जाम लगा दिया था। जम कर नारेबाजी कर न्याय की मांग की। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जाम लगा रहे लोगों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया। करीब डेढ़ घंटे तक आवागमन बाधित रहा। वहीं लिखित आश्वासन के बाद दबाव में आयी पुलिस ने देर रात कोतवाली में हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है।

> महिला की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते हुई। युवक ने महिला का उसी के दुपट्टे से गला दबा करने की बात स्वीकार की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।
> –कुलदीप सिंह गुनावत, पुलिस अधीक्षक

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव काजी बेहटा व अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ा गांव मार्ग पर प्रेमपाल दिवाकर के गन्ने के खेत में शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे एक महिला की औंधे मुंह पड़ी लाश मिली थी। थाना बनियाठेर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। कुछ देर बाद ही महिला की शिनाख्त कोतवाली चन्दौसी के हनुमानगढ़ी बस्ती निवासी पन्नालाल की पुत्री प्रीति 22 वर्ष के रूप में हुई। महिला लाल रंग की साड़ी पहनी थी और खेत में औंधे मुंह पड़ी थी। शव पुराना होने पर फूल गया था।

# पत्नी ने कहा, पति को नहीं छोड़ूंगी प्रेमिका बोली, अब यह मेरा हो गया

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी पत्नी और प्रेमिका, चल रही पंचायत
- आठ दिन पहले ससुराल से प्रेमिका को लेकर फरार हुआ था युवक, पुलिस ने दोनों को पकड़ा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र से फरार हुए प्रेमी युगल को पुलिस ने पकड़ लिया और थाने ले आई। अब पत्नी और प्रेमिका युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ गईं। काफी प्रयास के बाद नहीं मानी तो पंचायत बैठी। फिर भी घंटों तक कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी पांच वर्ष पहले बनियाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। युवक का ससुराल में आना-जाना रहता था। इसी दौरान युवक का ससुराल में ही एक महिला से प्रेम प्रसंग हो गया। करीब आठ दिन पहले युवक ससुराल से ही पत्नी को छोड़कर प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। शनिवार को पुलिस ने बनियाठेर थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी आटा के पास से प्रेमी युवक और प्रेमिका को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस दोनों को थाना रजपुरा लाई। सूचना मिलने पर युवक की पत्नी और मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। थाने में पत्नी और प्रेमिका युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रहीं। जिसके बाद पंचायत भी हुई लेकिन घंटों बाद भी कोई हल नहीं निकल सका। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी है। अभी बातचीत चल रही है।

## गांधी पार्क में लगा राष्ट्रीय ध्वज बदलवाने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचारः** नगर पालिका वार्ड 17 के सभासद तरुण कुमार नीरज ने पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को एक पत्र सौंपा है। जिसमें सभासद का कहना है कि जनवरी 2024 में गांधी पार्क में 100 फिट ऊंचे पोल पर राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना की गई थी। जिसकी लागत करीब 15 लाख रुपये थी। स्थापना के समय सभासदों ने इसकी गुणवत्ता की शिकायत दर्ज कराई थी। पांच माह बाद राष्ट्रीय ध्वज एक बार फटने के कारण बदला जा चुका है और अब फिर से फट गया। फटा ध्वज अभी भी फहरा रहा है जो अशोभनीय है। ध्वज को तत्काल बदला जाए। इसके अलावा बताया कि स्थापना के समय सभासदों ने पोल के ऊपर लगी फाइबर की डिजाइन पर भी आपत्ति जाहिर की थी। उक्त फाइबर आज तक बदली नहीं गई। बेसमेंट पर लगी टाइल्स भी टूट गई हैं। जिसे भी ठीक कराया जाए।

# भीषण गर्मी के दौरान तेज बुखार से महिला की अस्पताल में मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


काशीराम आवास में महिला की मौत के बाद गमगीन परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में बुखार से तप रही महिला की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जनपद बदायूं के इस्लामनगर निवासी गुलफशा (35) पत्नी साजिद पिछले एक वर्ष से चन्दौसी के मोहल्ला नखासा स्थित काशीराम आवास में बच्चों के साथ रह रही है। पति दो साल से जेल में बंद सजा काट रहा है। काशीराम आवासीय कालोनी में रह रहे पड़ोसियों के मुताबिक शुक्रवार को अपराह्न करीब तीन बजे गुलफशा को तेज बुखार आया था। जिससे पड़ोसी के ई-रिक्शा से उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान शाम करीब पांच बजे गुलफशा की सांसें थम गईं। मोहल्ले वाले शव घर ले आए और कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर देर रात पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुलफशा की मौत से बच्चों से मां का आंचल छिन गया। गुलफशा के एक बेटा और दो बेटियां हैं। बेटा इमरान सात वर्ष का है। जबकि बेटी साजिया तीन वर्ष व राबिया डेढ़ वर्ष की है।

- पति दो साल से जेल में काट रहा है सजा
- गुलफशा की मौत से बच्चों से मां का आंचल छिन गया

## गवाह को धमकाने का लगाया आरोप

**संभल, अमृत विचारः** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी सूखाराम ने शनिवार को कार्यालय पहुंचकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि दो मई को गांव के ही तीन व्यक्ति अपने रिश्तेदार के साथ बेटे डमरू को बुलाकर ले गए थे। तीन मई को वापस आते संभल मुरादाबाद मार्ग पर गांव जटपुरा के पास सड़क हादसे में डमरू की मौत हो गई थी। आरोप है कि गांव के ही व्यक्तियों ने धक्का देकर डमरु की बाइक को ट्रक के नीचे धकेल दिया था और यह बात तीनों व्यक्तियों ने गांव के ही अन्य व्यक्ति के सामने कही थी। व्यक्ति को इस मामले में गवाह बनाकर सूखाराम ने बेटे की हत्या का आरोप लगाकर मैनाठेर पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सूखाराम ने कहा कि अब तीनों व्यक्ति मिलकर गवाही देने से मना करते हुए व्यक्ति को धमकी दे रहे हैं।

# जिला अस्पताल में सीटी स्कैन के नाम पर पैसा वसूली का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, संभल


जिला अस्पताल में माफी मांगता पैसे लेने का आरोपी युवक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराने के नाम पर मरीजों से पैसा वसूली के खेल का खुलासा हुआ है। खुद स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी बताकर एक युवक ने मरीज से सीटी स्कैन कराने की एवज सात सौ रुपये ले लिए। सीटी स्कैन रूम में सौ रुपये और मांगे तो मरीज ने हंगामा कर दिया। इसके बाद पैसा वसूलने वाले को पकड़कर धुनाई की गई। मामला सीएमएस तक पहुंचा तो सीएमएस ने बाहरी युवक व पर्चे पर सीटी स्कैन के लिए लिखकर देने के लिए डॉक्टर को भी जमकर खरी खोटी सुनाई।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी फरमान शनिवार को जिला अस्पताल में खांसी की डॉक्टर से दवा लेने आया था। डॉक्टर के कहने पर फरमान जिला अस्पताल में बलगम की जांच कराने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान यहां एक युवक ने जिला अस्पताल में खुद को स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारी बताते हुए फरमान से सीटी स्कैन कराने को कहा।

- मरीज ने किया हंगामा, पैसा वसूलने वाले कथित कर्मी को पकड़कर धुना
- सीएमएस ने बाहरी युवक और डॉक्टर को भी खरी खोटी सुनाई

सीटी स्कैन कराने के लिए पर्ची पर लिखने के लिए डॉक्टरों को रुपये देने की बात कहकर युवक ने फरमान से सात सौ रुपये ले लिए। खुद को स्टाफ का कर्मचारी बताते हुए युवक ने डॉक्टर से कागजी कार्रवाई पूरी कराकर फरमान का सीटी स्कैन करा दिया।

सीटी स्कैन होने के बाद यहां किसी कर्मचारी ने फरमान से सौ रुपये देने की मांग की। फरमान ने सौ रुपये देने से मना करते हुए बताया कि सीटी स्कैन कराने के वह सात सौ रुपये दे चुका है। इसके बाद कर्मचारियों ने वहां खड़े सात सौ रुपये वसूलने वाले युवक को पकड़कर उसकी धुनाई कर दी। यह कोई पहला मामला नहीं है जब मरीजों से पैसा वसूली की बात सामने आई है।

### युवक ने कहा, वह कर रहा है इंटर्नशिप

**संभल,अमृत विचार :** पैसे वसूलने के आरोपी युवक ने सीएमएस डा. अनूप अग्रवाल के पूछने पर बताया कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संभल में इंटर्नशिप कर रहा है। कहा कि फरमान का सीटी स्कैन कराने में सहयोग करने पर जिला अस्पताल में तैनात एक कर्मचारी को भी दो सौ रुपये दिये हैं। मजे की बात यह कि डॉक्टर ने फरमान का बिना स्वास्थ्य परीक्षण किए ही सीटी स्कैन कराने के लिए पर्चे पर लिखकर दे दिया। जबकि बलगम जाने पर टीबी की जांच कराई जाती है।

### सीएमएस ने डॉक्टर को डांटा और मामला खत्म

**संभल, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सीटी स्कैन के नाम पर रुपये लेने का मामला संज्ञान में आने पर सीएमएस डा. अनूप अग्रवाल ने आरोपी युवक व पर्चे पर सीटी स्कैन के लिए लिखने वाले डॉक्टर को अपने रुम में बुला लिया। सीएमएस ने रुपये लेने के नाम पर जिला अस्पताल को बदनाम करने की बात कहते हुए युवक और बिना सोचे समझे पर्चे पर सीटी स्कैन लिखने के लिए डॉक्टर को खरी खोटी सुनाई। जिसके बाद युवक सीएमएस के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए गिड़गिड़ाने लगा। सीएमएस का दिल पसीजा तो उन्होंने बिना किसी कार्रवाई के मामला खत्म कर दिया। सीएमएस से बताया कि जिस मरीज से पैसे लिये गये थे उससे पुलिस में तहरीर देने को कहा गया था लेकिन उसने नहीं दी।

# सेंटर प्रबंधक का एसपी दफ्तर पर हाई वोल्टेज ड्रामा

संवाददाता,बहजोई


एसपी कार्यालय के बाहर हंगामे के बाद बिलखते हुए वापस जाती वन स्टाप सेंटर प्रबंधक।

**अमृत विचारः** एक मामले में रिश्वत के आरोप से घिरी वन स्टाप सेंटर प्रबंधक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर हंगामा काटा। एसपी से मिलने पहुंची प्रबंधक को एएसपी से मिलने के लिए कहा गया तो वह भडक गई। प्रबंधक की पुलिसकर्मियों से जमकर नोक झोंक हुई। वहीं पुलिस अधिकारी ने सेंटर प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी है।

कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक तनु चौधरी पर आरोप लगा था कि दंपति से झगड़ा के मामले में उन्होंने रिश्वत ली थी। इसको लेकर एएसपी अनुकृति शर्मा ने पूरे मामले की जांच की थी। जांच के आधार पर एएसपी ने रिपोर्ट डीएम को भेजी थी। दी इसकी जानकारी जैसे ही सेंटर प्रबंधक तनु चौधरी को हुई तो वह जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण तथा अन्य कर्मचारियों के साथ एसपी दफ्तर पहुंच गई। तनु ने पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत से मिलने की बात कही । एसपी ने एएसपी से मिलने की बात कही तो वह एसपी दफ्तर के बाहर ही भड़क गई और हंगामा करना प्रारंभ कर दिया। एसपी से मिलने की जिद करने लगी। हंगामा को देखकर सीओ दीपक तिवारी महिला पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां महिला पुलिसकर्मियों ने सेंटर प्रबंधक को एसपी दफ्तर से बाहर करने की कोशिश की। लेकिन वह पुलिसकर्मियों से उलझ गई। जैसे तैसे करके सेंटर प्रबंधक को एसपी दफ्तर से बाहर किया गया।

> वह एक शिकायत को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिलने गई थीं। लेकिन उन्हें एएसपी से मिलने के लिए भेजा जा रहा था। वह इसलिए एएसपी के पास नहीं जा रही थी। उन्होंने रिश्वत लेने की शिकायत पर गलत तरीके से अनावश्यक दबाव बनाया जो की पूरी तरह से गलत था। अब हम अपनी बात रखने के लिए पुलिस अधीक्षक के पास गए थे।
> – तनु चौधरी, वन स्टाप सेंटर प्रबंधक।

> वन स्टाफ सेंटर में सुरक्षा संबंधी निरीक्षण किया गया। वहां पर भोजन बाहर से मंगवाया जा रहा था जो की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। अन्य कमिया मौके पर पाई गई हैं। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। रिश्वत लेने के मामले में रिपोर्ट डीएम को प्रेषित कर दी गई है। उसी से नाराज होकर वह पुलिस कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगी। अल्प आवास में थानों से आने वाली महिलाओं रोकने से भी इंकार किया जाता है।
> – अनुकृति शर्मा, एएसपी दक्षिणी

### एएसपी ने वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण

**बहजोई, अमृत विचार :** जैसे ही सेंटर प्रबंधक तनु चौधरी एसपी दफ्तर से गई वैसे ही एएसपी अनुकृति शर्मा औचक निरीक्षण के लिए कलेक्ट्रेट स्थित वन स्टाप सेंटर पर पहुंच गई। जहां पर उन्होंने मौजूद लोगों के एक-एक करके बयान दर्ज किये। नियमों अनुसार भोजन की व्यवस्था भवन के अंदर होनी चाहिए। लेकिन इसे बाहर से मंगवाया जा रहा था अल्प आवास में बेड की चादर फटी हुई मिली। गर्मी में कूलर नहीं चलता मिला। उन्होंने यहां सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों के अलावा बाहर बैठे लोगों के भी बयान दर्ज किया। पूरे निरीक्षण का अनकट वीडियो बनाया।


तहसील सभागार में प्रशिक्षण देते खाद्य एवं रसद विभाग के अफसर। ● अमृत विचार

# फोर्टिफाइड चावल को लेकर प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** खाद्य एवं रसद विभाग के साथ डब्ल्यूएफपी राज्य में फोर्टिफाइड चावल पर जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को तहसील सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अफसरों ने राशन डीलरों को फोर्टिफाइड चावल वितरण एवं रखरखाव पर जानकारी दी तथा जागरुकता बढ़ाए जाने संबन्धी प्रशिक्षण दिया गया।

लखनऊ से आए विभागीय अधिकारी मयंक कुमार ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल को लेकर लोग जागरुक हो रहे हैं। पिछले महीनों में प्रदेश के सभी जनपदों में ऑनलाइन माध्यम से फोर्टिफाइड चावल पर प्रशिक्षण दिया गया है। जिसके कारण काफी जागरूकता आयी है। बताया कि सभी डीलर उपभोक्ताओं को फोर्टिफाइड चावल के बारे में विस्तार से बताएं कि किस प्रकार ये चावल पकेगा और उसके फायदे बताए। फोर्टिफाइड चावल का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया समर कैंप का आरंभ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के लाठी बाजार स्थित एक हेल्पिंग सोसाइटी कार्यालय पर 30 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव एवं संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष अमन खुराना ने फीता काटकर किया। अध्यक्ष ने बताया कि हमारी संस्था सामाजिक हित के अनेक कार्य करती रहती है, आज शिक्षा के क्षेत्र में कार्यालय पर कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया गया है। इसमें छात्राओं को एक माह के लिए बेसिक कंप्यूटर कोर्स सिखाया जाएगा। क्योंकि कंप्यूटर शिक्षा वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि समर कैंप से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम में अनिल खुराना, सीमा खुराना, निधि राघव, आयुषि वार्ष्णेय, शैफाली और संस्था के सदस्यों में आयुष वार्ष्णेय, गौरव पाल, कृष्णा वार्ष्णेय, प्रमोद, सोमवीर, राहुल आदि मौजूद रहे। समर कैंप में कुल 111 छात्राओं ने पंजीकरण कराया।


अहिल्याबाई होल्कर की जयंती कार्यक्रम में बोलते अतिथि। ● अमृत विचार

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर से सटे बनियाठेर के गांव आटा में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती केक काटकर धूमधाम से मनाई गई। वक्ताओं ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के देश हित में किए गए कार्यों को याद किया और समाज को उनके कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। सर्वप्रथम अतिथियों ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. टीएस पाल ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने समाज और देशहित में कई कार्य किए। मुख्य अतिथि सुशील कुमार एडवोकेट ने कहा कि हमारे समाज को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षित होकर आगे बढ़ना होगा। तभी समाज का विकास संभव है। चंद्रपाल सिंह एडवोकेट ने अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा गांव आटा में स्थापित करने का संकल्प लिया। अध्यक्षता राजश्री अग्रवाल ने की। संचालन बाल साहित्यकार डॉ. उमेशचन्द्र सिरसवारी ने किया। इस अवसर पर राजेश पाल, दिनेश धनगर, नत्थू लाल पाल, प्रेमसिंह पाल, प्रेमपाल, मुनीश पाल, कमल पाल, जयपाल, डॉ. सुरेंद्र पाल, हरिसिंह समेत सर्व समाज से लोग उपस्थित रहे।


अकरौली में बच्चे का टीकाकरण करती महिला स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

### अकरौली पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील चन्दौसी क्षेत्र के अंतर्गत नरौली सीएचसी से संबंधित गांव अकरौली में अर्चला शर्मा के आवास पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। जहां पर एएनएम सुषमा साहनी ने टीकाकरण किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिले प्लान के तहत आशा, संगिनी, आंगनवाड़ी तथा कई संस्थाओं को लगाया गया। जिसमें एएनएम सुषमा साहनी ने बताया कि कुल 16 टीके लगाए गए हैं। जिसमें टीटी के 4, बीसीजी का एक, एमआर-6 तथा पेंडा एक एवं गर्भवती के 4 टीके लगाए गए हैं। टीम में आशा पूनम, अर्चना मौर्य संगिनी राजवती मौजूद रहीं।


राहगीरों को शरबत वितरण करते चेयरमैन। ● अमृत विचार

### शरबत पिला कर राहगीरों का किया गला तर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर की नगर पंचायत नरौली में शनिवार की दोपहर भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत देने के लिए चेयरमैन बिट्टन मलिक की ओर से शीतल शरबत का वितरण किया गया। शनिवार वाली साप्ताहिक बाजार में स्टाल लगा कर ग्रामीणों व राहगीरों को शीतल शरबत पिला कर गला तर किया। वहीं तमाम महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। इस मौके पर चेयरमैन के अलावा लेखा लिपिक राजीव कुमार, शिव कांत राघव, अरविंद कुमार, आमिर, आसिफ, अनिल कुमार, सत्यपाल भगतजी, नईम, अकील, प्रदीप कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### सफाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

**संभल, अमृत विचार :** संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव जालब सराय निवासी मोहम्मद अजीज की पत्नी सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य अंजुम ने शनिवार को मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा। कहा कि गांव व गांव के पास स्थित तालाब में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी की वजह से अब तक तालाब में फंसकर कई पशुओं की मौत हो चुकी है। रास्ता नहीं होने से ग्रामीण भी गंदगी में निकलने को मजबूर हैं और बीमार हो रहे हैं। आरोप लगाया कि कहने के बाद भी ग्राम प्रधान ने साफ सफाई नहीं कराई है। कहा कि ग्राम प्रधान व सचिव मिलकर विकास कराने के नाम पर लाखों रुपये ग्राम निधि के निकाल चुके हैं। सदस्य क्षेत्र पंचायत अंजुम ने ग्राम प्रधान व सचिव पर गाली गलौज व धमकी देने का भी आरोप लगाया।

### शादी के 20 दिन बाद महिला को मारपीट कर निकाला

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर शादी के महज 20 दिन बाद ही नवविवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई। जनपद बदायूं के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव अगरास निवासी हुकुम सिंह ने बेटी पूनम की शादी 9 मई को रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सिंहदलनपुर निवासी जीतन पुत्र भजनलाल से की थी। हुकुम सिंह का कहना है कि उसने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज शादी में दिया था। आरोप है कि ससुराल वाले शादी में दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने शादी के दो तीन दिन बाद से ही दहेज की खातिर पूनम को प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। इसके बाद उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पूनम का आरोप है कि उसके जेवर भी ससुराल वालों ने उतारकर रख लिये और पांच हजार रुपये भी छीन लिए। पूनम ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### जहरीले कीड़े के काटने से महिला की हालत बिगड़ी

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पंवासा निवासी सौरभ की पत्नी हिमांशी शुक्रवार की रात दस बजे घर के बाहर बंध रही गाय को चारा डालने गई थी। यहां हिमांशी को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे हिमांशी की तबीयत बिगड़ने लगी। जहरीले कीड़े के काटने की बात सुनकर परिजनों के होश उड़ गए और आनन फानन में हिमांशी को उपचार के लिए गांव में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर हिमांशी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां हिमांशी की हालत में अब सुधार है।

# प्राचीन राष्ट्र भारत

भारत प्राचीन राष्ट्र है,लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, "भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक् आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था,शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते।" यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहां 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है,लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, "भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखंड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।" ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, "हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिंधु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।" राष्ट्र



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई।

यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखंड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसा पूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है।

सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहां सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसा पूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के संबंध में सही बात लिखी है, "बाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।" प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा,लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई। भारत की विधि व्यवस्था पर अलग-अलग प्राचीन ग्रंथों में सामग्री थी। रामशरण शर्मा ने बताया है कि 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से किया गया। 1784 में कोलकाता में ईस्ट इंडिया कम्पनी के सिविल सर्वेंट विलियम जोंस (1746-1794) ने 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नामक शोध संस्था की स्थापना की। दिलचस्प बात यह है कि जोंस ने 1789 में कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। एक विद्वान विलकिंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी अनुवाद किया। एशियाटिक सोसाइटी काफी चर्चा में थी। मुम्बई में भी एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई और लंदन में भी। विलियम जोंस ने लिखा है कि मूलतः यूरोपीय भाषाएं संस्कृत और ईरानी भाषाओं से बहुत मिलती हैं। यह बड़ा तथ्य था। उन्होंने संस्कृत की प्रशंसा की।

जर्मनी, फ्रांस, रूस आदि यूरोपीय देशों में भारतीय दर्शन के प्रति विद्वानों में आकर्षण बढ़ा। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर (1823-1902) ने वैदिक साहित्य का अनुवाद किया। अंग्रेज 1857 के विद्रोह से परेशान थे। उन्हें अनुमान हो गया कि भारत जैसे विशाल देश पर राज करना आसान नहीं है। भारतीय परपंराओं और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन जरूरी था। ईसाई मिशनरी धर्मांतरण के लिए सक्रिय थे। वे भी हिन्दू धर्म की खामियां बढ़ा चढ़ाकर बता रहे थे। ईसाई धर्मांतरण का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य की मजबूती था। लेकिन भारतीय दर्शन के प्रति पूरे यूरोप में रुचि बढ़ रही थी। मैक्समूलर के सम्पादन में प्राचीन भारतीय ग्रंथों का बड़ी मात्रा में अनुवाद हुआ। यह अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट' सीरीज में लगभग 50 खण्डों में संकलित है।

पाश्चात्य विद्वानों ने जानबूझकर निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और तिथि क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के आदी रहे हैं। वे आध्यात्मिक या पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा कि भारतवासियों को राष्ट्रीय भावना का अहसास नहीं था। ऐसे सारे निष्कर्षों के आधार पर विंसेंट स्मिथ की पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' चर्चा का विषय रहती है। उनका दावा है यह प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास है। भारत के विरुद्ध सारे आरोप मिथ्या थे। कालिदास ने रघुवंश में राम के समय के इतिहास-बोध की चर्चा की है। भवभूति, कालिदास और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। बौद्ध जातकों में अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशीय मांधाता, दशरथ और राम का उल्लेख है। बौद्ध पंथ अंधविश्वासी नहीं है। राम भारत की श्रुति व स्मृति में हैं। कुछेक राजनेता, वामदल और विद्वान राम को इतिहास नहीं मानते। दरअसल भारत ने यूरोपीय तर्ज पर इतिहास संकलन नहीं किया। अलबरूनी का भी आरोप था-''हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते, वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।" भारत ने राजाओं की विवरणी नहीं बनाई। भारतीय इतिहासकारों का मुंह भविष्य की ओर था। उन्होंने इतिहास से अनुकरणीय पात्र छाटें, उन्हें काव्य और गीत बनाया। लोकस्मृति ने बुद्धि में सुरक्षित जगह दी और लोकमन ने हृदय में। राजा और राज्य बहुत हुए,लेकिन राम राज्य ने गांधी को भी मोहित किया। आधुनिकता अंग्रेजी सभ्यता की नकल नहीं हो सकती।

# प्रकृति से लड़ पाना अत्यंत कठिन

> एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के समय भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की।

लंबे अरसे से प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ का जवाबी प्रहार यह होने हो रहा है कि आसमान से आग बरसने लगी है। प्रचंड धूप से लोकतंत्र का महापर्व में मतदान भी प्रभावित हुआ है। तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान में गिरावट के पीछे प्रकृति के प्रकोप को भी माना जा रहा है।

दरअसल प्रकृति के सबसे बड़े संरक्षक वृक्ष होते हैं। ऐसी भी प्रजाति के वृक्ष होते हैं,जो ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की प्रचंड और घातक किरणों को धरती पर आने से पहले खुद झेलकर अवशोषित तथा निष्प्रभावी कर देते हैं। जिस तरह देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवान दुश्मन राष्ट्र की ओर से होने वाले आघातों को रोकते हैं,ठीक उसी तरह की भूमिका पेड़ निभाते हैं और अंतरिक्ष से आने वाले घातक शत्रु-दल को निष्प्रभावी कर देते हैं,लेकिन विकास तथा आधुनिकीकरण के चलते पृथ्वी के संरक्षक वृक्षों पर सर्वाधिक प्रहार किया जा रहा है। जब अपने संरक्षक पर ही चोट होगी तब उसके घातक परिणाम भुगतने ही होंगे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यदि देखा जाए तो पेड़ों का भी अपना परिवार होता है। एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के वक्त भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की। यदि पूरे वन-क्षेत्र में पेड़ न होते तो शायद श्रीराम को सीता का पता पाने में कठिनाई होती। पेड़ों को धरती पर रहने में सहयोगी भूमिका अदा करने के चलते भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा का विधान किया गया है। यहां तक हर मांगलिक कार्यक्रमों में 'स्वस्तिवाचन' मंत्रों को पढ़ते समय वनस्पतियों के साथ पंचभौतिक जल, अग्नि, औषधि, पृथ्वी, अंतरिक्ष आदि की शांति की कामना की जाती है। वृक्षों की पूजा में जलदान एवं खाद्य पदार्थ आदि के अर्पित करने के पीछे यही उद्देश्य रहा है कि पेड़ों की छत्रछाया में रहने वाले जीव-जंतु भी आहार प्राप्त कर सकें।

पेड़ों के कटने से ऐसे तमाम जीव-जंतु तथा विषाणु जिन्हें वृक्ष अपने अधीन रखते थे, वे मानव आबादी की तरफ भाग रहे हैं जिसका प्रभाव यह है कि बीमारियां बढ़ रही हैं और संक्रामक रोगों का आक्रमण भी हो रहा है। इन स्थितियों को देखते हुए ऋषियों द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के बताए गए सिद्धांत के तहत पंच भौतिक तत्वों को भी कुटुंब का सदस्य मानना पड़ेगा वरना प्रकृति की जवाबी कार्रवाई को झेल पाना कठिन होगा।

# क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णत: विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए।



अब चुनाव नतीजे का इंतजार है। मैं उन व्यक्तियों में नहीं हूं,जो सोचते हैं कि यह चुनाव तय कर देगा कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। या तय हो जाएगा कि भारत धार्मिक राष्ट्र बन जाएगा या सेकुलर रहेगा। मैं इतनी आसानी से कुछ भी होते नहीं देख पा रहा हूं, भले यह देश फिलहाल लोकतंत्र और सेकुलर भावना से काफी दूर चला गया है। जटिलताएं बढ़ी हैं। अतः इसी लोकसभा चुनाव से सब कुछ तय होने जा रहा है, ऐसा नहीं है। फिर भी क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का? बस यह देखने के लिए कि इस युग के एक बड़े ढोंग और पतन से हमारा देश कितनी ताकत से लड़ रहा था। वह कितना लड़ पाया,उसकी हजारों साल की उदात्त मानवीय ताकत और धार्मिक राष्ट्रवाद की सौ सालों की सामुदायिक ताकत में फिलहाल कौन भारी पड़ा?

हमें चुनाव के नतीजों से देखना यह है कि भारत ने अपनी भारतीयता को कितना पुनरुपलब्ध किया है और अभी 'भारतीय पुनर्निर्माण' के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्मसुधार और संघर्ष करना कितना बाकी है। हमें इस पर सोचना है कि अब अधिक उदार होकर किस तरह पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी और भारतीय एकता के लिए अपने को सुधारना होगा, ताकि एक बड़ी समवेत आवाज बन सके।

स्पष्ट है, आगे का रास्ता किसी के लिए भी बड़ा कठिन है। एग्जिट पोल पर भरोसा न करके हमें चार जून का इंतजार करना चाहिए। हमारे लिए चुनाव के आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण है देश की विविधता, सामाजिक न्याय और बौद्धिक स्वतंत्रता की रक्षा। लोकतंत्र का सच्चा दर्पण उसकी भाषा है। लोकसभा चुनाव 2024 की बात की जाए तो चुनाव प्रचार में आज से पहले किसी लोकसभा चुनाव में इतनी लुटी-पिटी, खोखली और उन्मादपूर्ण भाषा नहीं थी। आज से पहले किसी चुनाव में इतने झूठ नहीं बोले गए थे। राजनीति कभी इतनी विपन्न नहीं थी। इस चुनाव में नेताओं के बड़प्पन की जगह हमेशा उनका बड़बोलापन ही दिखता रहा। बौद्धिक बल की जगह भौतिक बल प्रदर्शित हुआ।

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णतः विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए गए। यह महान विचारों को अलविदा कहना है और संकुचित स्वार्थ की जयजयकार करना है।

मीडिया और अपने को सर्वाधिक तेज घोषित करने वाले न्यूज चैनल पहली बार इतनी बेशर्मी से सत्ताधारी दल का ढोल बने। वे खुद पार्टी प्रचारक बन गए। जिस देश में तर्क विस्थापित हो जाता है, वहां अंततः लोकतंत्र का भी विस्थापन हो जाता है। इस लोकसभा चुनाव में देश के नागरिकों ने अपने लोकतांत्रिक मताधिकार का उपयोग तो किया, पर आखिर भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया की एक कितनी अंधेरी दुनिया में पहुंचकर, इस पर सोचने की जरूरत है। जिस देश में भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया एक रक्ताक्त अंधेरे में पहुंचा दिए गए हों, उस देश में अंततः आम लोगों के लिए कितनी आजादी और सुख-शांति बची रहेगी, इस पर सोचा जा सकता है। यह चुनाव यह भी बताएगा कि आखिर इस सार्वभौम ढोंग और पतन से फिलहाल महान भारत कितना लड़ पाया और वह कितना दबा दिया गया। एक दूसरा दिलचस्प सवाल है,इतने तामझाम भरे प्रचार और सैकड़ों अरब खर्च करने के बावजूद देश में पिछली बार से औसतन 5-6 प्रतिशत वोट कम क्यों पड़ते रहे? अगर देश पहले से अधिक जाग्रत हुआ है तो वोट प्रतिशत बढ़ना चाहिए था।

# दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ

कभी लगता है,यह दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ है। बिना किसी दिल-दिमाग के उगती-फैलती चली गई। इस ग्रोथ में हम बहुत बाद में आए। हम आए तो वाइल्ड ग्रोथ से ही,लेकिन आने के बाद इसे देखा (शायद पहली बार कोई इसे देख रहा था),महसूस किया और फिर इसे पालतू बनाने में लग गए। फिर कुछ लोग आए जिन्होंने इस पर अपनी अमलदारी का दावा कर दिया। बोले,मैंने (या मेरे आका ने) इसे बोया,सींचा और बड़ी किया,इसे फैलाया, तुमको भी बनाया। अब मेरे बताए रास्ते पर चलो, मेरा नाम जपते रहो,मेरे शुक्रगुजार बने रहो तो इसमें भटकोगे नहीं। अब वाइल्ड ग्रोथ तो भाई साहब वाइल्ड ग्रोथ। इसने दुनिया के सारे अमलदारों को ठेंगा दिखाया और अपने झाड़-झंखाड़ के रास्ते चलती रही। हमारा छोटा-सा दिमाग, वह भी आखिर उसी वाइल्ड ग्रोथ का हिस्सा। जितना कर सकते थे किया और दुनिया में कुछ लोगों के लिए ही सही थोड़ी चमक-दमक आई,रास्ता आसान हुआ। औरों के लिए भी आशा बंधी,लेकिन कुछ लोगों ने जो भी दिमाग था,उसे भी ताक पर रख दिया और आंख मूंदकर अमलदारों के बताए रास्ते पर चल पड़े। फिर तो जो होना था,वही हुआ। उन्हें बताया गया। रास्ता दुर्गम जंगल में ले गया और वहीं छोड़कर गुम हो गया। वे छाती पीट रहे हैं और वाइल्ड ग्रोथ और ग्रो कर रही है और वाइल्ड हो रही है। अमलदार से पूछते हैं तो कहता है,हमने तो रास्ता ठीक बताया था,तुम उससे भटक गए तो मैं क्या करूं, अब झेलो। अरे भाई! रास्ता बताते समय हमारी काबिलियत-नाकाबिलियत पर गौर क्यों नहीं किया? और नहीं किया तो किस बात के अमलदार! हम इस काबिल होते तो आपकी जरूरत ही क्या थी? लेकिन वही हाथ गहे की लाज,हम कह नहीं पाते किअपनी अमलदारी अपने पास रखो और रास्ता नापो। हमारे पास जितना भी दिमाग है,उसी से रास्ता खोजेंगे, नहीं तो अरुंझकर मर जाएंगे। किसी के एहसान के बोझ तले दबकर मरने की नौबत तो नहीं आएगी,लेकिन हम ठहरे आलसी और डरपोक। वाइल्ड ग्रोथ और वाइल्ड होती जा रही है। हम अमलदार से कुछ कह नहीं पाते। उसके बताए रास्ते को बिना देखे सही सिद्ध करने के लिए कट-मरते हैं,लेकिन जो भी दिमाग है उसे लगाकर अपने तईं रास्ता नहीं खोजते,न औरों को खोजने देते है। जब हमें बनाने वाला सांचा ही वाइल्ड है तो हम अपनी काबिलियत पर भी क्या भरोसा करें! नतीजतन,भेड़ियाधसान जारी है और जारी रहने वाली है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

# हत्या का अर्थ

बहुत सारे धर्मों में हत्या करने की मनाही है,लेकिन इसकी विवेचना ठीक से नहीं की गई है। हत्या का क्या अर्थ है? अगर बहुत विस्तृत अर्थ लिया जाए तो हत्या का अर्थ है किसी सजीव की जीवन-प्रक्रिया में व्यवधान करने के कार्य में शामिल होना,लेकिन इस परिभाषा के अनुसार आदमी जी ही नहीं सकेगा और खुद की हत्या का सचेष्ट दोषी होगा।

पौधे भी तो जीव हैं और उनके बीज भी जीव हैं। यह परिभाषा फूड सायकिल को तोड़ देगी तो ऐसा उपदेश निरर्थक है,लेकिन परिभाषा को विस्तृत रखना हमारी मजबूरी नहीं है। हम संकुचित परिभाषा पर सोचें। हम कल्पना करें कि किसी आदमी में अमुक गुणों का होना अनिवार्य है जिनमें वे गुण न हों वह होमोसैपियन या होमो इरेक्टस होने के बावजूद आदमी नहीं है। किसी व्यक्ति में उन गुणों के रहने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाना हत्या है। सज्ञान और सचेष्ट हत्या नहीं करनी चाहिए।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संकुचित परिभाषा के अनुसार आततायी वध के योग्य है। संगीन अपराधी को फांसी दी जा सकती है। युद्ध में दुश्मन को मारा जा सकता है। बकरे की बलि दी जा सकती है। मछली और चिकन खाया जा सकता है। हम देखते हैं कि सारे धर्मों में अंततः संकुचित परिभाषा ही ग्राह्य है। फर्क है उस लिस्ट में जो ह्यूमेन क्वालिटीज और उसके स्कोप का वर्णन करते हैं।

# तापमान वृद्धि एक वैश्विक समस्या

तापमान वृद्धि यद्यपि वैश्विक समस्या है तथापि भारत में तापमान वृद्धि की भयावह स्थिति को देखते हुए अब बड़े-बड़े जयघोषों को छोड़कर केन्द्र में नव सरकार बनते ही इसी वर्ष से सशक्त कानून बनाएं जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में विधिवत क्रियान्वयन की नितांत आवश्यकता है। अन्यथा की स्थिति में प्रतिवर्ष जिस द्रुतगति से तापमान बढ़ रहा है उससे अनुभव होता है अगले 10-15 वर्षों में भारत के कुछ नगर-महानगर और मैट्रो शहर जीव-मानवों के रहने योग्य नहीं रह पाएंगे।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

> आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों।

फिर क्या करेंगे ऐसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से और क्या करेंगे कथित जयघोषित विकसित भारत से और कैसे पहुंच पाएंगे 2047 तक? जब व्यक्ति को लेने के लिए शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध नहीं हो पाएगी,जब व्यक्ति को पीने को जल नहीं मिल पाएगा और जब व्यक्ति 50-55 डिग्री सेल्सियस तापमान में जल रहा होगा। देश में बढ़ती हुई शिक्षित-प्रशिक्षित-युवा बेरोजगारी, कम होता कृषि क्षेत्र,राजनैतिक तुष्टिकरण, सरकारी शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को तो तापमान वृद्धि विषय पर गौण ही कर दीजिए। भारत के कई शहर आज जल रहे हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं और लू चलने से लोग मर रहे हैं। इनको निम्नलिखित प्रमुख कारणों से रेखांकित किया जा सकता है- देश में जनसंख्या वृद्धि,देश में 1947-50 से ही अनियंत्रित एवं अनियोजित भौतिक विकास। राष्ट्रीय राजमार्ग ,एक्सप्रेस वे तथा सड़क मार्गों के कटान में कटने वाले लाखों पेड़ों के स्थान पर सड़क मार्ग के किनारे-किनारे पौधे लगाकर उसकी भरपाई करने का कानून आजतक न होना। अगले पांच वर्ष तक टेंडर में ही ठेकेदार की जिम्मेदारी तय न करना न ही संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करना। बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ती वाहन संख्या उनमें बढ़ता हुआ एसी प्रयोग,पैट्रोल-डीजल के बढ़ते हुए प्रयोग से बढ़ती हुई कार्बन डाइऑक्साइड गैस आदि का उत्सर्जन। सीमेंट और कंक्रीट का बढ़ता हुआ प्रयोग,घरों एवं सरकारी कार्यालयों में एसी का बढ़ता प्रयोग और उससे निकलने वाली गर्मी। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति सशक्त कानूनों का अभाव,वनों में आग लगाने वालों के लिए सशक्त कानून का अभाव,प्राकृतिक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन को अपनाने का प्रभाव जिस कारण खान-पान-परिधान आदि के लिए बढ़ती हुई कंपनी, कारखानों का आधिक्य,उनसे निकलने वाला धुआं, होने वाली ध्वनि विकृत तरंग आदि। प्राकृतिक,आध्यात्मिक और शांतिमय जीवन की अपेक्षा भौतिक-चकाचौंध मय जीवन को प्रधानता।

भारतीय राजनेताओं एवं उच्च वर्ग का भोग-भौतिक-विलासितापूर्ण जीवन, एक गाड़ी की जगह आगे-पीछे चलने वाली 40-50 गाड़ियां जिसमें खर्च होने वाला पैट्रोल-डीजल और उतनी गाड़ियों से निकलने वाली गैस। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है,क्रय शक्ति बढ़ रही है, वेतन-भत्ते बढ़ रहे हैं,लोगों की आमदनी बढ़ रही,जिस कारण देश की अर्थव्यवस्था भी कुछ क्षेत्रों के कारण बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का भी जोर-शोर से जयघोष दिया जा रहा है,लेकिन लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों में प्रतिदिन चार-चार पृष्ठ पानी के संकट से भरे पड़े हैं। लोगों को अपनी संपत्ति तुच्छ लग रही है,उच्च वर्ग,उच्च मध्यम वर्ग गर्मी से राहत के पाने के लिए अपनी लग्जरी गाड़ियां से बद्रीनाथ,केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री आदि पर्वतीय क्षेत्रों में आकर पर्वतीय क्षेत्रों के तापमान को बढ़ाने में लगा है। कई सरकारें प्रसन्न मुद्रा में इसीलिए हैं कि उनका राजस्व बढ़ रहा है। अखबारों में वे स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं,लेकिन जरा सोचिए हम और हमारी सरकारें अपनी भविष्य के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए क्या करने में लगे हैं?

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों। स्वतंत्रता के बाद देश में नियोजित/ नियंत्रित विकास हुआ होता तो अवश्य ही देश तापमान वृद्धि में बहुत पीछे होता। विधि निर्माताओं की परवरिश माहौल के कारण आजतक देश में सशक्त कानून नहीं बन पाए। साथ ही उन लाखों देश के दल ध्वज वाहकों से भी आग्रह है कि कभी बंद कमरे में आप भी अपने साथियों से इस विपदा के विषय में बातें करें,क्योंकि इस तप्त विपदा में आप भी तप्त पीड़ित ही हैं,जो वर्तमान में अनुभव किया जा सकता है। अभी तापमान वृद्धि चरम पर है,इसीलिए केवल इसी समय जागरूक होने की आवश्यकता नहीं,अपितु आने वर्ष चौबीस घंटे प्रत्येक नागरिक को कानून के माध्यम से हो या चैतन्य स्तर से हो अब जागरूक हो ही जाना है। अन्यथा जीव मात्र का भविष्य कुछ ही वर्षों में संकट में जाएगा जिसका निराकरण तत्क्षण असंभव ही लगता है।

# ढूंढने होंगे रोजगार के अवसर

गर्मियों की छुट्टी बिताने आई अपनी नातिनों (ग्रैंड डॉटर्स) की जिद्द पूरी करने के लिए कई महीनों बाद मॉल का रुख करना पड़ा। बढ़े हुए तापमान से बचने के लिए गर्मियों में मॉल घूमना काफी भाता है। यही कारण है मॉल में भीड़ देखने को मिली। सबसे ज्यादा भीड़ खाने-पीने के स्टाल पर थी। दूसरी ओर बड़े-बड़े सुसज्जित चमचमाते शोरूम में इक्का-दुक्का ही ग्राहक दिखे।

इन बड़े शोरूम के एक युवा कर्मचारी से उसकी दिनचर्या के विषय में जानना चाहा तो उसने बड़े निराशा जनक तरीके से बताया की वो दो साल से वहा काम कर रहा है। प्रतिदिन 12 घंटे की ड्यूटी के बदले प्रतिमाह 10000 रुपये मिलते हैं। सीजन पर अच्छी सेल होती है तो मालिक की तरफ से थोड़ा बहुत इंसेंटिव के रूप में भी मिल जाता है। माह में केवल 4 छुट्टी ही मिलती है,अगर 10 मिनट लेट हो जाओ तो छुट्टी कट जाती है। अभी शादी नहीं हुई है। मां-बाप साथ रह रहे हैं। थोड़ी सी खेती होती है इसलिए गुजारा चल रहा है। कमोबेश यही हाल दूसरे युवा कर्मचारियों का दिखा। असंगठित क्षेत्र में अन्य जगह काम करने वाला युवा किस तरह से उपेक्षित है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अक्सर मीटिंग या अन्य अवसरों पर जब असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं से चर्चा होती रहती है तो पता चलता है सबसे बुरा हाल होटलों, अस्पतालों, दुकानों, पटरी पर काम करने वालो का है,कितनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों में उन्हें काम करना पड़ता है इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत युवाओं का देश कहा जाता है। जहां जनसंख्या का 66 प्रतिशत में 35 वर्ष से कम के युवा है। भारत में श्रम बल में लाखों युवा काम कर रहे हैं,लेकिन रोजगार की संभावनाएं कम होती जा रही हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी की फोर्स में 83 प्रतिशत युवा है,जो या तो रोजगार तलाश रहे हैं या कोई छोटा-मोटा रोजगार कर गुजारा कर रहे हैं। इस युवा पीढ़ी की दुश्वारियां भी लगातार बढ़ रही हैं। पूंजीपतियों का फरमान काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ उनकी निगाह इन लोगों को मिलने वाले साप्ताहिक अवकाश पर भी है। युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अच्छे और सम्मानजनक अवसर ढूंढने होंगे तभी उनको निराशा से बचाया जा सकेगा।

## एक नजर

### गर्मी से लोग परेशान खेतों में सूख रहीं फसलें

**भगतपुर, अमृत विचार :** जिले से लेकर देहात में लू और भीषण गर्मी से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। शनिवार को दोपहर में पारा 42 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। बीते कई दिनों से पारा 42-43 डिग्री के आसपास ही है। लू और गर्मी के कारण किसान भी अपने खेतों की तरफ नहीं जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन के समय तो ऐसे लगता है जैसे आसमान से आग बरस रही है। चिकित्सकों के अनुसार 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर का तापमान शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। त्वचा में जलन और निर्जलीकरण का कारण बन सकता है। धूप में बाहर निकलने से बचें और पर्याप्त मात्र में पानी पीते रहें।

### 930 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान 930 ग्राम गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक सोहनलाल शर्मा ने गश्त के दौरान क्षेत्र के पीपली अहीर की तरफ जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति को रोका तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ लिया। पुलिस को पकड़े गए आरोपी से 930 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम तौहिद पुत्र साबिर निवासी पिपली अहीर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया है।

### मानसिक मंदित किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में मानसिक मंदित किशोरी अचानक लापता हो गई। उसके पिता ने अज्ञात के खिलाफ थाने में अभियोग पंजीकृत कराया है। थाना कांठ क्षेत्र के कस्बा ऊमरी कलां के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी अब्दुल कादिर की 15 वर्षीय पुत्री सबा 27 मई को तीन बजे घर से लापता हो गई। उसकी मानसिक स्थिति कमजोर है। बेटी के लापता होने पर उसके पिता अब्दुल कादिर ने पुलिस को जानकारी दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू करदी है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल, मामला दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी हरीराज सिंह का पुत्र अंकित उम्र 23 वर्ष को कांठ में गंगा विहार कॉलोनी में पीछे से बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और घायल को उपचार के लिए मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस ने हरीराज सिंह की तहरीर के आधार पर अज्ञात पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### नगर पंचायत की सोलर लाइट का खम्भा तोड़ा

**कांठ, अमृत विचार :** ऊमरी कलां में मुख्य मार्ग के किनारे सौर उर्जा की लाइटें लगवाई गईं हैं, जिससे रात में सड़क के किनारे पर अच्छी रोशनी रहे। शुक्रवार रात किसी ने सोलर पैनल की लाइट का खंभा तोड़कर सड़क किनारे नाले में गिरा दिया है। इस संबंध में नगर पंचायत ऊमरी कलां के अधिशासी अधिकारी श्वेतांग सारस्वत ने थाना कांठ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# गर्मी से जनजीवन प्रभावित अधिकतम तापमान 43 डिग्री

## कूलर-पंखे और एसी से भी नहीं मिल रही राहत, बाजार सूने

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


छाता लगाकर जाती महिला।


चेहरे पर कपड़ा बांधकर जाता बाइक सवार।

**अमृत विचार :** इन दिनों सूर्य देव आसमान से लगातार जैसे आग उगल रहे हैं। जिसके चलते शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। ऐसे हालात में लोग दोपहर में घरों से नहीं निकल रहे। भीषण गर्मी एवं धूप की तपिश से शनिवार को नगर से लेकर देहात की सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। दोपहर में ग्राहकों के न आने के कारण दुकानदार खाली हाथ बैठे नजर आए।

शनिवार को सवेरे से ही तपिश भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। तेज धूप जैसे शरीर को झुलसा रही है। लोग धूप में निकलने से बच रहे हैं, इससे सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसरा रहता है। भीषण गर्मी के चलते पंखे, कूलर व एसी की हवा भी महसूस नहीं हो रही। वहीं बिजली की कटौती से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। प्रतिदिन सूरज की तपिश से लोग बेहाल हो रहे हैं, उमस भरी गर्मी ने लोगों को पसीना-पसीना कर दिया है। दोपहर में 11 बजते बजते नगर व देहात क्षेत्र की सड़कों पर सन्नाटा छा गया। गर्मी के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। लोग जरूरी काम से ही घर से बाहर निकले और धूप से बचने के लिए छाते का सहारा लिया। रात में भी गर्मी के कारण लोग देरी से सो रहे हैं, जिससे नींद पूरी नहीं हो पा रही। वहीं बारिश न होने से किसानों के सामने सिंचाई का संकट है। गर्मी के चलते पशुओं ने दूध देना कम कर दिया है। जिससे लगातार दूध का उत्पादन घटता जा रहा है।

भाकियू के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, महामंत्री हरीराज सिंह, किसान प्रीतम सिंह, हरीराज सिंह, सरदार हरदयाल सिंह, हरपाल सिंह का कहना है कि अगर ऐसे ही गर्मी पड़ती रही तो गन्ने व पशुओं के चेहरे की फसल सूख जाएगी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस समय बारिश की सख्त आवश्यकता है। अगर शीघ्र ही बारिश नहीं हुई तब स्थिति और भी बदतर हो जाएगी।


कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षुओं को संबोधित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## माता-पिता की निस्वार्थ भाव से सेवा करें : पुलकित

संवाददाता, कांठ

- वैश्विक मातृ-पितृ दिवस पर डायट में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** डायट में एक जून को वैश्विक मातृ-पितृ दिवस पर कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ डायट के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्त एवं वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम संयोजिका अंशु गुप्ता ने कहा कि माता-पिता बच्चों के लिए हमेशा से त्याग करते हैं। इसलिए हम सभी का भी कर्तव्य बनता है कि अपने माता-पिता के प्रति हमेशा सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखें। डायट प्रवक्ता पुलकित शर्मा ने कहा कि हमें निस्वार्थ भाव से अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। हम कभी भी माता-पिता का ऋण नहीं उतार सकते। इस अवसर पर डीएलएड प्रशिक्षु प्रार्थना शर्मा, इमरान, व्योमा, दिव्या शर्मा, नीशु, संजय मिश्रा, अभिषेक, मरजीना, मनु, वंशिका, शिवानी, नवीन, अभय ने अपने विचार, कविता, गजल प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता आशुतोष त्यागी, डॉ. अनिल यादव, शीतल कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. टीना वर्मा, डॉ. नेहा इकबाल एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लोकेंद्र कुमार ने किया।

## सार-संक्षेप

### लो वोल्टेज से विद्युत उपभोक्ता परेशान

**भोजपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों का लोड बढ़ गया है। लो वोल्टेज के कारण पंखों एवं कूलरों की रफ्तार धीमी हो गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि ब्लॉक भगतपुर क्षेत्र में बिजली खपत ज्यादा है और विद्युत कटौती एवं लो वोल्टेज के कारण व उपभोक्ताओं को बहुत ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि ब्लॉक भगतपुर क्षेत्र में बिजली खपत के मुताबिक ट्रांसफॉर्मर ज्यादा संख्या में लगाने चाहिए। इससे लो वोल्टेज एवं फाल्ट की समस्याओं से निजात मिल सकती है। क्षेत्र में बार बार की जा रही अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं।

### शांतिभंग की आशंका में 11 पर कार्रवाई

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस ने ओमप्रकाश उर्फ पोण्डरक पुत्र हरफूल सिंह निवासी ग्राम मिश्रीपुर मंझरा थाना कांठ, विजयपाल सिंह पुत्र श्याम सिंह, नितिन सैनी पुत्र विजयपाल सिंह, केशवराम पुत्र रामचन्दर, गौरव कुमार पुत्र रोहताश निवासी ग्राम शिमला थाना छजलैट, पंकज कुमार पुत्र निहाल सिंह, रोहित पुत्र रुपबसंत निवासी ग्राम मघपुरी इनायतपुरी थाना कांठ, सावित्री देवी पत्नी केशवराम निवासी ग्राम मिश्रीपुर थाना कांठ, रेखा पत्नी मनोज कुमार निवासी ग्राम मुनीमपुर थाना डिलारी, मंजू देवी पत्नी नितिन सैनी निवासी ग्राम फैजपुर थाना नूरपुर एवं जगवती देवी पत्नी कोमल सिंह निवासी ग्राम गुढ़नपुर माफी थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।


सीएचसी में निरीक्षण के दौरान मौजूद चिकित्साकर्मी। ● अमृत विचार

### सुरक्षित मातृत्व दिवस पर सीएचसी का निरीक्षण

**बिलारी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृ दिवस योजना के तहत वरिष्ठ चिकित्सक हरिश्चंद्र ने निरीक्षण किया। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस की व्यवस्थाएं देखी एवं लाभार्थियों से जानकारी ली। बताया कि निरीक्षण के समय 100 से अधिक पंजीकरण किए जा चुके थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव द्वारा एनबीएसयू का भी निरीक्षण करवाया गया। निरीक्षण के दौरान सीपीएम मनीष कुमार, बीपीएम चंचल सिंह आजाद ,साक्षी यादव, डॉ. रेशम बजाहत आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व एसडीएम को सेवानिवृत्त होने पर दीं शुभकामनाएं

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ के पूर्व एसडीएम शैलेंद्र सिंह 31 मई को बिजनौर से सेवानिवृत्त हुए। बिजनौर जिलाधिकारी कंपाउंड में उनके आवास पर शुभकामनाएं देने वाले अधिकारी एवं उनके मिलने वाले साथियों का तांता लगा रहा। बता दें कि शैलेंद्र सिंह बिलारी, तहसील कांठ, ठाकुरद्वारा में काफी समय रहे। कांठ तहसील से चौधरी बृजेश सिंह प्रदेश सचिव ऑल इंडिया प्राइस डीलर शॉप एवं जिला अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हार्दिक शुभकामनाएं देने उनके आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर डॉ. अशोक चौहान एवं मोहम्मद रफी साथ में मौजूद रहे।

### दिल्ली में ठाकुरद्वारा के अनिरुद्ध चौहान सम्मानित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू में अपर्णा औद्योगिक संस्थान के डायरेक्टर अनिरूद्ध चौहान निवासी ठाकुरद्वारा को 'इंटैलक्चुअल थिंकर एंड मोटिवेटर' अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। यह पुरस्कार अनिरूद्ध चौहान को युवा हित में बौद्धिक चिंतन एवं युवाओं को दिए निशुल्क करिअर उपयोगी मार्गदर्शन के लिए प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहन यशवंत पाटिल, स्पाइस जेट एवं विस्पा एग्रो टेक के प्रबंध निदेशक, आचार्य लोकेश संस्थापक विश्व शांति केन्द्र, पेरेट टीन बांड की संस्थापक आदि रहे।


दिल्ली में सम्मान के दौरान अपर्णा संस्थान के डायरेक्टर अनिरुद्ध चौहान।

## किसानों को फसलों की सिंचाई को निर्बाध मिले विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, कांठ

**बैठक**

- 13 को मिल तथा गन्ना अधिकारियों से होगी भाकियू की वार्ता
- भाकियू ने गन्ना क्रय केंन्द्रों के प्लेटफार्म बड़े कराने की मांग की

**अमृत विचार :** भाकियू की बैठक में 13 जून को सहकारी गन्ना समिति कांठ में मिल तथा गन्ना अधिकारियों ने समस्याओं को लेकर वार्ता का निर्णय लिया।

भारतीय किसान यूनियन ने बताया कि संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्य बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया कि 13 जून को गन्ना सहकारी समिति कांठ में गत वर्षों से जो मांग की गई है उसके संबंध में मिल अधिकारी एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों से निर्णायक वार्ता होगी। बैठक में अवगत कराया कि अधिकारियों के साथ क्रय केंद्र के प्लेटफार्म बड़े करने, किसानों का बकाया भुगतान समिति द्वारा करवाने, खाद एवं की कीटनाशक पर मिल रही सब्सिडी को हटाकर सभी किसानों को समान रूप से देने, आगामी गन्ना पेराई सत्र में किसानों का गन्ना सत्र वर्ष की भांति 15 अप्रैल से पहले लेने, नहर का पानी टेल तक पहुंचाने एवं सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने आदि समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक किसानों से 13 जून की बैठक में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर दर्शन सिंह, हरदीप सिंह, सियाराम सिंह, सतबीर सिंह, अरविंद बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

## मुआवजे से वंचित किसानों ने की नारेबाजी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में मुरादाबाद-काशीपुर हाईवे के बाईपास के लिए अधिगृहीत की भूमि के मुआवजे से वंचित किसानों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पर मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। पीड़ित किसानों ने उपजिलाधिकारी समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन भी सौंपा।

एसडीएम को ज्ञापन देकर किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि गांव रामूवाला गणेश के निवासी किसान जिनकी भूमि साहबगंज तथा फरीदनगर में है। ऐसे लगभग 20 किसान भूमि के मुआवजे से वंचित हैं। इस दौरान किसानों की गेहूं और सरसों की फसल जनवरी-फरवरी माह में बर्बाद कर दी थी। अब किसान मुआवजा न मिलने के कारण धान की फसल से भी वंचित हैं। किसानों ने मांग की है कि मुआवजे से वंचितों को तत्काल मुआवजा दिलाया जाए। बता दें कि किसान राजपाल सिंह तथा राधा देवी की भूमि हाईवे के अधिग्रहण में अधिगृहीत कर ली गई। लेकिन मुआवजा सूची में उनका नाम नहीं है। उनका गाटा रकबा तत्काल पूरा करवाया जाए। किसानों का आरोप है कि भूमि अधिक अधिगृहीत की गई है, लेकिन मुआवजा कम मिला। मांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी। वहीं उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने जिला स्तर पर वार्ता करके तत्काल किसानों की समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अभाकिमस के जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह, जिला सचिव कैलाश सिंह, भीम सिंह, बलराम सिंह, अर्जुन सिंह, कर्मवीर सिंह, राजेश कुमार, प्रीतम सिंह पाल, देवेंद्र सिंह,अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।


एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते रामूवाला गणेश क्षेत्र के किसान। ● अमृत विचार

## मारपीट में दो महिलाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर महिला को मारपीट कर घायल करने के मामले में दो महिलाओं पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कांठ के सिकंदराबाद समदगढ़ निवासी रईसा पत्नी समीरा एवं दूसरे पक्ष की सलमा पत्नी महफूज में रास्ते के विवाद को लेकर गाली गलौज होने लगी। इसके बाद तबस्सुम पत्नी शमीम एवं सलमा दोनों ने रईसा के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन घायल महिला को लेकर थाना कांठ पहुंचे और थाना पुलिस को दोनों आरोपी महिलाओं के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सलमा, तबस्सुम दोनों महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## बोलेरो और बाइक की टक्कर में दो लोग घायल, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, भोजपुर

- दोनों घायलों का मुरादाबाद के निजी अस्पताल में हो रहा उपचार

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सिरसवा दोराहा के ग्राम नेकपुर निवासी अजय अपने रिश्तेदार सोनू ग्राम गनीमत नगर के साथ मुरादाबाद की दिशा में जा रहा था।

इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस को सूचना दी। एक घायल के पिता विजय कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बोलेरो की टक्कर के दौरान नंबर की जानकारी नहीं मिल पाई है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

थाना पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों घायल मुरादाबाद के कॉसमॉस हॉस्पिटल में भर्ती है।

### नकदी व आभूषण चोरी में एक के खिलाफ रिपोर्ट

**भोजपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला धर्मपुर निवासी मंजू ने थाना निरीक्षक विजेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देकर मोहल्ले के विजय कुमार पर नकदी व आभूषण चोरी का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कहा एक सप्ताह पहले मैंने थाना पुलिस को अज्ञात में प्रार्थना पत्र दिया था। एक सप्ताह बाद चोर की जानकारी मिलने पर फिर से प्रार्थना पत्र पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा चौकी इंचार्ज सुनील कुमार राठी का कहना है जल्द ही आरोपी को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

## डीएम के आदेश पर सात लोगों पर रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के आदेश पर कोतवाली बिलारी में पुलिस ने सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। कुछ लोगों के जिलाधिकारी से की गई शिकायत के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। जिसके चलते कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने सात लोगों पर गिरोह बंद अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसका सरगना मोहम्मद रफी उर्फ राजू को बताया है। इसके साथी अफजल रजा, आमिल अख्तर, सुल्तान जहां उर्फ रोजी, हाफिज अहमद, शमशाद हुसैन, फाजिल हुसैन हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सभी पर जालसाजी का मामला दर्ज किया है। यह धोखाधड़ी करके पहचान छुपाकर लोगों की जमीन हड़पने जैसे संगीग अपराध करके आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करते हैं। इसलिए इन सातों पर मुकदमा दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की गई है।

## दो किसानों के खेत से चोर ले गए नलकूप के उपकरण

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में आएदिन नलकूप से मोटर, क्वाइल, स्टार्टर आदि की चोरी की घटनाएं प्रकाश में आ रही है। भारतीय किसान यूनियन के धरने एवं प्रदर्शन के बाद भी अज्ञात चोरों का सक्रिय गिरोह पुलिस की पकड़ से बाहर है। क्षेत्र के ग्राम शुक्ला में शुक्रवार रात विकास कुमार पुत्र गिरन सिंह एवं दिनेश कुमार पुत्र सुम्मेश सिंह के खेतों में लगे निजी नलकूपों से चोर उनके मोटर की क्वाइल, स्टार्टर, केबिल ले गए। मामले में पुलिस ने दोनों किसानों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**अनदेखी** जमशेदपुर, तगावाला जोगीपुरा, गोविंदपुर के निकट हो गए हैं गड्ढे

# सड़क के गड्ढों में भरे पानी से परेशानी

संवाददाता, डिलारी


सड़क के गड्ढे में भरे पानी से होकर गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डिलारी से मुरादाबाद को जोड़ने वाला मार्ग जगह-जगह टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गया है। इस पर कई जगह आबादी क्षेत्र की नालियों का गंदा पानी भर गया है। जिसके चलते सड़क का बड़ा हिस्सा जर्जर हो गया है।

बता दें कि इस सड़क से प्रतिदिन भारी वाहनों के अतिरिक्त टेम्पो, दुपहिया वाहन सैकड़ों की संख्या में गुजरते हैं। सड़क में गड्ढे होने के कारण वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और यात्री घायल हो रहे हैं। इन गड्ढों के कारण बड़े वाहनों के एक्सल टूट चुके हैं। शहर को जाने वाले इस मार्ग पर करीब दो दर्जन से अधिक गांव आते हैं। क्षेत्र वासियों का कहना है कि इस टूटे हुए मार्ग से जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी प्रतिदिन आते जाते हैं। लेकिन अभी तक टूटी सड़क का संज्ञान किसी ने नहीं लिया। इन गड्ढों के कारण किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इस सड़क पर तीन डिग्री कॉलेज और आठ इंटर कॉलेज हैं। इससे हजारों छात्र-छात्राओं को साइकिल से निकलने में परेशानी होती है। क्षेत्रवासी रहमान, हर प्रसाद, नौबत सिंह, प्रेम सिंह, योगराज, नरेश शर्मा, वेद प्रकाश, रियासत हुसैन, जमील अहमद, शकील ने बताया कि गड्ढा मुक्त सड़क योजना के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों से कई बार प्रार्थना पत्र देकर गांव जमशेदपुर, तगावाला जोगीपुरा, गोविंदपुर के पास टूटी सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। क्षेत्र वासियों ने सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की है।

## युवक ने कमरे में फंदे से लटककर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में युवक ने शुक्रवार रात घर के कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी।

थाना मझोला के रामतलैया मोहनलाल वाली गली निवासी विकास पुरी उर्फ सचिन (24) पुत्र स्व. सुरेंद्र पुरी कोतवाली क्षेत्र में एक निजी फर्म में अकाउंटेंट का काम करता था। राजीव ने बताया कि शुक्रवार देर शाम विकास ड्यूटी से घर आया, तब सामान्य दिख रहा था। उसने मां से कहा कि खाना बना दो। इसके बाद खुद कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद जब परिवार के लोग उसे बुलाने गए तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। झांक कर देखा तो विकास पंखे से लटका था। कुछ देर बाद मझोला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम भी आई और मौके पर जांच कर साक्ष्य एकत्र किए थे। युवक की मौत का कारण पोस्टमार्टम में लटकना आया है। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि मामले में परिजन जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। आत्महत्या के कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### मादक पदार्थ की तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना पुलिस ने आदर्श कॉलोनी से मादक पदार्थ की तस्करी में आरोपी मोहित को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने स्मैक बरामद की है। इस मामले में सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि उन्हें आरोपी के मामले में मुखबिर से सूचना मिली थी। जिसके आधार पर उन्होंने थानाध्यक्ष व चौकी पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में फकीरपुरा पुलिस चौकी इंचार्ज रितू तेवतिया व हेड कांस्टेबल राजेश, कांस्टेबल संजय मौके पर पहुंचे थे।



## एक नजर

### कहासुनी के बाद फंदे से लटका युवक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम में एक युवक ने घरवालों से कहासुनी के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह परिजन उठे तो उसका शव फंदे से लटक रहा था। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में बादल (24 वर्ष) यहां परिवार के साथ रहता था। परिजनों से हुई बातचीत में पुलिस को पता चला कि शुक्रवार की रात बादल खाना खाकर परिवार के साथ सोने चला गया था। देर रात वह कमरे में चला गया। सुबह जब घरवाले उठे तो उनके होश फाख्ता हो गए। बादल का शव कमरे में पंखे से बंधे दुपट्टे के सहारे लटक रहा था।

### पॉक्सो एक्ट में सुनाई 22 साल की सजा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** पॉक्सो एक्ट के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश श्रीकांत पांडे ने अभियुक्त को 22 साल की सजा सुनाई है। सजा के साथ साथ अभियुक्त को दस हजार रुपये का अर्थदंड भी जमा करना होगा। अभियोजन के अनुसार 20 मार्च 2023 को पीड़िता दुकान में सामान लेने गई थी। जहां दुकान पर बैठे अभियुक्त मोहन सिंह ने पीड़िता की छोटी बहन को घर भेज दिया और पीड़िता के साथ दुकान में दुष्कर्म किया।

# पेड़ के नीचे बैठे छह लोगों को पिकअप ने रौंदा, चार की मौत

## लोगों ने पिकअप चालक को पीटा, पुलिस से झड़प और धक्का-मुक्की

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)


धनपाल।


ब्रह्मपाल।


राम प्रकाश।


ज्ञानचंद्र।

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिकअप ने पीपल के पेड़ के नीचे बैठे छह लोगों को रौंद दिया। चार लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पिकअप चालक को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद जाम लगा दिया। पुलिस से झड़प भी हो गई। एक मृतक के भाई के समझाने पर साढ़े चार घंटे के बाद जाम खोला।

बिसौली-आंवला मार्ग पर गांव पैगा भीकमपुर में छह ग्रामीण शनिवार दोपहर पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान आंवला की ओर से आई पिकअप का चालक नियंत्रण खो बैठा और पिकअप ने ग्रामीणों को रौंद दिया। राम प्रकाश (45), ब्रह्मपाल (40), धनपाल (50), ज्ञानचंद्र (35) की मौके पर मौत हो गई। जबकि रामवीर और नेत्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर धुनाई लगा दी। सूचना पर बिसौली के प्रभारी निरीक्षक सुनील अहलावत के साथ पहुंचे पुलिसकर्मियों ने चालक को बचाने की कोशिश की तो ग्रामीणों से झड़प और धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस ने जैसे-तैसे चालक को बचाकर कोतवाली भिजवा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने आंवला मार्ग पर डनलप और ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर जाम लगा दिया। मौके से शव नहीं उठाने दिए। वाहनों की कतार लग गई। ग्रामीण डीएम को बुलाने की जिद करने लगे। एडीएम प्रशासन रेनू सिंह और एसपी देहात राम मोहन सिंह गांव पहुंचे। उनके समझाने के बाद भी नहीं माने। मृतक राम प्रकाश के चचेरे भाई अधिवक्ता वीर सिंह यादव के समझाने के बाद ग्रामीणों ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए जाने दिए।

> हादसे में चार लोगों की मौत हुई है और दो लोग घायल हैं। ग्रामीणों को समझाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।
> – राम मोहन सिंह, एसपी देहात

### ग्राम फिरोजपुर में मिला जसपुर के व्यक्ति का शव

**काशीपुर, अमृत विचार :** ग्राम फिरोजपुर के खेत में जसपुर निवासी एक व्यक्ति का शव मिला है। बताया जा रहा है कि मृतक शुक्रवार रात से घर से गायब था।

शनिवार को पुलिस को डायल 112 पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव फिरोजपुर गांव में चंद्रसेन के खेत में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली, तो उसके जेब से आधार कार्ड, पेन कार्ड व मोबाइल फोन मिला। आधार कार्ड के अनुसार मृतक की शिनाख्त रविंद्र कुमार विश्नोई निवासी मोहल्ला भूप सिंह, वार्ड नंबर 8, जसपुर के रूप में हुई। बरामद मोबाइल से पुलिस ने मृतक के भाई मनोज विश्नोई को फोन कर उसके नंबर पर शव का फोटो भेजा। मनोज ने भी शव की शिनाख्त अपने भाई रविंद्र के रूप में की। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था। मौत अत्यधिक शराब के सेवन या हार्टअटैक से होना प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक शुक्रवार रात से घर से गायब था। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चल सकेगा।

# बच्चे न होने पर किया दूसरा निकाह पहली पत्नी को मारीं तीन गोलियां

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

**हमला**

- चार महीने पहले किया दूसरा निकाह, पहली पत्नी घर से नहीं निकली तो मार दी गोली


अस्पताल में भर्ती घायल सबीना।

**अमृत विचार :** बच्चा न होने पर एक युवक ने दूसरा निकाह कर लिया। पहली पत्नी को घर से निकालने की कोशिश की। वह घर से नहीं गई तो तमंचे से तीन गोलियां मारीं। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को अलीगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

सहसवान के चौधरी मोहल्ला निवासी शबीना उर्फ शब्बो का निकाह सात साल पहले गांव जौनेरा निवासी राशिद पुत्र कल्लन के साथ हुआ था। शबीना को संतान नहीं हुई तो वह चिकित्सक को देखाने की बात कहती रही। राशिद नहीं माना। करीब चार महीने पहले गांव गुड़ौलिया पट्टी तासौर निवासी शहनाज से दूसरा निकाह कर लिया और शबीना पर घर छोड़ने का दबाव बनाने लगा। शनिवार सुबह शबीना घर पर काम कर रही थी। राशिद ने उससे झगड़ा किया। इसके बाद तमंचे से तीन गोलियां दाग दीं। पहली गोली शबीना के जबड़े में फंस गई। दूसरी गोली बाएं हाथ पर लगी। शबीना अचेत होकर गिर गई तो तीसरी गोली पीठ पर मारी और भाग गया। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने हालत गंभीर देख रेफर कर दिया। परिजन उसे अलीगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है।

### इलाज कराने के लिए एक साल का मांगा था समय

शबीना के बहनोई गांव भूरनपुर निवासी हारुन ने बताया कि संतान न होने पर पति-पत्नी के बीच अक्सर ही विवाद होता रहता था। कई बार पंचायतें भी हुई थीं। जिसमें शबीना के मायका पक्ष ने शबीना को चिकित्सक को दिखाकर इलाज कराने के लिए एक साल का समय मांगा था। साथ ही पंचायत में यह भी कहा गया कि राशिद अपनी पहली पत्नी को अपनी 20 बीघा जमीन में हिस्सा दे लेकिन वह नहीं माना। शबीना ने यहां भी कहा था कि राशिद दोनों पत्नियों को अलग-अलग मकान दे दे। दोनों पत्नियां अलग-अलग रह लेंगी। इसके बाद भी राशिद पूरी तरह से शबीना को अपनी जिंदगी से निकालने पर आमादा था।

**सीधी भर्ती**
**पशु स्वास्थ्य सुधार मिशन उ.प्र.**
में कुल 6222 रिक्त पदों पर

| ग्रुप-A-375 (स्नातक) | ग्रप-B-980 (इण्टरमीडिएट) | ग्रुप-C-4867 (हाईस्कूल) |
|---|---|---|

वेतनमान 21500, 17000 व 13500
योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी
https://pashuswasthyasm.com
पर ऑनलाइन आवेदन करें।
संपर्क हेतु : pashuswasthyasm@gmail.com

# नहर में मिला बाघ का सड़ा गला शव

अमृत विचार, पीलीभीत/ अमरिया

**घटना**

- टीम के साथ मौके पर पहुंचे डीएफओ, जांच -पड़ताल की
- नहर से शव को बाहर निकाला पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा मौत का कारण

**अमृत विचार :** अमरिया क्षेत्र की एक नहर में बाघ का शव पड़ा होने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। डीएफओ ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। शव बुरी तरह से सड़ गल चुका है। बाघ की मौत कैसे हुई है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगा।

अमरिया क्षेत्र में ड्युनीडाम से डीबी फीडर गुजरती है। इसी फीडर से गांव करगैना करगैनी के लिए छोटी नहर भी जाती है। शनिवार शाम करीब चार बजे कुछ ग्रामीणों ने गांव करगैना के समीप नहर की पिचिंग के पास एक बाघ के शव को पड़ा देखा। ग्रामीणों ने नहर में बाघ का शव पड़ा होने की जानकारी वन विभाग को दी। बाघ का शव नहर में पड़ा होने की जानकारी लगते ही करगैना समेत आसपास गांवों के ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर पहुंच गई।

सूचना मिलते ही सामाजिक वानिकी प्रभाग की वन दरोगा सोनी सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। टीम ने इनकी जानकारी डीएफओ मनीष सिंह को दी। डीएफओ ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इसी बीच सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर देवऋषि, वन दरोगा शैलेंद्र कुमार समेत अन्य वनकर्मी भी मौके पर पहुंच गए।

इसके बाद बाघ के शव को बाहर निकाला गया। वन अफसरों की मानें तो शव काफी सड़ गल चुका है। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि वन्य जीव कौन सा है। हालांकि वह बाघ की तरह ही दिख रहा है। फिलहाल अब शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद ही वन्य जीव की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

> ग्रामीणों से बाघ का शव माइनर में फंसे होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई है। शव बाघ का प्रतीत तो हो रहा है, लेकिन अभी स्पष्ट तौर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि शव बाघ का ही है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
> – मनीष सिंह, प्रभारी डीएफओ, सामाजिक वानिकी प्रभाग

### ट्रेन में फायर अलार्म बजने से यात्रियों में मचा हड़कंप

**बरेली, अमृत विचार :** बीच सफर में गंगा सतलुज एक्सप्रेस में फायर अलार्म बजने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन रास्ते में खुद रुक गई। आरपीएफ स्टाफ मौके पर पहुंचा, लेकिन फायर अलार्म क्यों बजा, यह स्पष्ट नहीं हो सका।

यह घटना सुबह करीब नौ बजे की है। तिलहर और बंथरा स्टेशन के बीच अचानक 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच में फायर अलार्म बजने लगा। एलएचबी रेक होने के कारण अलार्म बजने पर ट्रेन खुद बीच रास्ते में रुक गई। उधर, यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। गार्ड ने संबंधित कोच को चेक किया, लेकिन वहां कुछ ऐसा नहीं पाया गया, जिससे फायर अलार्म बजे। शाहजहांपुर में भी ट्रेन को चेक किया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। अनुमान है कि किसी ने धूम्रपान किया होगा जिसकी वजह से फायर अलार्म बजा होगा। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है।

# प्रेमनगर व मोहम्मद गंज मार्ग उखड़ा, राहगीरों को परेशानी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


प्रेमनगर कालोनी में क्षतिग्रस्त सड़क।

- आवागमन में राहगीरों को हो रही परेशानी, सड़क ठीक कराने की मांग

**अमृत विचार:** नगर पंचायत मौलागढ़ के प्रेमनगर कालोनी में सड़क का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। यहां जलभराव हो गया है। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बरसात से पहले समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक के नजदीक से प्रेमनगर को मार्ग गया है। यह क्षेत्र ग्राम पंचायत मौलागढ़ में आता है। यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है। जिससे इस मार्ग पर वाहनों व पैदल वाले लोगों का आवागमन अधिक रहता है। प्रेमनगर में मुख्य सड़क का कुछ हिस्सा कई दिन पहले क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे गहरा गड्ढा होने से उस स्थान पर जलभराव हो गया है। पैदल व दोपहिया वाहन चालकों को जलभराव से आवागमन के दौरान परेशानी के साथ हादसा होने का खतरा है। बरसात में स्थिति अधिक विकराल हो जाएगी। आसपास के लोगों ने बताया कि शीघ्र ही ग्राम प्रधान से मिलकर क्षतिग्रस्त सड़क के हिस्से को सही कराने की मांग की जाएगी।

### बाईपास मार्ग पर नाले में मिला युवक का शव

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** रंपुरा चौकी इलाके की खेड़ा बस्ती के रहने वाले एक युवक का नाले में शव मिला है। युवक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं भाई ने हत्या कर शव फेंकने का संदेह जताया है। पुलिस ने प्रकरण की तफ्तीश शुरू कर दी है।

25 वर्षीय गौतम पाल खेड़ा बस्ती वार्ड-18 में परिवार के साथ रहता था और करतारपुर मार्ग स्थित हार्डवेयर की दुकान पर काम करता था। शुक्रवार को छुट्टी होने के कारण वह अपने भाई गोविंद पाल से अभी आने की बात कहकर घर से निकला था। शाम साढ़े छह बजे पुलिस को सूचना मिली कि किच्छा बाईपास मार्ग स्थित एफसीआई गोदाम के सामने नाले में एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

**सम्बन्ध-विच्छेद**
मेरा पुत्र उबेद शहजाद पुत्र शहजाद मियां गलत संगत मे पड़ गया है और आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करता रहता हैं उसके कुकृत्यों से परेशान होकर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कुकृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। नसीम बानो पत्नी श्री शहजाद मिया नि. रेती स्ट्रीट बिहाइन्ड संगम पैलेस, तह. व जिला मुरादाबाद।

**नाम-परिवर्तन**
मैंने अपना नाम SAMEENA SAJJAD से बदलकर SAMEENA ASLAM पत्नी ASLAM KHAN निवासी Kothi Jabbar Khan, Near Sona Binna Ki Dukan Rampur (U.P.), रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**खोया-पाया**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 का प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 0786486 जो कि मैंने अभयशिक्षा निकेतन काँठ रोड मुरादाबाद से उत्तीर्ण किया हैं। जो कि वास्तव में कहीं खो गया हैं। ABISHEK KUMAR NAWABPURA CHHADIYO KA MAIDAN, THANA NAGPHANI, MORADABAD.

# जंगलों में धधकी आग ने विकराल रूप धारण किया

संवाददाता, अल्मोड़ा


आग बुझाते फायर बिग्रेड के कर्मचारी।

**अमृत विचार :** जिले में वनाग्नि की घटनाओं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार की देर शाम अल्मोड़ा जिला मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित ताकुला के जंगलों में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने धीरे धीरे विकराल रूप धारण कर लिया और वह इस मार्ग पर स्थित सुमन रिसॉर्ट तक पहुंच गई। आनन फानन में रिसॉर्ट के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने जंगल में आग लगने की घटना की सूचना अल्मोड़ा के एनटीडी स्थित फायर बिग्रेड के अधिकारियों को दी। जिसके बाद अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में फायर विभाग की एक टीम मौके की ओर रवाना हुई।

मौके पर पहुंचकर टीम ने जंगल की बेकाबू आग पर काबू पाने को प्रयास शुरू कर दिए। फायर के अधिकारियों ने बताया कि जंगल की आग मुख्य सड़क तक पहुंच चुकी थी। इसलिए उस पर काबू पाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। फायर के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटर फायर इंजन से पपिंग कर दो होज पाइप की मदद से आग बुझाना शुरू कर दिया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद विभाग के कर्मचारियों ने जंगल में फैली आग पर काबू पा लिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

### बाइक लूट में विफल होने पर युवक को मार दी गोली

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि बाइक लूट की वारदात में जब सफल नहीं हुए तो उन्होंने बाइक सवार युवक पर गोली चला दी। घायल अवस्था में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहरीर आने के बाद पुलिस ने घटना की तफ्तीश शुरू कर दी।

ग्राम मेघना वाला कदीम शहजादनगर रामपुर यूपी निवासी हरपाल सिंह ने बताया कि उसका बेटा जितेंद्र कुमार सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। 31 मई की रात साढ़े 11 बजे वह अपने साथी पुष्पेंद्र यादव के साथ ट्रांसपोर्ट से घर लौट रहा था कि थाना ट्रांजिट कैंप इलाके हनुमान धाम स्थित ढाल के समीप चार से पांच बदमाशों ने घेर लिया और बाइक को लूटने की कोशिश की। जब विरोध किया तो बदमाशों में से एक ने तमंचा निकालकर जितेंद्र पर फायर झोंक दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# अकेले बुलाने पर नहीं गई छात्रा तो प्रवक्ता ने नंबर काटने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तबीयत खराब होने पर पेपर नहीं दे सकी थी

**अमृत विचार :** बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ने शहर के महाविद्यालय के एक प्रवक्ता पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए प्राचार्य से शिकायत की है। प्राचार्य ने जांच के लिए तीन महिला प्रवक्ताओं की कमेटी गठित की है। छात्रा ने शिक्षा निदेशक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

शहर के एक महाविद्यालय से बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ने महाविद्यालय के प्रवक्ता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राचार्य को शिकायती पत्र देकर छात्रा ने बताया कि उसकी तबीयत खराब होने की वजह से वह 18 मई को परीक्षा नहीं दे पाई। उसने परीक्षा की जानकारी के लिए कॉलेज के प्रवक्ता को फोन किया। प्रवक्ता ने 20 मई को छात्रा को महाविद्यालय बुलाया और उसका उत्पीड़न किया। अगले दिन अकेले आने को कहा। छात्रा ने मना कर दिया तो प्रवक्ता ने इंटरनल नंबर काटने की धमकी दी। इससे छात्रा को भारी मानसिक आघात पहुंचा। छात्रा के अनुसार वह दो बार सुसाइड करने की कोशिश कर चुकी है। छात्रा ने महाविद्यालय की प्राचार्य से कार्रवाई की मांग की है जिसका संज्ञान लेकर प्राचार्य ने उच्च शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर शिकायत से अवगत कराया है। बताया कि मामले की जांच के लिए महाविद्यालय की तीन प्रवक्ताओं की जांच कमेटी गठित की गई है। छात्रा ने अपना बयान भी दिया है। जांच समिति ने इसका वीडियो भी बनाया। जांच अभी लंबित है। प्राचार्य ने शिक्षा निदेशक से मामले को संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है।

### मानदेय कटौती के विरोध में उतरे शिक्षामित्र

**बरेली, अमृत विचार :** 1 से 14 जून तक का शिक्षामित्रों को मानदेय नहीं मिलेगा। इस संबंध में आदेश जारी होने के बाद शिक्षामित्रों ने विरोध शुरू कर दिया है। शनिवार को उन्होंने बीएसए कार्यालय में पत्र सौंपकर विरोध जताया। जिले के परिषदीय स्कूलों में करीब 34 सौ शिक्षामित्र हैं। शिक्षामित्र अभिषेक का कहना है कि वर्तमान में तय मानदेय में घर चलाने में कठिनाई हो रही है। मानदेय की कटौती से परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाई आएगी।

**ऐतिहासिक पल** बढ़ेगी सेना की ताकत, पहले बैच की पासिंग आउट परेड में परिजनों ने भी लिया हिस्सा

# 989 अग्निवीरों ने लिया देश सेवा का संकल्प

संवाददाता, रानीखेत/ अल्मोड़ा


रानीखेत में पासिंग आउट परेड के दौरान उत्कृष्ट रिक्रूटों को सम्मानित करते अतिथि।

**अमृत विचार :** कदम कदम बढ़ाए जा की धुन पर पासिंग परेड में हिस्सा लेते जोश और उत्साह के जज्बे से लवरेज 989 अग्निवीर जवानों ने शनिवार को रानीखेत के सोमनाथ मैदान में देश सेवा का संकल्प लिया। करीब 31 हफ्ते की कड़ी ट्रेनिंग के बाद एक ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनते हुए जहां जवान अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहे थे। वहीं उनके परिजनों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया।

रानीखेत के सोमनाथ मैदान में शनिवार के दिन अग्निवीर जवानों के अंदर जोश का जज्बा देखने लायक था। पहले बैच की पासिंग परेड के दौरान जवानों ने कदम कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा गीत के साथ पासिंग परेड में मार्च पास्ट किया। केआरसी कमांडेंट व मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने मार्च पास्ट की सलामी ली और अग्निवीरों का हौसला बढ़ाते हुए तत्परता से देश सेवा में जुटने के लिए प्रेरित भी किया। यादव ने कहा कि सेना का जीवन किसी तपस्या से कम नहीं है और सेना के लिए देश सेवा से बढ़कर कोई लक्ष्य नहीं होता। उन्होंने कहा कि कुमाऊं रेजिमेंट के नाम देश का पहला सर्वोच्च सम्मान है। इसलिए देश सेवा का जज्बा लिए युवाओं का अग्निवीर बनने का निर्णय गौरव की बात है। इस दौरान के आरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर यादव ने सेना में जाने के लिए अपने बच्चों को प्रेरित करने के लिए अग्निवीरों के परिजनों का आभार जताया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब ये अग्निवीर थल सेना का हिस्सा बनकर देश सेवा करेंगे। इससे सेना की ताकत और बढ़ेगी। पासिंग आउट परेड के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को मेडल देकर सम्मानित किया।

**इन रिक्रूटों को किया सम्मानित**

| | |
|---|---|
| ओवरआल बेस्ट | – हेमंत सिंह |
| बेस्ट इन ड्रिल | – लक्ष्मण सिंह |
| बेस्ट इन बीपीईटी | – जोगेंद्र |
| बेस्ट इन रिटन | – सूरज सिंह |
| बेस्ट इन टीएसओईटी | – सचिन रावत |
| बेस्ट इन फायरिंग | – नागवी केआई |

### जवान के घर से उड़ाए लाखों के जेवरात

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** भूरारानी स्थित एक कॉलोनी में आईटीबीपी जवान के घर चोरों ने धावा बोलकर लाखों के जेवरात उड़ा दिए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया।

नवीन कुमार धोलिया 37वीं वाहिनी आईटीबीपी में हवलदार हैं और वर्तमान में लेह लद्दाख में तैनाती है। जबकि उनका परिवार भूरारानी स्थित डि वाइन पार्क कॉलोनी में रहता है। फौजी के भाई पुष्कर राम धौलिया ने बताया कि 30 मई की देर रात चोरों ने भाई के घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी का लॉक तोड़कर अंदर रखे एक सोने का कुंडल, चार घड़े तांबे के और दो हजार की नगदी सहित अन्य सामान चुरा लिया। आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी पंकज मेहर ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों का रहा दौर

# चुनाव के अंतिम चरण में भी चली सत्तापक्ष-विपक्ष में खींचतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- कहीं पीठासीन अधिकारी तो कही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर लगे आरोप

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के दौरान भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच चुनावी व्यवस्थाओं को लेकर खींचतान चलती रही। शनिवार को उप्र. की 13 सीट के लिए चुनाव संपन्न हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर विपक्ष की ओर से आरोपों का दौर रहा। भाजपा की तरफ से इन सभी आरोपों का खंडन करते हुए उल्टा कई क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं पर ही अभ्रदता का आरोप लगाया।

मतदान के बीच उप्र. कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व वाराणसी लोस. सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को नजरबंद कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अजय राय ने लिखा, वाराणसी लोस. में प्रशासन द्वारा इंडी गठबंधन के नेताओं, कार्यकर्ताओं को घर पर नज़रबंद करके मतदान को प्रभवित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने लिखा, चुनाव आयोग कृपया यह संज्ञान ले कि हमारे गठबंधन के लोगों को चिन्हित करके ऐसा क्यों किया जा रहा है?

वहीं, देवरिया में सपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि वहां की तमकुही राज विधानसभा में बूथ संख्या 86 पर थाना अध्यक्ष द्वारा सपा बूथ एजेंट को बाहर कर दिया गया है। साथ ही फर्जी मतदान की आशंका है। वहीं सपा की एक एक्स पोस्ट सामने आयी जिसमें आरोप लगाया है कि मिर्जापुर लोकसभा के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 381 पर पीठासीन अधिकारी द्वारा भाजपा के पक्ष में स्वयं ही मतदान किया जा रहा है।

यह भी आरोप लगाया गया कि मिर्जापुर सीट के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 77, 78, 79 पर चौकी इंचार्ज द्वारा भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सपा के सेक्टर इंचार्ज और कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की गई है। उधर, बलिया सीट की जहूराबाद विधानसभा में बूथ संख्या 61, 63 पर धीमा मतदान होने की शिकायत भी चुनाव आयोग से की गई।

### सपा प्रमुख ने भी लगाया आरोप

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए दावा किया कि भाजपा की पराजय की पटकथा लिखने के साथ ही मतदाताओं ने सत्ता में आने का मार्ग सपा और इंडी गठबंधन के लिए प्रशस्त कर दिया। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी एक संदेश में कहा कि अंतिम चरण के चुनाव में सत्ता के बल पर मतदाताओं को डराने धमकाने, मतदान में बाधा डालने के साथ पोलिंग एजेंट को धमकाने या भगा देने की तमाम शिकायतें भाजपा के खिलाफ दर्ज हुई हैं। उन्होंने सवाल किया कि मिर्जापुर छानवे विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 430, 431 पर प्रशासन ने सीसीटीवी क्यों बंद करा दिया? धीमी गति से मतदान के खिलाफ आवाज उठाने पर पडरौना में पूर्व प्रधान को गिरफ्तार करा दिया गया। बलिया में भी खराब ईवीएम में मतदान कराया गया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पलटवार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक पर प्रतिक्रिया दी कि वहां हार का ठीकरा फोड़ने के लिए ईवीएम, सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग और चुनाव आयोग की भूमिका को घेरने के लिए चर्चा हुई है। शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं में साहस की कमी रही, इस कारण राहुल गांधी और अखिलेश यादव सभी 80 लोकसभा सीटों पर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाये। उन्होंने कहा कि चुनाव में जिस तरह से विपक्षी गठबंधन ने बंटवारे की राजनीति की, निम्न स्तर पर उतर कर भाषाई मर्यादायें लांघीं, उसका जवाब जनता ने भाजपा के समर्थन में मतदान करके दिया।

# इटावा सफारी में शेरनी नीरजा ने तीन शावकों को दिया जन्म

कार्यालय संवाददाता, इटावा


सीसीटीवी की निगरानी में शेरनी नीरजा।

**अमृत विचार :** इटावा लॉयन सफारी पार्क से बड़ी खुशखबरी मिली। बीती रात शेरनी नीरजा ने यहां तीन शावकों को जन्म दिया। पहले शावक का जन्म रात 9:50 बजे, दूसरा 10:50 बजे और कुछ घंटे के इंतजार के बाद रविवार सुबह तीन बजे शेरनी नीरजा ने तीसरे शावक को जन्म दिया। इस घटना से सफारी में खुशी का माहौल है। शेरनी नीरजा गर्भवती थी और डॉक्टरों ने डिलीवरी डेट 29 या 30 मई बताई थी। इस कारण उसे खास देखभाल और निगरानी में रखा जा रहा था।

नीरजा ने 31 मई और पहली जून की रात तीन शावकों को सफलता पूर्वक जन्म दिया। इनमें से एक शावक को नीरजा अपना दूध भी पिलाने लगी है। सफारी के निदेशक डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि शेरनी नीरजा और नवजात शावक पूरी सरह स्वस्थ हैं।

### सफारी में अब हो गए 16 बब्बर शेर

सफारी पार्क में तीन शावकों के जन्म लेने से अब बब्बर शेरों की संख्या 16 हो गयी है। दो सप्ताह पहले सफारी से एक शेर और एक शेरनी को गोरखपुर प्राणि उद्यान भेजा गया था। इसके बाद यहां 13 शेर-शेरनी रह गए थे।

## दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर ही बयाना राशि जब्त की जा सकती है

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खनन पट्टे के लिए जमा की गई बयाना राशि को जब्त करना गलत मानते हुए कहा कि खनन पट्टे के लिए जमा की गई बयाना राशि तभी जब्त की जा सकती है, जब जांच के दौरान किसी व्यक्ति के दस्तावेज झूठे या फर्जी पाए जाएं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने मेसर्स प्रज्ञासन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षियों को 90 लाख रुपए की बयाना राशि वापस करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि शासनादेश दिनांक 9 अक्टूबर 2017 के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य में किसी भी व्यक्ति को 50 हेक्टेयर से अधिक कुल क्षेत्रफल के लिए दो से अधिक खनन पट्टे नहीं दिए जा सकते हैं। उक्त शर्त का उल्लंघन होने पर अंतिम पट्टा निरस्त कर दिया जाता है और उसके लिए जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाती है। कोर्ट ने विपक्षियों को याची द्वारा जमा की गई राशि लौटने का निर्देश दिया।

# कुत्तों के हमले से बचने को तालाब में कूदा युवक, डूबने से हुई मौत

## मॉर्निंग वॉक पर निकला था, अचानक कुत्तों का झुंड टूट पड़ा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** आशियाना में शनिवार सुबह टहलने निकले युवक पर कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। दहशत में आकर युवक ने बचने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। युवक को तैरना नही आता था, इलसिए डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक मृतक कुछ दिन पहले अपने भाई से मिलने के लिए हैदराबाद से आया था।

पुलिस के अनुसार औरांगाबाद जागीर में रहने वाले कासिम पीरा का छोटा भाई कासिम (25) हैदराबाद में एयरपोर्ट पर सुपरवाइजर था। सप्ताह भर पहले भाई से मिलने लखनऊ आया था। सुबह करीब 4 बजे वो टहलने निकला था। इसी दौरान कुत्तों का झुंड उसपर टूट पड़ा। इनसे बचने के लिए दौड़कर कासिम तालाब में कूद गया। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस पहुंची तो गोताखोरों को बुलाकर कासिम को बाहर निकाला गया तो मौत हो चुकी थी। उसके भाई पीरा ने बताया कि शनिवार शाम को ही उसे हैदराबाद वापस लौटना था। लेकिन सड़क पर घूम रहे खूंखार कुत्ते उसका काल बन गए।

### बढ़ते तापमान में हिंसक हो रहे कुत्ते

पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा का कहना है कि भीषण गर्मी का असर कुत्तों पर भी पड़ रहा है। इसकी वजह से सड़क पर घूमने वाले कुत्ते हिंसक हो रहे हैं। इनसे खुद का बचाव करना जरुरी है। घटना की जानकारी होते ही कैटल कैचिंग दस्ते को औरंगाबाद जागीर भेजा गया। वहां से नौ कुत्तों को पकड़कर जरहरा शवान केंद्र भेजा गया। नसबंदी और टीकाकरण के बाद इन्हें छोड़ा जाएगा।

### अधिक गर्मी कुत्तों में बढ़ा रही व्याकुलता

पशु कल्याण अधिकारी का कहना है कि 35 से 37 डिग्री सेल्सियम तापमान तक कुत्ते सामान्य अवस्था में रहते हैं। 42 डिग्री के उपर पारा पहुंचने पर इनमें व्याकुलता बढ़ जाती है। इसकी वजह से हिंसक होकर राहगीरों पर हमला बोल देते हैं। उन्होंने बताया कि तीन साल में अभियान चलाकर 80 हजार कुत्तों को श्वान केंद्र पहुंचाया गया। यहां उनकी नसबंदी और टीकारण कराने के लिए उन्हें उसी इलाके में छोड़ा गया जहां से पकड़ा गया था। उनका कहना है कि कुत्तों का क्षेत्र बदलने से वे नई जगह पर वे और हिंसक हो जाते हैं।

## कन्या के खाते में भेजे जा सकते हैं गृहस्थी के दस हजार रुपये

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्या को गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले दस हजार रुपये भी सीधे खाते में भेजे जा सकते हैं। हालांकि इसका निर्णय शासन स्तर पर होना है। जून या जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में इसका प्रस्ताव पारित हो सकता है। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के कुछ जिलों से गड़बड़ियों की बात सामने आई थीं। बलिया में विवाह कर चुके व्यक्ति को भी लाभार्थी दिखाया गया था। साथ ही एक कन्या को बिना विवाह के ही योजना में शामिल किया गया था। मामले का खुलासा होने पर एक अधिकारी को निलंबित किया गया था। जबकि आठ अपात्र लाभार्थियों समेत नौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। योजना में फर्जीवाड़े की शिकायतें आने के बाद ही तय किया गया कि वर और वधु-पक्ष के पास-पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। पड़ोस के लोग प्रमाणित करेंगे कि वर या वधु का विवाह नहीं हुआ है।

# एक ही मामले में दो विरोधाभासी आदेश पारित करने पर न्यायिक अधिकारी से जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- गाजियाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को सुनिश्चित की

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को एक ही मामले में एक ही दिन दो विरोधाभासी आदेश पारित करने के लिए अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची को आर्थिक अपराध शाखा में शिकायत दर्ज करानी पड़ी और आईपीसी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी भी दर्ज करानी पड़ी। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद ने मानहानि मामले में दो विरोधाभासी आदेश पारित किए।

बता दें कि विभिन्न समाचार पत्रों में याची के खिलाफ समाचार प्रकाशित होने के कारण गाजियाबाद में याची के विरुद्ध विपक्षी अंकुर गर्ग द्वारा मानहानि का मुकदमा दाखिल किया गया था, जिसके सापेक्ष मजिस्ट्रेट ने दो विरोधी आदेश पारित किए।एक आदेश सीआरपीसी की धारा 203 के तहत शिकायत को खारिज करते हुए पारित किया गया। इसके बाद दूसरे आदेश में याची को आईपीसी की धारा 500 के तहत मानहानि के मुकदमे के लिए समन जारी किया गया। अंत में कोर्ट ने मानहानि के मुकदमे में याची के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्यवाही न करने का निर्देश देते हुए गाजियाबाद के मजिस्ट्रेट संदीप सिंह द्वारा पारित दो विरोधाभासी आदेशों के लिए उनसे जानकारी तलब की। मामले की अगली सुनवाई आगामी 9 जुलाई को सुनिश्चित की गई है।

# मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे सिपाही की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुरादाबाद पीएसी 23वीं वाहिनी में तैनात था सिपाही आदेश

**अमृत विचार :** रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे पीएसी के सिपाही आदेश प्रजापति (32) की शनिवार दोपहर में मौत हो गई। कारण हीट स्ट्रोक बताया जा रहा है। उसे दस्त व सीने में दर्द की शिकायत पर लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सहारनपुर के सरसावा निवासी आदेश प्रजापति मुरादाबाद पीएसी 23वीं वाहिनी में जीडी लेखक के पद पर तैनात था। 11 मार्च को मुरादाबाद पीएसी की गारद लखनऊ आकर रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में रुकी थी। शनिवार दोपहर ड्यूटी के दौरान करीब 12.30 बजे उसे दस्त होने लगे। सिपाही ने सीने में दर्द के साथ कमजोरी की शिकायत की। इस पर साथी उसे लोकबंधु हॉस्पिटल ले गए। वहां से उसे सिविल अस्पताल रेफर किया गया, जहां पहुंचने के कुछ देर बाद सिपाही ने दम तोड़ दिया।

### शादी के बाद से नहीं मिली थी छुट्टी

आदेश 2019 में जीडी लेखक के पद पर भर्ती हुआ था। आदेश की शादी फरवरी में हुई थी। साथी सिपाहियों ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही ड्यूटी पर आ गया था। फिर सहारनपुर नहीं लौट सका था।

### न पंखा न कूलर

मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे पुलिस व पीएसी के सिपाहियों के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। रमाबाई रैली मैदान में ड्यूटी दे रहे सिपाहियों ने बताया कि यहां न पंखा लगा है और न कूलर। इस संबंध में पीएसी के बड़े अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## सरकारी वकीलों के लिए बीमा योजना बनाने पर विचार करे सरकार: हाईकोर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को सलाह दी है कि वह सरकारी वकीलों के लिए बीमा योजना बनाने पर विचार करे। इसके पूर्व न्यायालय ने पूछा था कि सरकार के पास हाईकोर्ट के सरकारी वकीलों के लिए ऐसी कोई योजना है जिससे दुर्घटना आदि की स्थिति में उनकी आर्थिक मदद की जा सके। इसके जवाब में न्यायालय को बताया गया कि फिलहाल ऐसी कोई स्कीम नहीं है। न्यायालय ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अधिवक्ता एचपी गुप्ता की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में हाईकोर्ट में तैनात नीरज चैरसिया के साथ हुई दुर्घटना के बाद इलाज में उनके परिवार के समक्ष आ रही आर्थिक समस्या का मुद्दा उठाया गया है।

# राम मंदिर ट्रस्ट के इंजीनियर को ईडी का फर्जी नोटिस

अयोध्या कार्यालय

- ईडी के सहायक निदेशक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण की निगरानी और सहयोग के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से नियुक्त इंजीनियर जगदीश शंकर आफले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का एक नोटिस मिलने का मामला प्रकाश में आया है। इंजीनियर की शिकायत पर प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ज़ोन ने प्रारंभिक जांच में नोटिस फर्जी मिला। सहायक निदेशक ने अज्ञात के खिलाफ थाना राम जन्मभूमि में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के इंजीनियर जगदीश आफले को गत माह लेटर हेड पर जारी हुआ प्रवर्तन निदेशालय का नोटिस मिला था। परेशान इंजीनियर ने सहायक निदेशक प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ कार्यालय में पत्र के साथ नोटिस की छायाप्रति भेज जानकारी मांगी थी। जिसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने प्रारंभिक जांच की तो उनको नोटिस फर्जी मिला। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय लखनउ में सहायक निदेशक के पद पर तैनात रूचीन कुमार ने ट्रस्ट इंजीनियर के शिकायती पत्र व नोटिस की छाया प्रति के साथ थाना रामजन्मभूमि पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में सहायक निदेशक का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय के लेटर हेड पर जारी नोटिस में किसी भी प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय का पता नहीं दिया गया है। हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का जो नाम दर्शाया गया है, उस नाम का कोई अधिकारी उत्तर प्रदेश के किसी प्रवर्तन कार्यालय में तैनात नहीं है।

## वर्ग पहेली-88

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।
5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतों
10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहाँ चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7. 1. कठिनता से घुसना।
9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।




### वर्ग पहेली -87 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

## सुडोकू-1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 4 | 8 | | |
| 5 | | 9 | | | 3 | | 6 | |
| | 3 | | 9 | | 1 | | | 5 |
| | | 1 | | | | 9 | | 2 |
| 3 | 9 | | | | | | 1 | 7 |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | |
| 1 | | | 6 | | 9 | | 7 | |
| | 4 | | 2 | | | 6 | | 1 |
| | | 8 | 5 | | | | | 9 |

### सुडोकू -166 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 3 जून 02.41 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष:** आज भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखें। लोग आपको गुस्सा दिलाने का प्रयास करेंगे। गुप्त शत्रु आपको काफी लंबा नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। ऋण लेने के कारण आपको परेशानी महसूस होगी।

**वृष:** आज परिवार का माहौल बहुत अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी में आय बढ़ने की संभावना बन रही है। बच्चों को लेकर कोई समस्या दूर होगी। परिस्थितियों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे काफी आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज प्रबंधन से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिलेगी। परिजन आपसे किसी गंभीर मामले पर चर्चा कर सकते हैं। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। मन में किसी बात को लेकर असुरक्षा हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज घर के बुजुर्ग आपसे काफी खुश रहेंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सेहत को लेकर सावधान रहें। धूप में निकलने से बचें। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। प्राचीन विद्याओं को सीखने की रुचि मन में हो सकती है।

**सिंह:** आज कार्यक्षेत्र में डाटा अथवा सूचनाओं में त्रुटियां हो सकती हैं। अपने कम्प्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी क्षमता से ज्यादा काम न करें। इससे एक तो आपके काम रुकेंगे दूसरा आपकी विश्वसनीयता में भारी कमी आ सकती है।

**कन्या:** आज अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। नए कार्यों की शुरुआत की योजना बना सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला:** आज अपने विरोधियों की गतिविधियों पर ध्यान रखना आवश्यक है। किसी अपरिचित व्यक्ति से आपको काफी मदद मिल सकती है। आप जॉब को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। मन में अज्ञात भय रहेगा। स्थान परिवर्तन को लेकर परिवार में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक:** आज व्यापारी अपने ग्राहकों को लेकर थोड़े कठोर हो सकते हैं। स्वार्थी भाव रखने के कारण कुछ लोग आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक मामलों को तूल न दें। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**धनु:** आज व्यक्तिगत कार्यों के लिए आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। घर के सदस्य भी असंतुष्ट हो सकते हैं। अपने घर की चर्चा बाहर वाले लोगों से करना उचित नहीं होगा। विरोधी आपका नुकसान करने की योजना बना सकते हैं।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। यदि आप अपने प्रेमी को विवाह के लिए प्रपोज करना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। संतान की उन्नति पर गर्व होगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आपका प्रभाव मजबूत होगा।

**कुंभ:** आज आप कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क करना चाहेंगे, किंतु ध्यान रखें गुप्त बातों को शेयर न करें। अनिर्णय की स्थिति में हैं तो अपने मित्रों से सहयोग ले सकते हैं। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया न करें। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे।

**मीन:** आज घर पर रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति पर निवेश करने के लिए समय शुभ है। नया कारोबार शुरू करने में सहयोगियों की मदद मिलेगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। कुछ अच्छी सूचनाएं मिलने से आपकी चिंता दूर होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 3 जून 01.40 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

- B4U Movies: लोहा — सुबह : 09.23; गुरुदेव — शाम : 04.26
- Sony Pix: स्पाइडर मैन — सुबह : 10.29; द अनहोली — रात : 07.26
- Sony Max: आजा नचले — सुबह : 09.50; हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06.00
- Zee Cinema: रॉकस्टार — सुबह : 10.00; आप तो ऐसे न थे — रात : 07.20
- Colors Cineplex: जॉनी दुश्मन — दोपहर : 12.05; स्पाई — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां-बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है?
बेटी - मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या?
बेटी खुश होके - हां मां बहुत पसंद है
मां - तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- भाई समोसा खाएगा?
मिंटू- नहीं, आज मेरा व्रत है।
चिंटू- भाई मेरी तरफ से है।
मिंटू- मीठी चटनी डालकर लाना

# मृत्यु से पहले दिया गया प्रामाणिक बयान दोषसिद्धि का हो सकता है एकमात्र आधार

## कांस्टेबल की पत्नी की हत्या का मामला: सजा बरकरार रखते हुए न्यायालय ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालत को विश्वास दिला सकने वाले 'मृत्यु-पूर्व प्रामाणिक बयान' पर भरोसा किया जा सकता है और यह बिना किसी पुष्टि के किसी आरोपी को दोषी ठहराने का एकमात्र आधार हो सकता है। महाराष्ट्र के बीड जिले में 22 साल पहले पुलिस कांस्टेबल पत्नी की हत्या के मामले में एक पूर्व सैन्यकर्मी की सजा बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की।

अदालत की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार न्यायालय ने कहा कि अदालत को मृत्यु-पूर्व बयान की सावधानीपूर्वक पड़ताल करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सुसंगत एवं विश्वसनीय हो तथा किसी के सिखाने पर न दिया गया हो। इसने कहा-जब मृत्यु-पूर्व दिया गया बयान प्रामाणिक और अदालत को विश्वास दिला सकने वाला हो तो उस पर भरोसा किया जा सकता है तथा यह बिना किसी पुष्टि के दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा-हालांकि, इस तरह के मृत्यु-पूर्व बयान को स्वीकार करने से पहले अदालत को संतुष्ट होना चाहिए कि यह स्वेच्छा से दिया गया है, सुसंगत और विश्वसनीय है तथा किसी के सिखाने पर नहीं दिया गया है। एक बार जब इस तरह के निष्कर्ष पर पहुंच लिया जाए तो जैसा कि पहले भी कहा गया है कि यह सजा का एकमात्र आधार बन सकता है। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि महिला के साथ उसके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने क्रूरता की थी। उसके हाथ-पैर बांधकर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी गई।



### फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने भी रखा था बरकरार

निचली अदालत ने 2008 में पति को हत्या के मामले में दोषी ठहराया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी तथा 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने महिला के मृत्यु-पूर्व बयान को वैध सबूत के रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सबूतों पर गौर करने के बाद इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि अपीलकर्ता अपराध करने का दोषी है। इसने कहा कि अपीलकर्ता को अपनी सजा पूरी करने के लिए दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है।

## न्यायालय ने लैंगिक संवेदीकरण पर समिति का किया पुनर्गठन

नआ दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अपनी लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) विनियम, 2013 के खंड 4(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में सभी सक्षम प्रावधानों के तहत, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली 12 सदस्यीय समिति की अध्यक्ष हैं। इस समिति में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं महालक्ष्मी पावनी भी शामिल हैं।

# राहुल ने अग्निपथ योजना को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने पत्र लिखकर जवानों के परिवारों के साथ भेदभाव किए जाने का लगाया आरोप



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को अग्निपथ' योजना के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा और आरोप लगाया कि इस योजना के चलते वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभ में भेदभाव हो रहा है। राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में अपवाद जरूरी है क्योंकि वह भारत के सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं और यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करता है।

राष्ट्रपति को लिखे अपने दो पन्नों के पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि वह उन्हें देश की सेवा में अपना जीवन न्यौछावर करने वाले अग्निवीरों को न्याय प्रदान करने की अपील के साथ लिख रहे हैं। उन्होंने अपना पत्र साझा करते हुए कहा-नियमित सैनिकों की तुलना में हमारे मारे गए अग्निवीरों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभों की प्रकृति और सीमा में भेदभाव पर आपको तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

कांग्रेस के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-यह अन्याय है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के हमारे सहयोगियों ने अग्निपथ योजना का कड़ा विरोध किया है और सरकार बनने पर इसे रद करने का वादा किया है।

### जिला अधिकारियों को फोन पर धमका रहे हैं अमित शाह: रमेश

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को दावा किया कि गृहमंत्री अमित शाह मतगणना से पहले जिला अधिकारियों से फोन पर बात कर रहे हैं और यह अफसरों को धमकाने का प्रयास है। कांग्रेस के इस आरोप पर फिलहाल सरकार या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, निवर्तमान गृहमंत्री आज सुबह से ज़िला कलेक्टर से फोन पर बात कर रहे हैं। अब तक 150 अफसरों से बात हो चुकी है। अफसरों को इस तरह से खुल्लमखुल्ला धमकाने की कोशिश निहायत ही शर्मनाक है और अस्वीकार्य है।

## एक नजर

### पंजाब में आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के अजनाला में बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता दीपिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और इस घटना में चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर अजनाला के लखुवाल गांव में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। अजनाला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बलबीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात जब कुछ लोग घर के बाहर बैठे थे उस दौरान यह घटना हुई।

### कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में लगी आग

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में कल देर रात आग लग गयी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आग पुलिस उपायुक्त कार्यालय तक फैल गयी जो थाना परिसर के समीप ही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12 :45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आयी जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयीं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन थाने के 15 कमरे एवं पुलिस बैरक आग में क्षतिग्रस्त हो गए।

## अधिक पानी के लिए हरियाणा को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 3 को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को राष्ट्रीय राजधानी के लिए जारी करे, ताकि यहां का जल संकट दूर किया जा सके। उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ द्वारा मामले की सुनवाई किये जाने की संभावना है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया है।

## कटरा में तंबाकू की बिक्री और सेवन करने पर रोक

जम्मू, एजेंसी

- शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए आदेश जारी

जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के कटरा शहर के उप-मंडल में प्रशासन ने सभी तरह के तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने, रखने और सेवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शनिवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, कटरा शहर श्री माता वैष्णो देवी का आधार शिविर है और हर साल एक करोड़ से अधिक लोग यहां आते हैं। कटरा शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए कटरा शहर के आठ किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री करने, रखने और सेवन पर पहले से ही प्रतिबंध है और अब तंबाकू पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है। आदेश में कहा गया, "सिगरेट सहित तम्बाकू (चबाने योग्य और न चबाने योग्य) उत्पादों का सेवन जन स्वास्थ्य के लिए काफी जोखिम पैदा करता है। यह कैंसर, श्वसन संबंधी बीमारियों और विभिन्न गंभीर बीमारियों में योगदान देता है।

# अदालत ने राहुल गांधी को 7 को पेश होने का दिया निर्देश

बेंगलुरु, एजेंसी

### मानहानि मामला

- कोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व शिवकुमार को दी जमानत



भाजपा द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने का निर्देश दिया और इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को जमानत दे दी। इस मामले के संबंध में राहुल गांधी को 7 जून को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है।

कथित झूठे विज्ञापनों पर मानहानि का मुकदमा भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने दायर किया था। सिद्धरमैया और शिवकुमार बेंगलुरू में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि गांधी, जिन्हें उपस्थित होना था, पेश नहीं हुए। भाजपा के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई और कहा कि गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वह दूसरी बार उपस्थित नहीं हुए हैं।

कांग्रेस के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि गांधी नयी दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में भाग ले रहे थे और वह लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार हैं। उन्होंने अदालत से शनिवार की सुनवाई से छूट मांगी और वादा किया कि कांग्रेस नेता अगली तारीख पर मौजूद रहेंगे। अदालत ने गांधी को छूट देते हुए उन्हें सात जून को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए मानहानि का मामला दर्ज कराया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिये। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार रेट कार्ड भी प्रकाशित किया था। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस पार्टी पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वे एक निजी शिकायत के सिलसिले में अदालत में पेश हुए थे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने कन्याकुमारी में पूरी की ध्यान साधना

कन्याकुमारी (तमिलनाडु), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कन्याकुमारी में तिरुवल्लुवर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। • एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की।

ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका द्वारा प्रतिमा परिसर गए और बाद में वह तट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मोदी ने 30 मई को यहां पहुंचने पर भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। स्मारक में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय सूर्य अर्घ्य दिया। सूर्य अर्घ्य के तहत भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। ध्यान साधना के लिए प्रधानमंत्री की कन्याकुमारी यात्रा का तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने विरोध किया।

प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने आरोप लगाया कि पर्यटकों को उस क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे स्थानीय व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ा है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थगई ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा-कोई व्यक्ति 14 कैमरों के सामने बैठकर ध्यान कैसे कर सकता है? क्या यह ध्यान है? यह ध्यान साधना चुनावी राजनीति को ध्यान में रखकर की गई है। कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और शनिवार को इसे पूरा कर लिया।

## दिल्ली सरकार को अग्नि सुरक्षा मानदंडों पर निर्णय लेने का निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को छोटे अस्पतालों और नर्सिंग होम के लिए नियमित अग्नि सुरक्षा ऑडिट और अग्नि सुरक्षा मानदंड तैयार करने के अनुरोध संबंधी दो प्रतिवेदनों पर शनिवार को निर्णय लेने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है जब हाल ही में नवजात शिशुओं के एक नर्सिंग होम में भीषण आग लगने की घटना में सात नवजात की मौत हुई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के मुद्दे को उठाने वाली दोनों याचिकाओं को सरकार द्वारा प्रतिवेदन के रूप में माना जाना चाहिए।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

### मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 – 106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी: 60से 70 रुपये चना कावली: 90 से 130 रुपये राजमा लाल: 130 से 140 रुपये राजमा चित्ता: 125 से 130 रुपये लोबिया लाल: 90से 110 रुपये लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड से जुटाएगी एक हजार करोड़ रुपये

नई दिल्ली। नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस द्वारा पूंजी संवर्धन और व्यवसायिक वृद्धि के लिए सिक्योर्ड बॉन्ड के सार्वजनिक निर्गम द्वारा 1,000 करोड़ रुपये जुटाये जाएंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन बॉन्ड पर उच्च सुरक्षा के साथ 10 .50 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया जा रहा है।

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री आठ प्रतिशत गिरी

नई दिल्ली। मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री मई में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत गिरकर 71,010 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 77,461 इकाई थी। कंपनी की घरेलू बिक्री मई में 10 प्रतिशत गिरकर 63,531 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 70,795 इकाई थी।

# शीर्ष 100 कंपनियां अफवाहों की बताएंगी सच्चाई

## सेबी का यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए भी होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी



बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों को एक जून से अपने संबंध में मुख्यधारा के मीडिया में आने वाली किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा। यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए लागू होगा।

सेबी के नियमों के तहत, इन कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बताई गई किसी भी असामान्य घटना या सूचना की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर करना होगा। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा कि इस कदम से ऐसी सूचना लीक होने से रोकी जा सकेगी, जो किसी खास कॉरपोरेट कार्यवाही में मूल्यांकन को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि सेबी की यह पहल अफवाह सत्यापन ढांचे को मजबूत करने और एक निष्पक्ष बाजार हासिल करने में मदद करेगी। इससे भारत दुनिया भर के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा बाजार बन जाएगा।

बाजार की अफवाहें स्टॉक की कीमतों में महत्वपूर्ण अस्थिरता का कारण बन सकती हैं, जिससे अक्सर ऐसे लेनदेन होते हैं जो किसी कंपनी के वास्तविक मूल्य को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। ये अफवाहें प्रबंधन परिवर्तन, ऑर्डर रद्दीकरण या वित्तीय स्वास्थ्य से जुड़ी हो सकती हैं।

### शेयरचैट, अन्य ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर आईएएमएआई की दलीलों का किया विरोध

नई दिल्ली। मैट्रिमोनी डॉट कॉम और शेयरचैट उन चार कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा कि वे डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर उद्योग निकाय आईएएमएआई की दलीलों से सहमत नहीं हैं। गौरतलब है कि चारों कंपनियां आईएएमएआई की सदस्य हैं। इनका दावा है कि आईएएमएआई की दलीलें पूरे डिजिटल स्टार्टअप इकोसिस्टम या 540 से अधिक इसके सदस्यों की राय को नहीं दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों के केवल एक छोटे से हिस्से ने मसौदा डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक (डीसीबी) के पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध और पश्चात नियमन व्यवस्था को जारी रखने से स्थापित खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और नवाचार को दबाने का मौका मिलेगा। पूर्व नियमन से तात्पर्य ऐसे नियमों से है, जो बड़े मंचों को कुछ खास तरह के आचरण में शामिल होने से पहले ही रोक देते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में कॉरपोरेट मामलों के सचिव मनोज गोविल को भेजे गए पत्र पर मैट्रिमोनी डॉट कॉम के संस्थापक मुरुगावेल जानकीरमन, होइचोई के सह-संस्थापक विष्णु मोहा, मैच ग्रुप के अधिकारी मॉर्गन कॉविन आदि ने हस्ताक्षर किए थे।

## तिलहन और दलहन फसलों में उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता

उदयपुर। राजस्थान में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है ।

डॉ कर्नाटक ने यह विचार यह तिलहनी फसलों में अनुसंधान को गति प्रदान करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि एमपीयूएटी ने कहा कि हमारे राष्ट्र ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है, लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है।

# यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों का समाधान नहीं है वर्क फ्रॉम होम: चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीसीएस के चेयरमैन ने कहा-लोगों को शिक्षित करने की है जरूरत



देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों से बचने के लिए घर से काम करना (वर्क फ्रॉम होम) कोई समाधान नहीं है। इसकी बजाय इस मामले में लोगों को शिक्षित करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान टीसीएस कर्मचारियों द्वारा रिपोर्ट की गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों की कुल संख्या 110 रही जो पिछले वर्ष 49 थी। हालांकि, आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि 2023-24 के आंकड़ों में कर्मचारियों की ओर से विश्व स्तर पर रिपोर्ट किए गए आंकड़े शामिल हैं जबकि 2022-23 के आंकड़े भारतीय परिचालन से जुड़े हैं। टीसीएस में 152 देशों के 6,01,546 कर्मचारी काम करते हैं, इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी 35.6% है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में एक शेयरधारक की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में चंद्रशेखरन ने कहा कि टीसीएस जैसी बड़ी कंपनी में ऐसे मामलों की इतनी संख्या हो सकती है। आगे उन्होने कहा कि ऐसे मामलों का सामधान वर्क फ्राम होम से नहीं बल्कि लोगों को शिक्षित करने से ही संभव है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300–55,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,600 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 90,100। |

## अडाणी पोर्ट ने तंजानिया का प्रमुख कंटेनर बंदरगाह 30 साल के लिए लिया

अहमदाबाद / अबू धाबी, एजेंसी

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के पूर्ण स्वामित्व की कंपनी अडाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया में दार एस सलाम बंदरगाहर में कंटेनर टर्मिनल-2 के संचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अडाणी पोर्ट्स की एक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया, दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क और रेलवे का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है। चार बर्थ वाले कंटेनर टर्मिनल 2 की वार्षिक माल लादने-उतारने की क्षमता 10 लाख कंटेन (20फुटे कंटेनर) है। इस टर्मिनल से 2023 में 8.2 लाख कंटेनरों की आवाजाही हुई थी जो तंजानिया में कुल कंटेनर की आवा-जाही का 83 प्रतिशत होने का अनुमान है। ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईगल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया है।

## कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटकर 5,200 रुपये प्रति टन

नई दिल्ली। सरकार ने शनिवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 5,700 रुपये से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दरें एक जून से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। यह कर ऊर्जा कंपनियों के मुनाफे पर लगाया जाता है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री चुनावों के कारण रही धीमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मारुति और हुंदै मोटर इंडिया के वाहनों के बिक्री में थोड़ी रही बढ़ोत्तरी



भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में मई में मामूली वृद्धि देखी गई। इसका कारण उच्च आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण मांग में कमी रहा। कंपनियों से डीलरों तक कुल यात्री वाहन आपूर्ति पिछले महीने चार प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,50,257 लाख इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,35,436 इकाई था।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में कुल बिक्री कुछ बढ़कर 1,44,002 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 1,43,708 इकाई थी। कंपनी ने पिछले महीने शुरुआती स्तर की और कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री में सालाना आधार पर गिरावट देखी। बहुपयोगी वाहनों- ब्रेजा, ग्रैंड विटारा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 की बिक्री मई में बढ़कर 54,204 इकाई हो गई, जो मई, 2023 में 46,243 इकाई थी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) पार्थो बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा-इस बात पर चर्चा हुई है कि इस साल वृद्धि दर बहुत अधिक नहीं होगी। उच्च आधार प्रभाव के कारण यह एकल अंक में रहेगी। दूसरी बात, चुनाव थे और भीषण गर्मी का भी मई में कुल बिक्री पर असर पड़ा। कंपनी की ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मई में घटकर 9,902 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,236 इकाई थी। इसकी प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) की मई में घरेलू वाहन बिक्री में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई।



चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, बोले- खेल का आनंद ले रहा हूं

# भारतीय जीत की कुंजी हैं बुमराह



**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट के मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का टी-20 विश्वकप में प्रदर्शन भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है। चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ने हाल के दिनों में मैदान पर सफल वापसी की है और टी-20 विश्व कप के दौरान वह उस लय को बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में दूसरे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब के लिए भारत की खोज में बुमराह को एक प्रमुख कुंजी के रूप में देखा जा रहा है। बुमराह 2022 और 2023 के बीच काफी समय तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहे। पिछले साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ वापसी की और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत की ओर से वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज थे जिन्होंने 18.65 की औसत से 20 विकेट लिए, जबकि उनकी इकॉनोमी केवल चार की थी। बुमराह भारत के लिए जीत की कुंजी हैं, जो अकेले मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं।

बुमराह ने कहा जब से मैं अपनी चोट से उबरा हूं, मैंने केवल जितना हो सके खेल का आनंद लेने पर ध्यान केंद्रित किया है। मैं खेल को लेकर अनिश्चितता के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि कुछ चीजें मेरे अनुकूल होंगी। कुछ चीजें मेरे अनुकूल नहीं होंगी। ये सभी चीजें मेरी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। मैं अंतिम परिणाम के बजाय उस पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उस पहलू में आप अपना दबाव कम करते हैं और खेल का आनंद लेते हैं। जब आप उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हे आप नियंत्रित नहीं कर सकते,तो परिस्थितियां जटिल हो सकती है।

### अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करता

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं। भारत के लिए टी-20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे। बुमराह ने कहा आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते। यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है। जब भी कोई मेरे पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं। बुमराह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक जानकारी का बोझ लिए बिना अपना मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण होता है।



# टी-20 विश्वकप में खुल कर खेले भारत: गांगुली

**कोलकाता, एजेंसी**

● पूर्व कप्तान बोले- गंभीर कोच पद के लिए बेहतरीन उम्मीदवार

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप मैचों की तैयारी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता पर भरोसा जताया है। गांगुली ने कहा हमें उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की सलाह दी और टी-20 क्रिकेट में छक्के मारने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा जो टीम सबसे ज्यादा छक्के मारेगी वह जीतेगी और भारत का हर बल्लेबाज लंबे छक्के मार सकता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या और जिस टीम में सूर्यकुमार यादव हैं, क्या वे कमजोर पक्ष हो सकते हैं। उन्होंने टी-20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता पर ध्यान दिया, जहां कोई भी टीम शीर्ष पांच में पहुंचने की क्षमता रखती है।

मैं भारतीय कोच रखने के पक्ष में हूं क्योंकि हमारे देश में अपार प्रतिभा है। हमारे देश में बेहद कुशल खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुमूल्य योगदान दिया है और उन्हें व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए। गांगुली से पूछा गया कि क्या कोच पद की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर इस भूमिका के लिए उपयुक्त व्यक्ति होंगे, उन्होंने कहा क्या गंभीर ने आवेदन किया है, क्योंकि पहले उन्हें आवेदन करना होगा और फिर उसके बाद ही वह यह पद हासिल कर पाएंगे।

मुझे लगता है कि 27 मई आवेदन की अंतिम तिथि थी। जाहिर है, बीसीसीआई के पास समय सीमा बढ़ाने का अधिकार है। अगर गंभीर आवेदन करते हैं और अगर वह चाहते हैं, तो वह बहुत अच्छे उम्मीदवार होंगे। आपने देखा होगा कि इस साल केकेआर के लिए उन्होंने किस तरह से काम किया। आप उनकी जीत की भूख और जुनून देख सकते थे और बोर्ड उन्हें यह पद सौंपने का फैसला करता है तो मुझे खुशी होगी। मेरा मानना है कि वह इस पद के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं।

## खेल डायरी



मुंबई में ब्लू ओशन कॉरपोरेशन इंटरनेशनल प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को किया गया सम्मानित। ● एजेंसी

### ताइवान ओपन में डीपी मनु ने जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं। मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया। वह अपने चौथे प्रयास में वैध थ्रो नहीं कर सके। यह प्रदर्शन हालांकि मनु के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.35 मीटर से बहुत दूर था। यह मौजूदा सत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास 82.06 से भी कम है, जो पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में आया था।

### डोरमी ओपन में प्रणवी संयुक्त बढ़त पर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपियन टूर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डोरमी ओपन में दूसरे दौर के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है। उन्होंने बारिश से प्रभावित पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला। प्रणवी इंग्लैंड की कारा गेनर (65-71) के साथ बढ़त बना ली है। प्रणवी पिछले सप्ताह जाबरा क्लासिक गोल्फ प्रतियोगिता से हटने से पहले इस सत्र में इस प्रतियोगिता में कट में जगह बनाने में सफल रही है। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (70-71) संयुक्त 15वें स्थान पर है और वह कट में आसानी से जगह बना लेंगी। पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर में अपना खेल शुरू नहीं किया है।

### शुभंकर ने यूरोपीय ओपन के कट में जगह बनाई



**हैमबर्ग (जर्मनी)।** शुभंकर शर्मा शनिवार को यहां यूरोपीय ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर दो दौर के खेल के बाद कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। पहले राउंड में तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ 73 का स्कोर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं। इस बीच वीर अहलावत (79-70) और ओम प्रकाश चौहान (75-76) कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### इंयिन ओपन ऑफ सर्फिंग में तमिलनाडु का दबदबा

**मंगलुरु।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन शनिवार को भी तमिलनाडु के सर्फर्स ने अपना दबदबा बनाये रखा और पुरुषों के ओपन श्रेणी में चारों फाइनल स्थान और महिला ओपन श्रेणी के फाइनल में दो स्थान हासिल किए। दूसरे दिन की शुरुआत पुरुषों के ओपन सर्फ श्रेणी के क्वार्टरफाइनल्स के साथ हुई, जहां सिवराज बाबू और तमिलनाडु के सर्फर्स ने बढ़त को जारी रखा, सिवराज ने दिन के सबसे अधिक अंक (15.17) इकट्ठे किए। इस श्रेणी में अन्य सर्फर्स जो सिवराज के साथ सेमीफाइनल्स में शामिल हुए वे संजैकुमार एस (12.83), संजय सेल्वमानी (11.63), अजीष अली (11.43), श्रीकांत डी (10.33), मणिवन्ना टी (9.40) थे। दिन की प्रक्रिया सर्फिंग ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू हुई, जहां हरीश पी, जो वर्तमान में भारत में 5वें स्थान पर हैं, ने 10.17 के साथ श्रेणी में उच्चतम स्कोर बनाया।

### दिनेश कार्तिक ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**चेन्नई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया। कार्तिक ने एक्स पर लिखा, काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं। तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाए हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 को आउट किया है।

# अभ्यास मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 60 रन से रौंदा

**न्यूयार्क, एजेंसी**

टी-20 विश्वकप के खिताब पर दूसरी बार कब्जे के इरादे से निकले भारतीयों ने शनिवार को अपने एकमात्र अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 60 रनों से रौंद दिया। अभ्यास मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाए जिसके जवाब में बांग्लादेश की 19.5 ओवर में नौ विकेट पर 121 रन ही बना सकी। पूरे मैच में भारतीयों के आगे बांग्लादेश किसी भी विभाग में नहीं टिके।

ऋषभ पंत ने मात्र 32 गेंदो में चार चौके और चार छक्के की मदद से 53 रन ठोके वहीं आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे हार्दिक पांड्या ने 23 गेंदों में दो चौके और चार छक्के की बदौलत 40 रन की नाबाद पारी खेली। शिवम दुबे (14) अपने अंदाज के अनुरुप छाप छोड़ने में विफल रहे वहीं संजू सैमसन भी अपने हाथ दिखाने में



सफल नहीं हुए। विस्फोटक सूर्य कुमार यादव अपने चिरपरिचित अंदाज से खेले और 18 गेंदों में चार चौकों की मदद से 31 रन बनाकर लौटे। रोहित शर्मा ने 23 रन बनाए। कप्तान रोहित ने 20 ओवर के खेल में आठ गेंदबाजों को हाथ खोलने का मौका दिया। शिवम दुबे ने दो विकेटों चटकाए वहीं अर्शदीप ने दो विकेट झटके। बुमराह, अक्षर, हार्दिक और जडेजा ने एक-एक विकेट बांटे। बांग्लादेश की ओर से महमूदउल्लाह (40) और शाकिब (28) ही कुछ समय तक भारतीय आक्रमण के सामने टिक सके।

# जीत की तलाश में उतरेगी वेस्टइंडीज

**जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी**

ईडन गार्डन्स में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी-20 विश्व खिताब जीतने के आठ से ज्यादा साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौंवे चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरूआत कर मजबूती हासिल करने की होगी।

ब्रेथवेट ने तब बेन स्टोक्स पर अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़े थे जिससे वेस्टइंडीज दो बार टी-20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। इससे पहले उन्होंने 2012 में खिताब जीता था, लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 2021 में उन्हें पांच में से चार मैच में हार मिली जिससे टीम सुपर 12 से



बाहर हो गई। इसके बाद तो हालत और खराब हो गए और ऑस्ट्रेलिया में 2022 चरण में वेस्टइंडीज कमजोर स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हारकर मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सकी। ईडन गार्डन्स में पिछला खिताब जीते हुए 2982 दिन हो गए हैं और अब जब टूर्नामेंट उनकी सरजमीं पर हो रहा है तो वे ट्राफी जीतने के लिए बेताब होंगे।

### कनाडा के खिलाफ अमेरिका का पलड़ा भारी

**डलास।** अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी-20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है। अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता। हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे।

# अल्काराज और सबालेंका ने जीते मैच

**पेरिस, एजेंसी**

स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज, यानिक सिनर और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया।

इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। एलिना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। रिबाकिना ने बेल्जियम की एलिसे मर्टन्स को हराया। सबालेंका ने पाउला बडोसा पर जीत हासिल की।

दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे



● फ्रेंच ओपन: स्टेफानोस सिटसिपास चौथे दौर में स्वियातेक, रिबाकिना और सिनर भी बढ़े आगे

दौर में जगह बनाई। अल्काराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौजकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला गैर वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से होगा। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की सेमीफाइनलिस्ट दयाना यास्त्रेम्स्का को 6-2, 6-4 से हराया, लेकिन उनकी हमवतन सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ओन्स जबूर से होगा। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जबूर ने 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज को 6-4, 7-6 (5) से हराया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लो पैक्वेट को 6-1, 6-3 से पराजित किया। चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना अब क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से होगा।

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला मार्टिनेज ने डैन एडेड और थियो एरिबेज की जोड़ी को तीन सेटों में हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालाजी और मार्टिनेज की जोड़ी ने एक घंटे 42 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की जाड़ी को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया।

# सेमीफाइनल में हार के बाद त्रिसा-गायत्री का सफर खत्म

**सिंगापुर, एजेंसी**

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सिंगापुर ओपन में स्वप्निल सफर शनिवार को यहां सेमीफाइनल में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। इस हार से भारत का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 में भी अभियान खत्म हो गया। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी की निगाहें शीर्ष 10 खिलाड़ियों पर जीत की हैट्रिक बनाने पर लगी थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री की जोड़ी जापान की खिलाड़ियों के आगे नहीं टिक सकीं जिन्होंने 47 मिनट में 23-21 21-11 से जीत हासिल की। जापान की जोड़ी ने इस तरह

**सिंगापुर ओपन**



फरवरी में एशिया टीम चैंपियनशिप में त्रिसा और गायत्री से सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। जापान की जोड़ी का भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड अब 3-1 हो गया है। त्रिसा और गायत्री ने इससे पहले दुनिया की दूसरे नंबर की बाएक हा ना और ली सो ही की जोड़ी को प्री क्वार्टर में और दुनिया की छठे नंबर की किम सो यियोंग और कोंग ही यंग की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में हराया था।

# भारत ने जर्मनी को हराया

**लंदन, एजेंसी**

भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी।

विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारत के अनुभवी गोलकीपर



पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया। भारतीय कप्तान ने 16वें मिनट में नीची फ्लिक जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टैडलर की ओर बढ़ाई जो बैरी एंथियस से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चली गयी। भारतीय टीम अब आठ जून को फिर से जर्मनी से भिड़ेगी जिसके बाद उसका सामना दो और नौ जून को ग्रेट ब्रिटेन से होगा।

# टीम की हार के बाद रो पड़े रोनाल्डो



**जेद्दा।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी।

### मुंबई सिटी एफसी ने ब्रैंडन के साथ किया करार

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने शनिवार को भारत के मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडिस के साथ तीन साल का अनुबंध किया, जो 2015 में आईएसएल की इस टीम के साथ संक्षिप्त समय बिताने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद सात साल तक एफसी गोवा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एफसी गोवा के लिए 130 मैचों में 17 गोल किए। इस दौरान गोवा की टीम ने 2019-20 में आईएसएल लीग शील्ड जीती। उन्होंने टीम को क्रमश: 2019 और 2021 में इंडियन सुपर कप और डूरंड कप जीतने में भी मदद की। गोवा के इस खिलाड़ी ने करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा मैं मुंबई सिटी एफसी में वापसी करके खुश हूं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# बाइडेन का दावा- इजराइल ने सीजफायर प्रस्ताव स्वीकारा

वाशिंगटन, एजेंसी

- कहा-अब जंग रोकने का वक्त आ गया, हमास में इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को दावा किया कि इजराइल ने एक नए सीजफायर प्लान को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइडेन ने कहा कि हमास अब इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं रखता है। इजराइल ने कहा है कि वो सभी बंधकों की रिहाई के बदले जंग खत्म करने को तैयार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बीच इजराइल का समर्थन करने पर बाइडेन की काफी आलोचना हो रही है। इस बीच व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम से उन्होंने कहा, अब जंग खत्म करने का वक्त आ गया है। बाइडेन ने कहा कि इजराइल ने जंग रोकने के लिए प्रोपोजल दिया है। हमास भी सीजफायर की मांग कर रहा है। यही वक्त है कि वो ये साबित कर दें कि वे सच में सीजफायर के लिए तैयार हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक हमास-इजराइल के बीच किसी भी तरह की सीजफायर बाइडेन की चुनावी कैंपेन में अहम भूमिका निभाएगी। ये उनकी फिकी पड़ती चुनावी कैंपेन को नया जीवनदान देगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस बात की भी काफी संभावनाएं हैं कि नेतन्याहू सीजफायर की बात से मुकर जाएं।

## अफगानिस्तान में नाव दुर्घटना में आठ की मौत, पांच लापता

**जलालाबाद।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार की एक नदी में शनिवार को नाव पलट जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य लापता हो गये। एक स्थानीय अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।

प्रांतीय सूचना विभाग के प्रमुख कुरैशी बडलून ने बताया कि दुर्घटना शनिवार सुबह हुई, जब नाव मोमंद दारा जिले के बसोल इलाके में नदी पार करते समय डूब गयी। उन्होंने बताया कि नाव में 26 लोग सवार थे। श्री बडलून ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की डूबने से मौत हो गयी। नाव में सवार 13 लोगों को बचा लिया गया, जबकि पांच अन्य लापता हैं। यात्रियों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। उन्होंने बताया कि अब तक आठ शव बरामद किये गये हैं।लापता लोगों की तलाश जारी है।

# किशोरावस्था में धूम्रपान की लत मौत को निमंत्रण



विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग तीन करोड़ 70 लाख बच्चे तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं। 2023 में, ई-सिगरेट अमेरिका में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला तंबाकू उत्पाद था, जिसमें 7.7% मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों ने ई-सिगरेट के उपयोग की सूचना दी थी। सिगरेट अगला सबसे आम था, 1.6% माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने में इसका सेवन किया था। शोध से पता चलता है कि ज्यादातर लोग तंबाकू का सेवन बचपन से ही शुरू कर देते हैं। रटगर्स विश्वविद्यालय में सामाजिक और व्यवहार विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर जॉन-पैट्रिक अल्लेम ने कहा मैं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हूं जो उन विभिन्न तरीकों का अध्ययन करता है जिनसे निगम किशोर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, वर्तमान परियोजनाएं किशोरों और युवा वयस्कों के बीच तंबाकू मार्केटिंग के जोखिम के स्रोतों की पहचान करने पर केंद्रित हैं।

### धूम्रपान दिमाग पर डालता है असर, हर अंग के लिए हानिकारक

धूम्रपान मानव शरीर के हर अंग के लिए हानिकारक है और अन्य समस्याओं के अलावा कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोग का कारण माना जाता है। ई-सिगरेट और खैनी जैसे उत्पादों में मौजूद निकोटीन, किशोरों के मस्तिष्क के विकास के लिए हानिकारक है। किशोर मस्तिष्क प्रारंभिक वयस्कता में विकसित होता है, विशेषकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में। मस्तिष्क का यह हिस्सा उच्च संज्ञानात्मक विकास में शामिल है, जिसमें ध्यान, स्मृति और संज्ञानात्मक लचीलेपन से संबंधित कार्य शामिल हैं। शोध से पता चला है कि निकोटीन के संपर्क से मस्तिष्क में दीर्घकालिक कार्यात्मक और संरचनात्मक परिवर्तन होते हैं। दशकों के शोध से पता चला है कि कैसे तंबाकू कंपनियां अपने व्यवसाय को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए वर्षों तक तंबाकू उत्पादों की मार्केटिंग करती रहीं।

### जागरुकता बढ़ाने की जरूरत

बच्चों और किशोरों को उन संदेशों से बचाने के लिए सिगरेट और ई-सिगरेट मार्केटिंग पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू और विस्तारित करना होगा जो उन्हें धूम्रपान और वेपिंग के लिए प्रोत्साहित करते हैं। युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए हर जगह अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। अधिकांश माता-पिता, शिक्षक और अन्य प्राधिकारी शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि युवा किस हद तक ऑनलाइन तंबाकू सामग्री के संपर्क में हैं, जिसमें तंबाकू विज्ञापन और सोशल मीडिया पर सहकर्मी-जनित पोस्ट शामिल हैं जो तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाते हैं।

### बदल रहा मार्केटिंग का तरीका

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिये तंबाकू कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीति को पत्रिकाओं, बिलबोर्ड और खुदरा स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों से ऑनलाइन चैनलों में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे युवा लोगों की ओर से स्क्रीन पर बिताए जा रहे समय का फायदा उठाया जा रहा है। तंबाकू कंपनियों ने ब्रांडेड सोशल मीडिया अकाउंट पेजों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद से ऑनलाइन तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाने में मदद की है।

## एक नजर

### ज़िज़ांग के नागकू में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया

**बीजिंग/ल्हासा।** दक्षिण पश्चिम चीन के जिजांग स्वायत्त क्षेत्र में नागकू शहर के न्यिमा काउंटी में शनिवार सुबह 8:46 बजे (बीजिंग समय) 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र 34.14 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 86.36 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 8 किमी की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र न्यिमा काउंटी सीट से 275 किमी दूर और क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से 672 किमी दूर स्थित है।

### ड्रोन हमले में अमेरिका समर्थित 4 लड़ाके मारे गये

**सीरिया।** उत्तरी सीरिया में शुक्रवार शाम को तुर्की के ड्रोन हमले अमेरिका समर्थित चार लड़ाके मारे गये जबकि 11 नागरिक घायल हो गये। कुर्द की अगुवाई वाले बल ने यह जानकारी दी। अमेरिका समर्थित एवं कुर्द की अगुवाई वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) पर इस हमले से एक दिन पहले ही तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा था कि कुर्द की अगुवाई वाले समूह यदि स्थानीय चुनाव कराने की अपनी योजना पर आगे बढ़ते हैं तो उनकी सरकार उन पर कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी।

### ईरान ने अधिकारियों ने प्रतिबंधों की निंदा की

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शुक्रवार को कई ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा की। कनानी ने कहा कि यूरोपीय संघ ने गाजा में इजरायली युद्ध अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए इजरायल को दंडित करने के बजाय, कुछ ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं को अपनी प्रतिबंधों की सूची में शामिल किया था जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी और प्रभावी थे।

### मिशेल ओबामा की मां मारिया का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारियां शील्ड्स रॉबिन्सन का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष की थी। वह अपने दामाद बराक ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनके परिवार के साथ व्हाइट हाउस में ही रही थीं। 'व्हाइट हाउस' अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय है। मिशेल ओबामा और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक बयान जारी कर रॉबिन्सन के निधन की जानकारी दी।

# दक्षिण अफ्रीका में बहुमत पाने से चूकी एएनसी पार्टी

## रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने 30 साल बाद गंवाया बहुमत

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

- पहली बार बनेगी गठबंधन सरकार, राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है



बहुमत न मिलने से निराश एएनसी नेता व राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा।

दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को हुए आम चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। यहां हुए ऐतिहासिक चुनाव के परिणाम में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसद में बहुमत नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने इस तरह 30 साल में पहली बार बहुमत गंवा दिया। चुनाव के लिए 99.5 प्रतिशत मतगणना हो चुकी है और सत्तारूढ़ एएनसी को 40% से अधिक मत मिले है जो बहुमत से कम है।

राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 30 साल पहले 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो दिया। निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की औपचारिक रूप घोषणा नहीं की है। विपक्षी दलों ने इसे गरीबी और असमानता से जूझ रहे देश के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया। एएनसी हालांकि किसी तरह सबसे बड़ी पार्टी बनी रही, लेकिन अब उसे सरकार में बने रहने और राष्ट्रपति रामाफोसा को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनने के लिए गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी। राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है। इस परिणाम से दक्षिण अफ्रीका में एएनसी का तीन दशक से चला आ रहा प्रभुत्व समाप्त हो गया, लेकिन अफ्रीका की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्था के लिए आगे का रास्ता जटिल है क्योंकि अभी तक कोई गठबंधन सहयोगी वार्ता के वास्ते तैयार नहीं है। मुख्य विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक अलायंस को लगभग 21 प्रतिशत वोट मिले। पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की नई एमके पार्टी अपने पहले चुनाव में 14 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से दूर

सरकार बनाने के लिए वार्ताओं का दौर शुरू होने वाला है और संभवत: वे जटिल होंगी। एमके पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते के लिए उनकी शर्तों में से एक यह है कि रामाफोसा को एएनसी नेता और अध्यक्ष के पद से हटा दिया जाये। एमके पार्टी के प्रवक्ता नहलामुलो एन्डलेला ने कहा हम एएनसी के साथ बातचीत करने को तैयार हैं, लेकिन सिरिल रामाफोसा की एएनसी के साथ तैयार नहीं हैं। राष्ट्रीय चुनाव में 50 से अधिक पार्टियों ने भाग लिया था। एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से बहुत दूर है और ऐसी संभावना है कि उसे तीन मुख्य विपक्षी दलों में से किसी एक से संपर्क करना होगा।

## साइबर ठगों ने नोएडा के व्यवसायी से नौ करोड़ ठगे

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यवसायी से 9.9 करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस अनुसार, एक महीने पहले पीड़ित को व्हॉट्सऐप समूह में जोड़ा गया था और फिर एप डाउनलोड करा शेयर बाजार कारोबार में फर्जी मुनाफे का लालच देकर ठगी को अंजाम दिया गया।

उसने बताया कि शुक्रवार को सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कारोबारी के खाते में 1.62 करोड़ रुपये के लेनदेन को रोक दिया गया है। उसने बताया कि जांच जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध पुलिस थाना) विवेक रंजन राय ने कहा सेक्टर-40 ब्लॉक-बी के रजत बोथरा ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को उन्हें व्हॉट्सऐप समूह पर जोड़ा गया।

समूह में शेयर बाजार कारोबार के मुनाफे के बारे में बताया जाता था। उन्होंने 27 मई तक शेयर बाजार कारोबार में 9.09 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, इसके बाद उनका (ट्रेडिंग) खाता बंद हो गया। राय ने कहा जब हमें शिकायत मिली तो हमने तुरंत जांच शुरू कर दी और हम उनके बैंक खाते से 1.62 करोड़ रुपये का लेन-देन रोकने में कामयाब रहे।

## पुणे कार हादसा

# रक्त के नमूने बदलने पर नाबालिग की मां गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी

- पुलिस ने मां की मौजूदगी में नाबालिग से एक घंटे पूछताछ की

पुणे पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया जा सकता है। शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाबालिग की मां को इस बात की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया कि किशोर के रक्त नमूने उसके रक्त नमूने से बदले गए थे।

पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की जहां उसे 5 जून तक रखा गया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दुर्घटना की जांच का हवाला देते हुए बताया कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवडे ने पुलिस के नाबालिग से पूछताछ करने से पहले कहा हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में सुधार गृह के भीतर पूछताछ करेंगे। किशोर न्याय बोर्ड ने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को पुलिस को अनुमति दी थी। किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में ही की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने मामले में गहन जांच का दिया आश्वासन

**जबलपुर।** पुणे में नाबालिग चालक की पोर्श गाड़ी से हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाली आईटी पेशेवर अश्विनी कोष्टा के पिता ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जबलपुर भेजे गए विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) ने मुख्यमंत्री शिंदे से फोन पर बात कराई। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को तेज रफ्तार पोर्श कार ने मध्य प्रदेश की निवासी 24 वर्षीय अश्विनी कोष्टा और उसके दोस्त अनीश अवधिया की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी।

## अमेरकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाला छात्र बाइडेन से मिला



**वाशिंगटन।** स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के चैंपियन ब्रुहत सोम समेत फाइनल में जगह बनाने वाले सात अन्य प्रतिभागियों को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया गया जो इन किशोर प्रतिभाओं के लिए जीवन का अहम अनुभव रहा।

फ्लोरिडा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र ब्रुहत (सातवीं कक्षा के विद्यार्थी) को बृहस्पतिवार को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद और अन्य पुरस्कार दिए गए। एक दिन बाद, उन्हें व्हाइट हाउस ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनसे मुलाकात की।

पीली टी-शर्ट और माथे पर लाल तिलक लगाए ब्रुहत के साथ सात अन्य प्रतिभागी और उनके माता-पिता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फाइनल में जगह बनाने वाले चार अन्य प्रतिभागी भी भारतीय अमेरिकी हैं।

# चीन ने ताइवान को दी धमकी कहा- कभी आजाद नहीं होने देंगे

बीजिंग, एजेंसी

- केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल ने दिया बयान

चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जिंग जियानफेंग ने शनिवार को कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ताइवान को कभी भी स्वतंत्र होने या अलग होने की अनुमति नहीं देगी।

सिंगापुर में आईआईएसएस शांगरी-ला डायलॉग के मौके पर जिंग ने यह बयान दिया। ताइवान की आजादी युद्ध के समान है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पीएलए सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी। साथ ही पुनर्एकीकरण को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सेना चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी। इससे पहले दिन में चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून ने शांगरी-ला डायलॉग के इतर अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने ताइवान जलडमरूमध्य में चीन की नवीनतम गतिविधियों, यूक्रेन के आसपास की स्थिति और अंतरिक्ष पर चर्चा की।

## पासिंग आउट परेड



चेन्नई के ताम्बरम वायु सेना स्टेशन पर संयुक्त पासिंग आउट परेड के दौरान अग्निवीर वायु प्रशिक्षु ने सलामी दी। 234 महिलाओं सहित 1983 अग्निवीर वायु प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए। ● एजेंसी

# अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित

सिंगापुर, एजेंसी

- अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा- दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आएगी

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है तथा दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आयेगी। ऑस्टिन ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में एक प्रतिनिधि के प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की।

हर साल सिंगापुर में आयोजित होने वाला सांगरी ला डायलॉग एशिया का एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधियों से कहा फिलहाल भारत के साथ जो हमारा संबंध है, वह पहले जितना ही अच्छा या उससे भी बेहतर है। उन्होंने कहा हम भारत में बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है। इसलिए मैं मानता हूं कि जो गति मुझे नजर आती है, वह न केवल बनी रहने वाली है बल्कि एक वक्त पर इसमें तेज भी आएगी।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संबंध में ऑस्टिन ने कहा इस क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ मिलकर हम राष्ट्रीय बाधाओं को तोड़ रहे हैं तथा अपने रक्षा उद्योग को बेहतर तरीके से एकीकृत कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अहम भूमिका निभाता रहेगा।

## बॉलीवुड हलचल

### कार्तिक आर्यन के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा : कबीर

**मुंबई।** अभिनेता कबीर का कहना है कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। इस फिल्म में कबीर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। भूल भुलैया 3 की शूटिंग पूरी हो गई है। कबीर ने कहा भूल भुलैया 3 में काम करना किसी रोमांच से कम नहीं रहा है। हमने फिल्म बनाने में जीजान लगा दी है। मुझे यकीन है कि फिल्म दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी सर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियोज द्वारा निर्मित भूल भुलैया 3 इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है।

### बिग बॉस ओटीटी-3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 को होस्ट करेंगे। जिसकी अनाउंसमेंट हो चुकी है। इस बार सलमान खान किन्हीं कारणों से होस्ट करेंगे। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरे सीजन जल्द शुरू होने वाला है, जिसका प्रोमो सामने आ चुका है। बिग बॉस ओटीटी 3 जियो सिनेमा पर प्रीमियर होने के लिए तैयार है। शो के प्रोमो और टीजर में अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस का आजाग जून में ही होगा।

## आईएसआईएस संदिग्धों का आका गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की पुलिस ने आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। डेली मिरर पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने पुष्पराजा उस्मान (46) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था और उसका एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें जनता से उसके बारे में जानकारी मांगी गई थी। पुलिस ने बताया कि माना जाता है कि उस्मान ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किए गए चार लोगों से टेलीफोन पर संपर्क किया था।

## खगोल विज्ञान

जलवायु परिवर्तन को लेकर भौतिकी शोध में किया गया दावा

# जलवायु को प्रभावित करने में गुरुत्वाकर्षण बड़ी वजह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे जलवायु में बदलाव आ रहे हैं, वैसे वैसे पृथ्वी व अन्य ग्रहों के बीच चेताने वाले शोध सामने आ रहे हैं। हाल में भौतिकी आधार पर हुए शोध में सामने आई जानकारी के अनुसार गुरुत्वाकर्षण मंगल और पृथ्वी पर जलवायु व समुद्री धाराओं में बदलाव लाने का बड़ा कारण है।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय और पेरिस में सोरबोन विश्वविद्यालय के भू-वैज्ञानिकों ने भौतिक आधार पर साक्ष्य जुटाए हैं। जिसमें बताया गया है कि पृथ्वी और मंगल की कक्षाओं में 2.4 मिलियन वर्ष में बदलाव आता है। जिस कारण जलवायु में बड़ा परिवर्तन आता है। दरअसल गुरुत्वाकर्षण के कारण गर्म महासागरों के परिणामस्वरूप गहरा परिसंचरण अधिक तीव्र होता है।



पृथ्वी और मंगल गृह की तस्वीर। ● अमृत विचार

ध्यान रहे कि मंगल ग्रह में भी कभी गहरे विशाल सागर नदियां बहा करती थी, जो आज समाप्त हो चुके हैं। यह शोध नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है। इस खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन गहरे समुद्र के कोर में खुदाई करनी पड़ी। इससे पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव की जानकारी जुटाई गई। इससे समुंदर की जलधराओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जो जलवायु परिवर्तन में गहरा असर डाल सकता है। इसकी सबसे बड़ी वजह मंगल और पृथ्वी के बीच जुड़े गुरुत्वाकर्षण है, जो एक दूसरे की कक्षा को प्रभावित करती हैं।

सिडनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एड्रियाना डुट्किविज़ का कहना है कि गहरे समुद्र तलछटी में 2.4 मिलियन वर्षीय चक्र के दौरान मंगल और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने की परस्पर क्रिया के चक्रों से गहरे जुड़े हुए हैं, जो मंगल व पृथ्वी के गहरे समुद्र की धाराओं को मजबूत और कमजोर करता है। बहरहाल पृथ्वी की जलवायु के भविष्य के लिए मंगल व शुक्र ग्रह पर शोध करने होंगे।

### कहां गायब हुआ मंगल का वातावरण

वैज्ञानिक मानते हैं कि कभी मंगल पर पृथ्वी की तरह वातावरण रहा होगा और जलवायु पृथ्वी की तरह रही होगी, बारिश व बर्फबारी भी होती होगी। तभी नदियां बहा करती होंगी। मगर अब मंगल वीरान हो चुका है। इसकी वजह समझने को वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। इस रहस्य का खुलासा होने के बाद, पृथ्वी के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकेगा।